वर्ष-31, अंक- 255, पृष्ठ-12 | असाढ़ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
02 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## एक नजर

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**हजारीबाग।** जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई है। एसीबी की टीम ने चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी सतीश कुमार को चार हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सतीश कुमार पर ममता वाहन के बिल का भुगतान करने के बदले चार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, ममता वाहन के मालिक उज्जवल सिंह (बाददादपुर गांव निवासी) ने एसीबी में इसको लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उज्जवल सिंह के अनुसार, ममता वाहन से संबंधित तीन-चार महीने का बिल बकाया था, जिसकी कुल राशि लगभग 25 हजार रुपए थी। इन बिलों का भुगतान करवाने के लिए केंद्र प्रभारी सतीश कुमार ने उनसे रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की पूरी जांच की। जांच में पुष्टि होने के बाद हजारीबाग एसीबी की टीम ने सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## टंडवा में युवक को पोल से बांधकर की गई बेरहमी से पिटाई, वीडियो वायरल होने के बाद भड़का जनाक्रोश

- हजारीबाग निवासी पीड़ित ने लगाया जानलेवा हमले का आरोप, सख्त कार्रवाई की मांग

शशि पाठक



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी गेट नंबर-2 के पास एक युवक को लोहे के पोल से बांधकर बर्बरतापूर्वक पीटने का मामला सामने आया है। यह शर्मनाक घटना 28 जून (शनिवार) की है, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। पीड़ित युवक आशीष पासवान, जो हजारीबाग के हुरहुरू का निवासी है, और सिरसी निवासी मोनू कुमार ने टंडवा थाना में आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि वे एनबीईटी ट्रांसपोर्ट कंपनी में वाहन चालक हैं। किसी आवश्यक दस्तावेज की फोटोकॉपी कराने वे पास की एक दुकान पर गए थे। लेकिन अगले दिन फोटोकॉपी दुकानदार सचिन गुप्ता और उनके पिता सुनील गुप्ता ने उन पर 40,000 रुपये हैक कर लेने का झूठा आरोप लगाकर लोहे के खंभे से बांधा और बेरहमी से मारपीट की। इस पूरे कृत्य का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें युवक को पोल से बंधे हुए पिटते देखा जा सकता है, जबकि आसपास मौजूद लोग मूकदर्शक बने रहे। मारपीट की सूचना पर पुलिस ने पीड़ितों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया है। वहीं पीड़ितों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने इसे मानवता और कानून के खिलाफ बताते हुए सख्त प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि किसी भी सूरत में भीड़ शेष पेज 11 पर...

## सड़क नहीं, कंधों पर जिंदगी! बीमार महिला को 5 किमी बहंगी में ढोया

- पक्की सड़क के अभाव में ग्रामीणों ने बीमार महिला को जंगल-पहाड़ पार कर अस्पताल पहुंचाया



**गुमला।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत टुडूरमा गांव की एक बीमार महिला को सड़क सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बहंगी में उठाकर पांच किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ा। घटना सोमवार को हुई जब गांव की सुभद्रा देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। गांव तक कोई वाहन नहीं पहुंचने के कारण परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर जंगल, पहाड़ और कीचड़ भरे रास्तों से महिला को बहंगी में लादकर शेष पेज 11 पर...

# 3.5 करोड़ नौकरियों के अवसर, 1 लाख करोड़ रुपए की रोजगार प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी



केंद्रीय कैबिनेट की बैठक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंजूरी दे दी है। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी, जिसका कुल बजट परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए है। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक महीने तक का वेतन 15,000 रुपए तक मिलेगा, वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को दो वर्ष के लिए विस्तारित लाभ दिया जाएगा। ईएलआई योजना का 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ लक्ष्य दो वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार वर्कफोर्स में प्रवेश करने वाले होंगे। इस योजना का लाभ 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।
यह योजना दो भागों में लाई जा रही है, जिसमें पहला भाग पहली बार आवेदन करने वालों पर केंद्रित है और दूसरा भाग नियोक्ताओं पर केंद्रित है। पहले भाग के तहत, ईपीएफओ के साथ पंजीकृत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए एक महीने का ईपीएफ वेतन 15,000 रुपए तक दो किस्तों में दिया जाएगा। 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारी पात्र होंगे।पहली किस्त 6 महीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद दी जाएगी। बचत को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रोत्साहन का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए जमा खाते के बचत साधन में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद की तारीख में निकाला जा सकता है। इस भाग के तहत पहली बार नौकरी पर आने वाले लगभग 1.92 करोड़ कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। cदूसरे भाग के तहत, सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर शेष पेज 11 पर...

## पांकी विधायक शशिभूषण मेहता से 1.27 लाख की ठगी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड में बीते कुछ दिनों से साइबर ठगी के कई मामले सामने आ रहे हैं। लोगों को लालच देकर अलग-अलग तरीकों से अपने झांसे में फंसाया जा रहा है। अब तो साइबर ठगों की हिम्मत इतनी बढ़ गयी है कि उन्होंने विधायक तक को अपने झांसे में ले लिया। पांकी विधायक शशिभूषण मेहता को अपने जाल में फंसा कर साइबर ठगों ने उन्हें 1.27 लाख रुपए का चूना लगा दिया। विधायक ने मामले को लेकर साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**गाड़ियों की नीलामी के नाम पर ठगी :** विधायक ने आवेदन में बताया कि बीते गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे उन्हें रितेश कुमार नामक एक व्यक्ति ने कॉल किया। उसने खुद को जीएसटी कस्टम अधिकारी बताया और कहा कि पश्चिम बंगाल के मालदा में जीएसटी कस्टम विभाग द्वारा जब्त गाड़ियों की नीलामी की जा रही है। इसके बाद उसने विधायक के व्हाट्सऐप पर गाड़ियों की तस्वीर भेजी और बताया कि फॉर्च्यूनर गाड़ी की कीमत 12.70 लाख रुपए है।

## गढ़वा में फोरलेन उद्घाटन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त, डीआईजी ने किया स्थल निरीक्षण



- 3 जुलाई को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन, प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप

**गढ़वा।** आगामी 3 जुलाई को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा गढ़वा के हूर मोड़ में फोरलेन सड़क का उद्घाटन प्रस्तावित है। इसे लेकर सोमवार को पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने कार्यक्रम स्थल और बिरसा मुंडा हेलीपैड का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी नौशाद आलम ने गढ़वा एसपी अमन कुमार और अन्य शेष पेज 11 पर...

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




संजय सेठ ने कहा - पीएम ने रांची को दी 558 करोड़ की सौगात

## रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण कल



- केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी करेंगे लोकार्पण

**रांची।** तीन जुलाई को रातू रोड में नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने रांचीवासियों को 558 करोड़ रुपए के एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात दी है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को अरगोड़ा स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि तीन जुलाई को रातू रोड के ओटीसी ग्राउंड में सुबह 11 बजे लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री शेष पेज 11 पर...

झारखंड में नक्सल उन्मूलन को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

## माओवादियों के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड में नक्सल उन्मूलन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ माईकलराज एस, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), झारखंड ने की। बैठक में राज्य और केंद्रीय सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में मनोज कौशिक (प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, रांची), साकेत कुमार सिंह (आईजी, सीआरपीएफ, झारखंड सेक्टर, रांची), अनुप बिरथरे (आईजी, झारखंड जगुआर), प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक (पलामू/बोकारो), क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक (पलामू, बोकारो, हजारीबाग) के साथ-साथ नक्सल प्रभावित जिलों – गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, बोकारो, सरायकेला और खूंटी के पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी शामिल रहे।



शेष पेज 11 पर...

## गढ़वा अदालत ने महिला समेत तीन को सुनाई उम्रकैद की सजा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ आशुतोष कुमार पाण्डेय की अदालत ने मंगलवार को एक चर्चित हत्या मामले में मेराल थाना क्षेत्र के रजबंधा गांव के तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इनमें दो पुरुष दिनेश पासवान, नीरज पासवान और एक महिला रीना देवी शामिल हैं। तीनों दोषियों पर 10,000 का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला मेराल थाना कांड संख्या-254/2020, दिनांक 17 सितंबर 2020 से संबंधित है। पीड़िता आशा कुमारी के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि अभियुक्तों ने डायन बताकर उसकी दादी रुक्मणी कुंवर के साथ मारपीट की। इस दौरान जब आशा कुमारी के पिता अनिल पासवान बीच-बचाव करने पहुंचे, तो तीनों ने मिलकर

## इंडिया

# एंकर खड़ा बाजार में मांगे खुद की खैर

ए भारत में 24X7 एक से बढ़कर एक ध्वनि प्रभावों के साथ नाटकीय,चमकदार और ब्रेकिंग न्यूज से सजे खबरिया चैनल पत्रकारिता के नए आयाम गढ़ रहे हैं . इसी दौड़ में नए इंडिया एलायंश ने कथित भेदभाव करने वाले 14 एंकर की सूची जारी कर बक़ायदा आदेश निकाला कि इनके कार्यक्रमों में एलायंस के प्रवक्ता भाग नहीं लेंगे और एक नई खबर जोड़ दी .इसमें सालाना करोड़ों वेतन पाने वाले स्टार एंकर भी हैं . यह एक अभूतपूर्व घटना है क्योंकि आजतक मीडिया से मधुर संबंध बनाकर ही राजनैतिक पार्टियां सफलता की सीढ़ियां चढ़ती रहीं थीं .इस बदले युग में नेता भी याचक नहीं और मीडिया भी बाजार के दबाव से मुक्त नहीं.जिस देश में बैंक का ऋण और शिक्षा उत्पाद मान लिया जाए वहां आधुनिक मीडिया के प्रतीक एंकर को समाज निष्पक्षता का चेहरा मानने को तैयार नहीं. पर एंकर या मीडिया की निष्पक्षता ही उसकी विश्वसनीयता की पूंजी होती है वह दबाव के बावजूद अपना अस्तित्व बचाने का प्रयास तो करेगा ही वरना उसके पाठकों या दर्शकों की संख्या कैसे बढ़ेगी ? दरअसल यह पाठक संख्या या टीआरपी ही असली ताकत है जो विज्ञापनों के रूप में उसे आर्थिक रूप से मजबूत करती है . आजकल सरकारें विज्ञापनों के दबाव में बहुत हद तक बाजार की तरह मीडिया को नियंत्रित करती हैं .इलेक्ट्रॉनिक की तुलना में प्रिंट मीडिया ने उसका अधिक निडरता से मुकाबला किया है जिस कारण आज भी उसकी अधिक विश्वसनीयता बची हुई है .इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को अधिक देर तक दर्शकों को बांधे रखने के लिए बहुत से ऐसे शो करने पड़ते हैं जिनसे कुछ हद तक प्रिंट बचा हुआ है. जिस तरह बड़े विज्ञापन दाताओं के परोक्ष दबाव में मीडिया रहती है उसी प्रकार टीवी चैनल भी हैं .कुछ टीवी चैनल कुछ विशेष राज्यों के सरकारी विज्ञापन दिन रात दिखाते हैं और उन राज्यों को उपकृत करने या अधिक कवरेज देने से गुरेज नहीं करते जबकि किसी पार्टी या विशेष विचारधारा के लोगों को कई बार समय समाप्त हो रहा है या ब्रेक का टाइम हो गया जैसे बहानों से कम महत्व दिया जाता है. यह आरोप लगाने वाले लोग भी अपनी पसंद के चैनल में यही करते रहे हैं और सोशल मीडिया पर इन्हें लताड़ा भी गया. देश की गंभीर समस्याओं और जनता के दुःख दर्द से परे इन टीवी बहसों के विषय अक्सर बहुत ही सतही या पीआर एजेंसी के तैयार किए हुए किसी पार्टी के नेता द्वारा जानबूझकर उछाले हुए होते हैं .किसी धर्म किसी विवादास्पद बयान पर हफ्तों तक चर्चा होती और इन बहसों में पार्टियों के प्रवक्ता मुद्दे पर पूछे गायक सवालों के जवाब न देकर अपनी विरोधी पार्टी के पुराने मुद्दे उठाते हैं या अपनी पार्टी का गुणगान करते हैं .इन बहसों में कई बार मारपीट तक की नौबत आ गई थी .धर्म पर टिप्पणी को लेकर एक बड़े अंग्रेजी चैनल में हुई बहाव में विवाद इतना बढ़ा या बढ़ाया गया कि कई देश इसमें शामिल हो गए .सोशल मीडिया को खाद पानी इससे मिलता है और जाति धर्म की भावना उभार कर राजनीति करने वाली पार्टियों को ऐसे मुद्दों की तलाश रहती है . सभी पार्टियां इसमें कूद पड़ती हैं क्योंकि उससे गरीबी,बेरोजगारी और महंगाई से जुड़े मुद्दे दब जाते हैं .मनोवैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर पीआर एजेंसियां इन्हें तैयार करती हैं और भोली भाली जनता फिल्मों में विलेन की पिटाई की तरह इन नाटकों को देखकर खुश होती है .उन्हें लगता है कि उनकी मनपसंद पार्टी के नेता ने विरोधी को धोया .कई बार सोशल मीडिया पर लाखों व्यूज इस नाथ के मिलते हैं कि फ़लां एंकर ने उस नेता को कैसे धोया ! इन बहसों ,टॉक शो या इंटरव्यू में कई बार कथित रियलिटी शो की तरह मुद्दे तय रहते हैं .सफल एंकर उसे माना जाता है जो आकर्षक हो और उसे ऐसे संचालित करे कि वह दिलचस्प भी हो और फिल्मों के जोरदार डायलॉग की तरह सनसनीख़ेज़ हो . सनसनी की तलाश में लोग ऐसे शो में टूट पड़ते हैं और टीआरपी में उछाल आ जाता है जबकि आकाशवाणी,दूरदर्शन या गंभीर विषयों पर बहस कराने वाले टीवी चैनल अपेक्षाकृत कम देखे जाते हैं . इन एंकर पर सवाल उठाने वाले लोगों में वे भी शामिल हैं जिन्होंने 2011 में पीएम मनमोहन सिंह का चुने हुए संपादकों का वह इंटरव्यू देखा होगा जब एक टीवी चैनल की मालकिन और संपादक ने सवाल पूछा था कि आपका पसंदीदा क्रिकेट खिलाड़ी कौन है ? एंकर तो हमारे समाज का वह पैरामीटर है जिसे हमने जैसा गढ़ा है तय किया है वैसा दिख रहा है .वैसे एंकर या रिपोर्टर किसी भी माध्यम का हो चूंकि वह सामने रहता है तो लोग उसे ही उस संस्थान का प्रतिनिधि मान लेते हैं और उससे अपेक्षाएं भी बहुत रहती हैं . बहुधा सरकारों या व्यवस्था से पीड़ित या निराश लोग मीडिया के पास आते हैं और यह मान कर चलते हैं कि उनकी लेखनी या स्वर से उनकी आवाज बुलंद होगी और वहां तक पहुंचेगी जहां से उनकी समस्याओं का समाधान होना है .अधिकांश मामलों में ऐसा होता भी है पहले ने ना किया तो किसी न किसी ने जरुर उसके दर्द को साझा किया होता है .कई बार न्यायालय तक बातें मीडिया के माध्यम से ही पहुंचती हैं .हालांकि इसके कई अपवाद भी हैं नीरा राडिया कांड में कई बड़े नाम आए जिनसे साख गिरी पर इसे अपवाद ही माना जाना चाहिए.दूसरी तरफ अति उत्साह में एंकर खुद वकील खुद जज बनाने लगता है और न्यायिक प्रकिया की प्रतीक्षा लिए बिना एक तरह से फैसला सुनाकर किसी को भी दोषी बताने लगता है .मीडिया ट्रायल और खबर पालिका जैसे शब्दों का उदय इसी कारण हुआ भी .अनेकों बार मीडिया ट्रायल में दोषी बताया जा रहा व्यक्ति निर्दोष साबित हुआ भी .सुशांत सिंह राजपूत वाला मामला सामने है .मीडिया का अर्थ माध्यम होता है और एंकर उस विशाल व्यवस्था का एक पुर्जा मात्र होता है जो तथ्यों का विश्लेषण विशेषज्ञों के माध्यम से करा तो सकता है पर स्वयं उसकी दृष्टि महाभारत के संजय वाली यानी कमेंटेंटर वाली होनी चाहिए तभी पत्रकारों को पक्षकार नहीं माना जाएगा. कई बार मामला न्यायालय तक पहुंचा और कड़ी टिप्पणी भी आई कि विवाद फैलाने में टीवी चैनलों का हाथ है .सुप्रीम कोर्ट ने गत वर्ष टीवी न्यूज़ चैनल पर होने वाली बहस को नफरत फैलाने का सबसे बड़ा माध्यम बताया था.कोर्ट ने अप्रसन्नता दिखाते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'सरकार मूकदर्शन बन कर ये सब देख रही है' और इस मामले को 'बहुत छोटा' आंक रही है.जस्टिस केएम जोसफ़ और ऋषिकेश राय की बेंच ने टीवी बहस को नियंत्रित करने को लेकर दिशानिर्देश तैयार करने की संभावना बताई और केंद्र सरकार से पूछा कि क्या वह इस मामले पर कोई क़ानून लेकर आना चाहती है? बेंच ने इस बात पर ज़ोर दिया कि 'नफ़रत से टीआरपी आती है और टीआरपी से मुनाफ़ा आता है.' साथ ही कहा कि वह इसे लेकर एक गाइडलाइन जारी करना चाहते हैं जो तब तक इस्तेमाल में लाई जाए जब तक सरकार इस बारे में कानून ना बना दे.



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## ऑपरेशन सिंदूर : सैनिकों के नाम संदेश

राष्ट्रीय नवीन मेल



अनामिका मिश्रा

पहलगाम में हुई ऐसी वीभत्स घटना के बाद पूरा देश व्यथित हो गया था। ऐसी विभत्स घटना अतंकियो के लिए रोष जनजन में उत्पन्न हो गया। पूरे देश को उम्मीद थी सैनिकों से। आखिर हमारे देश के सैनिकों ने बदला ले ही लिया।
सबसे बड़ी बात महिला अधिकारियों के निरीक्षण में ऑपरेशन सिंदूर के तहत यह कार्य किया गया जो हमारे देश के लिए गौरव की बात है,एवं महिला सशक्तिकरण का जीता जागता प्रमाण भी है।
सभी देशवासियों को गर्व है अपने देश की महिला सैनिकों पर एवं सभी सैनिकों पर जिन्होंने खतरों से खेल कर,अपनी जान की परवाह किए बगैर आतंकियों को सबक सिखाया,एवं नष्ट कर दिया उन्होंने उनके ठिकाने को।
सैनिकों ने पूरी दुनिया को दिखा दिया हमसे जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा। आज हम सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन इन्हीं सैनिकों की वीरता एवं इन्हीं रक्षकों के कारण जी रहे हैं। हम हमेशा अपने वीर सैनिकों के साथ हैं। जो शहीद हो गए वीर ईश्वर उनके परिवार को शक्ति प्रदान करें और हमेशा उनके साथ रहे। हम उन्हें सर झुका कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। सभी सैनिकों को सर झुकाकर शत-शत नमन ईश्वर मेरे सैनिक भाइयों की हमेशा रक्षा करें,उन्हें शक्ति प्रदान करें एवं हमेशा उनके साथ रहें।

जय हिंद

# बारिश में ध्वस्त हुई हुसैनाबाद अस्पताल की चाहरदीवारी, सुरक्षा पर उठे सवाल



● आवारा पशुओं का खतरा बढ़ा, डॉ. विनेश कुमार ने मरम्मत की मांग दोहराई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल की पुरानी चाहरदीवारी को जमींदोज कर दिया है। यह वही दीवार है जिसकी मरम्मत कई बार अनुरोध के बावजूद नहीं कराई गई थी। नाली निर्माण के लिए छह माह पूर्व खोदे गए गड्ढे में यह चाहरदीवारी समा गई। परिसर की नई चाहरदीवारी तो बनी, लेकिन पुरानी जर्जर दीवारों की अनदेखी से अब अस्पताल की सुरक्षा खतरे में है। खुले परिसर से अनधिकृत लोगों व आवारा पशुओं का प्रवेश लगातार हो रहा है। इससे अस्पताल के कर्मी और मरीज असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि सिविल सर्जन को लिखित सूचना दी गई है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। उन्होंने शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

## धान का बिछड़ा और मक्का, तील, अरहर की फसल समय पर नहीं बो पाने से चिंता गहराई

**नावाबाजार (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दस दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण खेती-बाड़ी का कार्य प्रभावित हो रहा है। खेतों में पानी भर जाने और मौसम की अनिश्चितता के कारण किसान धान के बिछड़ा समेत मक्का, तील, अरहर जैसी भदई फसलों की बोआई नहीं कर पा रहे हैं। रबदा गांव निवासी किसान राकेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्षा के कारण खेती के कार्य में भारी परेशानी हो रही है और यदि अगले कुछ दिनों में मौसम नहीं सुधरा, तो फसलों का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि आद्रा नक्षत्र बीत चुका है और अब तक बीज की बोआई हो जानी चाहिए थी, परंतु जलजमाव के कारण किसान केवल इंतजार कर रहे हैं।

## हैदरनगर बाजार की गलियों में बरसात बना अभिशाप



**हैदरनगर।** बरसात के मौसम में हैदरनगर बाजार का मुख्य मार्ग और गली-मोहल्ले पानी में डूब गए हैं। जपला-हैदरनगर मुख्य पथ से बाजार की ओर प्रवेश करते ही लोगों को जलजमाव और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। पीसीसी सड़कों पर ही जलभराव हो जाना इस बात का प्रतीक है कि जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह फेल है। स्थानीय व्यवसायी सुदर्शन लाल, प्रतीक कुमार, हर्ष कुमार, सुनील लाल, अनूप सिंह सहित कई लोगों ने बताया कि मामूली पंचायत निधि से भी इस समस्या का समाधान संभव है, लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता वर्षों से बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि पुराने नालों का जीर्णोद्धार कर ढक्कनयुक्त बड़े नालों का निर्माण ही स्थायी समाधान हो सकता है। हर वर्ष पहली बारिश में ही नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। लोग प्रशासन से इस स्त्रीशील्ललल्ल' समस्या का स्थायी समाधान चाहते हैं।

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया पांडू प्रखंड का औचक निरीक्षण



**भूमि विवाद, सरकारी जमीन और विस्थापन पर अफसरों को दिए निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को पांडू प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं और भूमि विवाद के मामलों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की पहचान कर 30 दिनों के भीतर सीमांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही मुरुमातु गांव से विस्थापित मुसहर परिवारों को 500 मीटर के दायरे में पुनर्वासित करने का आदेश दिया। मंत्री ने पेंडिंग मामलों के शीघ्र निष्पादन और सर्वेक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# कोलकता में नौडीहा बाजार के युवक समेत तीन की कीमती सामान व दस्तावेज की हुई चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा।** कोलकाता के केस्टोपुर स्थित स्काई व्यू अपार्टमेंट में 20 जून 2025 की रात चोरों ने एक के बाद एक फ्लैटों को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना में बिहार व झारखंड के तीन युवकों झ्र हिमांशु कुमार (मुजफ्फरपुर), रौनक घोष (बैरकपुर) और नीरज कुमार (नौडीहा बाजार, पलामू) के फ्लैट से कीमती सामान, मोबाइल, लैपटॉप और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गए। हिमांशु कुमार के फ्लैट से तीन लैपटॉप मोबाइल, दो ईयरबड्स दो वॉलेट जिनमें नकद रुपये थे, पासपोर्ट, आधार, पैन कार्ड, 10वीं व 12वीं की मार्कशीट समेत कई मूल दस्तावेज चोरी कर लिए गए। नीरज कुमार, जो पलामू जिले के नौडीहा बाजार के निवासी हैं, उनके भी पर्सनल बैग समेत सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, बैंक संबंधित दस्तावेज एवं अन्य जरूरी कागजात चोर उठा ले गए। इसके अलावा रौनक घोष का लैपटॉप भी चोरी हो गया है। इस मामले में बागुईआटी थाने में एफआईआर संख्या 430/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सभी पीड़ितों ने पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार करने और सामान की बरामदगी की मांग की है। यह जानकारी नौडीहा के नीरज कुमार ने दी।

## पांकी बालिका उच्च विद्यालय बना तालाब, छात्राएं गंदे पानी में गिरने को मजबूर

**पांकी।** प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय, पांकी की छात्राएं इन दिनों बरसात में घुटनों तक गंदे पानी से होकर विद्यालय पहुंचने को मजबूर हैं। मुख्य गेट से लेकर परिसर तक तालाब जैसी स्थिति बन चुकी है, जिससे कई बार छात्राएं फिसल कर गिर भी चुकी हैं। प्राचार्य प्रणीत कुमार ठाकुर ने बताया कि जलजमाव की समस्या वर्षों से बनी हुई है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कई बार लिखित शिकायतें देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होंने उपायुक्त और जिला परिषद अध्यक्ष को पत्र सौंपा है। उन्होंने तत्काल स्थल निरीक्षण कर जल निकासी की योजना तैयार करने की बात कही है, ताकि छात्राओं की शिक्षा बाधित न हो।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, फांसी पर लटका मिला शव

▸ पति-पत्नी के बीच विवाद की सूचना, शव पर चोट के निशान, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के सलईया गांव में सोमवार को 35 वर्षीय विवाहिता शिलवंती देवी का शव घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतका के पति आनंद भुइयां हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार रात को पति-पत्नी में विवाद हुआ था। पुलिस को सूचना मिलते ही एएसआई अमित उपाध्याय मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि शव पर चोट के कई निशान मिले हैं और मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। शिलवंती देवी के तीन बच्चे हैं और उसका मायका गारू प्रखंड, लातेहार में है। पुलिस मामले की सभी कोणों से जांच कर रही है।

## महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूलता शव बरामद



**ऊंटारी रोड।** पांकी प्रखंड के महुगांवा गांव में 27 वर्षीय महिला सोनी कुमारी का शव सोमवार को फंदे से झूलता हुआ पाया गया। वह एकवन सोनी की पत्नी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक दृष्टि में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या थी या हत्या।

# पंडवा में बीज वितरण को लेकर किसानों में नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बीज प्राप्त करने पहुंचे किसानों ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा भेजे गए एसएमएस में उन्हें चार किलो बीज देने की बात कही गई थी, जबकि उन्हें मात्र दो किलो बीज ही दिया जा रहा है। किसानों ने कहा कि एक किसान के नाम पर दो-तीन किसानों का बीज दे दिए जाने की बातें सामने आ रही हैं, जिससे सही लाभुकों को उनका हिस्सा नहीं मिल पा रहा। अधिकारी इस संबंध में जवाब देने से बचते रहे। किसानों ने मांग की कि बीज वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लायी जाए ताकि उन्हें योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।

# हुसैनाबाद के बेल विगहा में कच्चा मकान गिरा, परिवार बाल-बाल बचा

**बारिश में गिरा जर्जर मकान, अबुआ आवास की स्वीकृति के बावजूद निर्माण अधर में**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बेल बिगहा पंचायत अंतर्गत बेल विगहा गांव में सोमवार की रात हुई भारी बारिश के कारण एक कच्चा मकान धराशायी हो गया, जिसमें एक पूरा परिवार बाल-बाल बच गया। परिवार के सभी सदस्य समय रहते घर से बाहर निकल गए, लेकिन घर में रखा सारा सामान नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार इशहाक अंसारी के पुत्र को अबुआ आवास योजना का लाभ मिला था, लेकिन जमीन विवाद के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ है। मार्च 2025 में पुराने मकान को गिराने के क्रम में पिता-पुत्र दीवार के नीचे दबकर घायल भी हो चुके हैं, जिनका इलाज नारायण मेडिकल कॉलेज, जमुहार में चल रहा था और वे अब तक पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हो सके हैं। भूमि विवाद को लेकर आवेदन अनुमंडल दंडाधिकारी को दिया गया, जिसमें धारा 163 के तहत निष्पादन की मांग की गई। परंतु अब तक न तो स्थल निरीक्षण हुआ, न ही कार्य रोकने का कोई आधिकारिक पत्र जारी हुआ। बावजूद इसके स्थानीय दंगवार ओपी पुलिस द्वारा लगातार निर्माण कार्य रुकवाया जा रहा है। परिवार ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उन्हें सुरक्षित मकान निर्माण की अनुमति दी जाए।

# पंसा और रामबांध पंचायत में किसानों को मिला उन्नत किस्म का बीज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के पंसा और रामबांध पंचायतों में एनएफएसएम और बिरसा कृषि विस्तार योजना के तहत 100 चयनित किसानों के बीच धान और रागी के उन्नत किस्म के बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कृषि पदाधिकारी ने कहा कि उन्नत बीजों की बोआई से बेहतर उत्पादन संभव है और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों से इन बीजों के वैज्ञानिक तरीकों से प्रयोग के लिए कृषि विभाग से सलाह लेने की अपील की।

# लगातार बारिश से भदई फसल पर संकट, किसान निराश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लगातार दो सप्ताह से जारी बारिश ने किसानों की भदई फसल को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि मक्का, तिल, अरहर, मूंगफली, बराई जैसी फसलें समय पर खेतों में नहीं बोई जा सकीं, जिससे किसानों में भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि अब इन फसलों की बुआई का समय निकल चुका है। कृष्णा बैठा ने बताया कि धान की नर्सरी भी बारिश के कारण सड़ चुकी है। कई किसान दूसरी बार धान का बिछड़ा डाल रहे हैं, और बीज बाजार में महंगे दामों पर उपलब्ध है। लगातार अतिवृष्टि और अनावृष्टि के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति बदतर होती जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार की कृषि योजनाओं को केवल कागजी बताया। उन्होंने कहा कि डेढ़ महीने से केसीसी कैंप चल रहे हैं लेकिन एक भी किसान को ऋण स्वीकृत नहीं हुआ है। ऋण माफी योजनाओं का भी कोई लाभ किसानों को नहीं मिल रहा। इसके कारण किसान परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से बारिश से हुए नुकसान की भरपाई करने, खेती को उद्योग का दर्जा देने, और किसान आयोग के गठन की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि मांगे पूरी नहीं हुईं तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# अनुपयोगी शौचालयों की सूची तैयार स्वच्छता टीम ने सौंपे सुझाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सोमवार को आयोजित एक विशेष बैठक में प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने हैदरनगर के विभिन्न गांवों में अनुपयोगी शौचालयों की सूची जलसहियाओं से प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि लाभुकों की सहभागिता से इन शौचालयों को पुनः उपयोगी बनाया जाए। उन्होंने जलसहियाओं को गांव-स्तरीय बैठकों में भाग लेने, हैंडवॉश, जल गुणवत्ता, जलजमाव जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक करने और निर्धारित तिथियों पर ₹स्वच्छता सभा₹, 'स्वच्छता दिवस' और ₹मासिक माहवारी स्वच्छता दिवस₹ जैसे आयोजनों को सुनिश्चित करने की बात कही। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को लेकर उन्होंने SSG ऐप से अधिक नागरिकों को जोड़ने के लिए मोबाइल लिंक और स्कैनर का उपयोग करने का सुझाव दिया। निष्क्रिय जलसहियाओं पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

# चराई पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का हुआ शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** पाटन विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने क्षेत्र के चराई पंचायत में भवन निर्माण विभाग से निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की बड़ी उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने मंत्री के आगमन पर पारंपरिक तरीके से फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में वित्त मंत्री को ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अकवनीय गांव के लोगों ने बताया कि बीते कई दिनों से गांव में 11 हजार वोल्ट का बिजली तार गिरा हुआ है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मौके से ही बिजली विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश देकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगली बार से इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र की एक भी सड़क अधूरी नहीं छोड़ी जाएगी। जनता को थोड़ा धैर्य रखना होगा, अगले एक से दो वर्षों में समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम क्षेत्र के लोगों से झूठे वादे नहीं करते, जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। पूर्व विधायक पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ₹सिर्फ किसी नाम के सहारे वोट लेना कहां तक उचित है?₹ जनता को अब सजग हो जाना चाहिए और चुनाव के समय सही प्रतिनिधि का चयन करना चाहिए, जो वास्तव में जनसेवा के लिए तत्पर हो। उन्होंने भवन निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित प्रमुख लोगः अरुण सिंह, हरेंद्र सिंह, मोहन जायसवाल, अशोक सोनी, ओम प्रकाश, मुकेश कुमार, रणजीत जायसवाल, रबिंद्र राम समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** (पलामू) प्रखंड अंतर्गत पंडवा पंचायत के युवा समाजसेवी सतेंद्र ठाकुर ने प्रखंड प्रशासन से योजनाओं और जन समस्याओं के निष्पादन में पारदर्शिता और तत्परता लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे सभी कार्य योजनाएं संबंधित अधिकारियों की निगरानी में नियमानुसार संचालित होनी चाहिए, ताकि जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सतेंद्र ठाकुर ने कहा कि आम जनता खासकर ग्रामीण अंचलों में आवास, वृद्धा पेंशन, जॉब कार्ड, तथा भूमि विवाद जैसी समस्याओं से अत्यधिक परेशान रहती है। ये समस्याएं कई बार शिकायत के बावजूद लंबित रह जाती हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कई ऐसे पदाधिकारी हैं जो नियमित रूप से प्रखंड कार्यालय में उपस्थिति नहीं दे रहे हैं। ऐसे पदाधिकारियों की उपस्थिति और कार्य समय पर सख्ती से निगरानी होनी चाहिए, सतेंद्र ठाकुर ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस दिशा में जल्द ही आवश्यक कदम उठाएगा और आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा।

**प्रतिभा** | चनेया चंद्रशेखर दुबे इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

# शिक्षा को चरित्र निर्माण का माध्यम बनाएं: प्राचार्य देवेंद्र कुमार पाठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** चनेया स्थित चंद्रशेखर दुबे इंटर कॉलेज में मंगलवार को इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य देवेंद्र कुमार पाठक और शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। टॉप करने वाली स्वमलता कुमारी (90.4%), पूजा कुमारी (90%), सत्य प्रकाश महतो (89.4%), फैजान राजा (88%) सहित कुल 15 छात्रों को सम्मान मिला। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा केवल अंक अर्जित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज निर्माण और चरित्र विकास का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर हामिद हसन ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र, शिक्षक और स्टाफ उपस्थित रहे।

## लगातार बारिश से खेतों में नहीं हो सकी बोआई, किसान परेशान

**नावाबाजार (पलामू)।** वर्षों से अतिक्रमण की वजह से बाधित सोहदागझ्रमुसीखाप सड़क को मंगलवार को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की पहल पर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यह सड़क नावाबाजार, पांडू और विश्रामपुर प्रखंडों को एनएच-98 से जोड़ती है। महमजान मियां, टेमन मियां और अली शेर मियां पर सड़क को अतिक्रमित करने का आरोप था। निर्माण में आ रही बाधा को दूर करने के लिए जिला परिषद प्रतिनिधि गोविंद सिंह, विजय रविदास, राजबली मेहरा, एसआई विपिन कुमार सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में बैठक हुई और जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से मार्ग बाधित होने से इलाज या आपात स्थिति में खटोला-डोली का सहारा लेना पड़ता था।

## मध्यस्थता अभियान शुरू, 90 दिनों तक चलाया जाएगा विशेष समाधान अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** न्यायिक व्यवस्था को सरल, त्वरित और सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पलामू जिले में 1 जुलाई 2025 से 'मेडिएशन फॉर द नेशन' यानी 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' अभियान की शुरुआत की गई। यह 90 दिवसीय विशेष अभियान नालसा के निर्देश और झालसा रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य वैवाहिक विवाद, दुर्घटना मुआवजा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, ऋण वसूली, भूमि अधिग्रहण और सुलह योग्य आपराधिक व दीवानी मामलों का आपसी सहमति से समाधान कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने बताया कि यह अभियान न्याय को जनसुलभ बनाने का प्रभावी माध्यम है, जिससे न्यायिक प्रक्रियाओं में होने वाली समय और पैसे की बर्बादी को रोका जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक तटस्थ तीसरा पक्ष (मध्यस्थ), विवाद में शामिल पक्षकारों को आपसी सहमति से समाधान निकालने में सहयोग करता है। यह प्रक्रिया अदालती मुकदमों की तुलना में अधिक सहज, कम खर्चीली और शीघ्र समाधान देने वाली होती है। इसके तहत पक्षकारों को सीधे संवाद व परस्पर समझौते का अवसर मिलता है।

अभियान के दौरान, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान, शिविर, काउंसलिंग सत्र और मध्यस्थता सुलह केंद्रों पर सुनवाई आयोजित की जाएगी। पक्षकारों की सहमति से ही मध्यस्थता प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी, जिससे कि समाधान न्यायिक आदेश के रूप में मान्य हो। जिला प्रशासन, अधिवक्ता संघ, पुलिस विभाग व सामाजिक संगठनों के सहयोग से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। सचिव राकेश रंजन ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि कोई विवाद सुलह योग्य है तो उसे अदालत तक पहुंचाने से पहले मध्यस्थता का विकल्प जरूर आजमाएं।

### सांसद वीडी राम की बड़ी पहल

## पलामू को जाम से मिलेगी मुक्ति, एनएच-39 के गढ़वा बाइपास का उद्घाटन 3 को

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू और गढ़वा जिलों को जाम और जर्जर सड़कों की समस्या से जल्द ही राहत मिलने जा रही है। भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे (एनएच-39) के गढ़वा बाइपास का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसका उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को करेंगे। इस महत्वपूर्ण परियोजना की जानकारी मंगलवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल (वीडी) राम ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि करीब 8000 करोड़ की लागत से बनने वाला यह फोरलेन नेशनल हाईवे छह चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण रांची से कुड़ु और दूसरा चरण शंखा (गढ़वा) से खजूरी तक पहले ही पूरा हो चुका है। गढ़वा बाइपास, जो एनएच-39 का हिस्सा है, के चालू होने से गढ़वा शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी और परिवहन व्यवस्था अत्यंत सुगम होगी। सांसद वीडी राम ने कहा कि यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सहयोग से धरातल पर उतर पाया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा बाइपास वर्षों से लंबित था।

इसके लिए मैंने दिल्ली स्तर पर कई बार विभागीय मंत्रियों से मिलकर बात की और लगातार फॉलोअप किया। आज उस प्रयास का परिणाम सामने है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री गढ़वा आगमन के दौरान क्षेत्रीय विकास से जुड़ी कई घोषणाएं भी करेंगे। इसके साथ ही सांसद ने यह भी कहा कि क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए 100 एकड़ जमीन की आवश्यकता है, लेकिन उपलब्धता न होने से कठिनाई आ रही है। इसके समाधान के लिए भूमि चिह्नित करने की दिशा में कार्य हो रहा है। सांसद ने आमजन से 3 जुलाई के उद्घाटन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क का उद्घाटन नहीं, बल्कि पलामू-गढ़वा क्षेत्र को विकास की नई दिशा देने वाला कदम है। हुर गांव के सामने सभा स्थल है। जहां केंद्रीय मंत्री सभा करेंगे।

## रिकॉर्ड अद्यतन नहीं तो होगी कार्रवाई पलामू डीआईजी का औचक निरीक्षण अलर्ट

- **30 जून के बाद कभी भी हो सकता है निरीक्षण, थानों को सभी अभिलेख दुरुस्त रखने का निर्देश**



**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय से जारी निर्देश के तहत सभी पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक और थाना/ओपी प्रभारियों को कार्यालय अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश 30 जून 2025 के बाद किसी भी दिन संभावित औचक निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है।

पुलिस उप-महानिरीक्षक नौशाद आलम ने बताया कि कि निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की अद्यतन स्थिति, स्वच्छता, अभियानों की रिपोर्ट, लंबित मामलों की स्थिति, गुंडा पंजी, विभागीय जांच आदि की समीक्षा की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

सभी थानों को कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, आगंतुक कक्ष और थाना हाजत की व्यवस्था, बोर्ड व नामपट्ट के सही स्थान पर प्रदर्शन और पेयजल व्यवस्था जैसी बिंदुओं को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूर्व में निर्गत दिशा-निर्देशों को गार्ड फाइल में संधारित रखना अनिवार्य किया गया है।

## हूल दिवस पर श्रद्धांजलि देने जा रहे आदिवासियों पर पुलिसिया कार्रवाई, भाजपा ने किया विरोध मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** संथाल विद्रोह की याद में मनाए जाने वाले हूल दिवस पर सोमवार को भोगनाडीह में श्रद्धांजलि अर्पित करने जा रहे वीर नायक सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो के परिजनों और आदिवासी समुदाय के लोगों पर पुलिस द्वारा की गई कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़े जाने की घटना को लेकर झारखंड सरकार की चौतरफा आलोचना हो रही है।

पलामू जिला भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी ने इस कार्रवाई को "अमानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ" बताते हुए कहा कि हेमंत सरकार का रवैया अंग्रेजों जैसा दमनकारी बन गया है। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों के परिजनों को श्रद्धांजलि देने से रोकना और उन पर बल प्रयोग करना, न सिर्फ संथाल परगना की गौरवगाथा का अपमान है, बल्कि पूरे झारखंड के आत्मसम्मान पर चोट है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने अलग झारखंड राज्य की मांग आदिवासियों की अस्मिता और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए की थी। लेकिन हेमंत सरकार आज उन्हीं आदिवासियों के परिजनों को अपमानित कर रही है।

इस घटना के विरोध में मंगलवार को पलामू भाजपा ने गीता भवन से छह मुहान चौक तक विरोध मार्च निकाला, जिसमें शिवकुमार मिश्र, अविनाश वर्मा, प्रेमजीत सिंह, अभिमन्यु तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, रीना किशोर, शैलेश बिट्टू, दीपक सिंह सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार से शहीदों के परिजनों से माफी मांगने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

## इंटरमीडिएट शिक्षकों ने वित्त मंत्री से की मुलाकात, समायोजन की मांग उठाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड अंगिभूत इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू होने के बाद इंटरमीडिएट शिक्षा व्यवस्था के बंद होने के चलते शिक्षकों और कर्मचारियों के समायोजन की मांग की।

प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि एनईपी से हजारों शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने मांग की कि कार्यरत सभी कर्मियों को समायोजित किया जाए और इंटरमीडिएट के छात्रों को स्थानांतरित नहीं किया जाए।

वित्त मंत्री ने तत्काल उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार से फोन पर बात कर समस्याओं के समाधान की पहल की और आश्वस्त किया कि छात्र, शिक्षक और कर्मचारी सभी एक परिवार हैं। वे समायोजन के लिए प्रयास करेंगे। मौके पर खुशबू कुमारी, आशीष कुमार, वेदप्रकाश सिंह, अविनाश पासवान समेत कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### छः मुहान पर यातायात जांच अभियान, 10 दोपहिया वाहन जप्त, 20,450 रुपये का चालान




**मेदिनीनगर।** शहर के छः मुहान चौक पर मंगलवार को यातायात नियमों के उल्लंघन पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के क्रम में बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रिपल राइडिंग कर रहे 10 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। इसके अलावा एक दोपहिया वाहन चालक को नशे की हालत में बाइक चलाते पकड़ा गया, जिसकी बाइक को भी जब्त कर चालान जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया। सभी जब्त वाहनों से संबंधित कुल 14 दोपहिया गाड़ियों का चालान जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया, जिन पर कुल 20,450 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और आगे भी इस तरह के जांच अभियान शहर में नियमित रूप से चलाए जाएंगे। प्रशासन ने आम लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की है।

### विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, 10 दिन में कार्रवाई की चेतावनी



**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज अध्यक्ष किसलय दुबे के नेतृत्व में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पुस्तकालय में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, 75% उपस्थिति लागू करने, दीवारों की सफाई, सूचना केंद्र की स्थापना, वेबसाइट में सुधार और नियमित कक्षाएं संचालित कराने की मांग की गई। छात्र नेताओं ने कहा कि नामांकन और परीक्षा के नाम पर छात्रों से अनावश्यक उगाही हो रही है, जिसे तत्काल रोका जाए। परिषद ने 10 दिन के भीतर समाधान नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। मौके पर उत्कर्ष नन्द तिवारी, कौशल मिश्रा, गगन सिंह, सूरज उपाध्याय समेत दर्जनों छात्र मौजूद थे।

### एनएसयूआई ने जेएस कॉलेज के नवप्रभारी प्राचार्य का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई छात्र संगठन ने मंगलवार को जेएस कॉलेज के नव नियुक्त प्रभारी प्राचार्य डॉ. अजय कुमार पासवान का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्रों ने फूलों का गुलदस्ता व पारंपरिक अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने किया। प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान की उन्नति व छात्रहित उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अनुशासन और सहयोगपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर एनपीयू एनएसयूआई छात्र अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश त्रिपाठी, हिमांशु सिंह सहित शिक्षक व छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नितिन गडकरी के संभावित आगमन की तैयारी तेज सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



- **हूर मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक, मंच, शौचालय, चिकित्सा, पेयजल सहित हर बिंदु पर चर्चा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** केंद्रीय सड़क, परिवहन, राजमार्ग एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी के संभावित गढ़वा आगमन को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार मंत्री श्री गडकरी 3 जुलाई को सदर प्रखंड अंतर्गत हूर मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे एनएच-75 पर निर्मित बहुप्रतीक्षित बाईपास सड़क का उद्घाटन करेंगे।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने मंच निर्माण, वीवीआईपी एंट्री, आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, सजावट, पेयजल एवं शौचालय, चिकित्सकीय सहायता, ट्रैफिक व पार्किंग योजना, एंट्री पास वितरण, और विधि व्यवस्था जैसे विभिन्न आयामों पर अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी विभाग समन्वय में रहकर निर्धारित समय सीमा में तैयारियों को पूर्ण करें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, गोपनीय शाखा प्रभारी संजय प्रसाद समेत अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंधविश्वास के खिलाफ पलामू पुलिस का मोर्चा, ओझा-गुनी की होगी पहचान

- **डायन-बिसाही पर हिंसा रोकने के लिए थानों को दिए सख्त निर्देश, वैज्ञानिक सोच को मिलेगा बढ़ावा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल में डायन-बिसाही, ओझा-गुनी और जादू-टोना जैसे अंधविश्वास से जुड़ी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई के लिए पुलिस सक्रिय हो गई है। क्षेत्र में लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र नौशाद आलम ने सभी थानों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अंधविश्वास के नाम पर हो रही हिंसा, उत्पीड़न या हत्या जैसी अमानवीय घटनाएं अब बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र में सक्रिय ओझा-गुनी की पहचान कर उनका विस्तृत विवरण आधार कार्ड सहित संकलित करें। इसके बाद इन लोगों को परामर्श सत्र के लिए अंचल कार्यालय में बुलाया जाएगा, जहां वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और अंधविश्वास को समाप्त करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अंधविश्वास जनित घटना की सूचना मिलते ही त्वरित जांच और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की मदद से व्यापक प्रचार-प्रसार कर समाज को इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूक किया जाए। ओझा-गुनी या अंधविश्वास फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर प्रिवेंशन ऑफ़ वॉच क्राफ्ट एक्ट एवं भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पलामू पुलिस का यह अभियान न केवल अपराध नियंत्रण की दिशा में कदम है, बल्कि समाज को अंधविश्वास से मुक्त करने की पहल भी है।

## सेवादारों ने किया भव्य स्वागत सेवा कार्यों की समीक्षा, जताई प्रतिबद्धता

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक दिल्ली प्रदेश के संरक्षक एवं राज्य स्तरीय दिशा समिति सदस्य देवेश तिवारी के पलामू आगमन पर सोमवार को उनका भव्य स्वागत किया गया। देवेश तिवारी सबसे पहले झारखंड प्रदेश संयोजक के आवास पर पहुंचे, जहां उन्हें फूल-मालाओं, गुलदस्ते और शॉल के साथ सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने रेडमा ठाकुरबाड़ी मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की और पलामू समेत पूरे राज्य की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इंडियन रोटी बैंक आज देशभर में जरूरतमंदों के बीच भोजन और सेवा का माध्यम बन चुका है। यह संगठन निःस्वार्थ सेवा भावना के साथ समाज के कमजोर वर्गों के बीच काम कर रहा है।

देवेश तिवारी ने कहा कि उन्हें जो दायित्व मिला है, वह उसे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। उन्होंने पलामू इकाई के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां के सेवादारों की सक्रियता और समर्पण संगठन की ताकत है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सेवा के इस कार्य को और तेजी और विस्तार से आगे बढ़ाया जाएगा।

झारखंड प्रदेश को-ऑर्डिनेटर दीपक तिवारी ने कहा कि देवेश तिवारी के आगमन से पूरे संगठन को नई ऊर्जा मिली है। उनका मार्गदर्शन रोटी बैंक के कार्यकर्ताओं को सेवा कार्यों में और बेहतर परिणाम देने को प्रेरित करेगा।

मौके पर नवीन तिवारी, दिलीप तिवारी मिंटू, यशवंत तिवारी, राकेश तिवारी, शशिकांत तिवारी, सरदार देवेंद्र सिंह, सरदार दीपक सिंह, विकास तिवारी, अजय सिंह सहित इंडियन रोटी बैंक के दर्जनों सेवादार मौजूद थे।

## बर्खास्त अनुसेवकों ने निकाली आक्रोश रैली, पुनर्बहाली की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा 251 अनुसेवकों की बर्खास्तगी के विरोध में मंगलवार को पलामू समाहरणालय से छह मुहान तक आक्रोश रैली निकाली गई। प्रदर्शन कर रहे अनुसेवकों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दायर न कर उन्हें नौकरी से निकाल दिया। उन्होंने नौ जून को जारी विज्ञापन संख्या 01/2025 के माध्यम से नई बहाली प्रक्रिया को असंगत बताया और चेतावनी दी कि यदि पुनर्बहाली नहीं हुई तो वे सामूहिक आत्मदाह जैसे कदम उठाने को विवश होंगे। रैली में सुधाकर दुबे, विकास कुमार, रमाकांत, शोभा कुमारी समेत कई बर्खास्त अनुसेवक शामिल रहे।

### फिसलती जिम्मेदारी

### बारिश से फैली कीचड़ व फिसलन, बाइक सवारों को हो रही भारी परेशानी

## जेलहाता चौक पर मिट्टी से भरा गड्ढा बना हादसे की वजह

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बैरिया बस स्टैंड से जेलहाता चौक तक मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे को भरने के लिए प्रशासन द्वारा हाल ही में मिट्टी डाली गई थी, जो अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। लगातार हो रही बारिश से मिट्टी गड्ढे से निकलकर सड़क पर फैल गई है और कीचड़ व फिसलन का रूप ले चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने इसे प्रशासन की लापरवाही बताया है और मांग की है कि मिट्टी के स्थान पर टिकाऊ और फिसलनरोधी सामग्री जैसे मुरुम या ईंट-कोलतार डाला जाए। चौराहे के पास अचानक फिसलन वाले हिस्से के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। लोग प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

### बारिश में और बढ़ी परेशानी

इस मार्ग से हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं, क्योंकि यह कचहरी और समाहरणालय जाने का प्रमुख रास्ता है। बारिश के मौसम में मिट्टी डालने का फैसला बिना सोचे-समझे लिया गया प्रतीत होता है। सोमवार को हुई बारिश के बाद बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ रहा है और कई लोग गिरते-पड़ते किसी तरह पार कर रहे हैं।

## डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण योजना की शुरूआत

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत डोर-टू-डोर कलेक्शन व सोर्स सेग्रीगेशन योजना शुरू की गई। शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मुक्तेश्वर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, नगर पंचायत प्रशासक राज कमल और कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर भोला नाथ दुबे ने भाग लिया। अब प्रत्येक वार्ड में घर-घर से कचरा संग्रह किया जाएगा, जिंगल की आवाज से वाहन आगमन की सूचना मिलेगी। कचरा हूलहूला ग्राम स्थित प्रोसेसिंग प्लांट तक ले जाया जाएगा। जल्द ही सभी घरों में डस्टबिन भी वितरित होंगे।

## पेशका को अलग प्रखंड बनाने की मांग तेज जनप्रतिनिधियों ने सौंपा मांग पत्र

**मेराल।** पेशका क्षेत्र को अलग प्रखंड का दर्जा देने की मांग ने अब आंदोलन का रूप ले लिया है। सोमवार को प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष करीब अंसारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकताओं ने सांसद विष्णुदयाल राम व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से परिसदन भवन में मिलकर औपचारिक रूप से मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पेशका क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से विषम है और जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। लोगों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूरस्थ प्रखंड मुख्यालय तक जाना पड़ता है, जिससे क्षेत्र का समुचित विकास बाधित हो रहा है। सांसद व विधायक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए इस विषय में वरीय अधिकारियों से शीघ्र वार्ता कर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दुलदुलवा पंचायत के मुखिया रामप्रताप साव, तिसरतेतुका पंचायत के बीडीसी संजय चंद्रवंशी, अजय पाल, चामा उप मुखिया रमजान अंसारी, देवेंद्र विश्वकर्मा, आलोक कुमार साह, फिरोज अंसारी, विष्णु यादव, अखिलेश यादव, जफर अंसारी, विकास पाठक व तसरार के त्रिपुरारी सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने आयोजित किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**गढ़वा।** चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में चिकित्सक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 102 मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं भी मुफ्त में प्रदान की गईं। शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. महजबीं, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शमशेर सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ. असजद अंसारी, सर्जन डॉ. सुमित प्रसाद व पाइल्स विशेषज्ञ डॉ. कश्मूर द्वारा परामर्श दिया गया। डॉ. असजद अंसारी ने बताया कि हर माह की पहली तारीख को यह शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। मौके पर केक काटकर चिकित्सक दिवस भी मनाया गया। संतोष केशरी, रवि केशरी, संतोष कश्यप, एसबीआई लाइफ प्रतिनिधियों सहित कई समाजसेवी व लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

## एसबीआई ने जीवन ज्योति बीमा के तहत चार परिवारों को दिए क्लेम

**रंका।** भारतीय स्टेट बैंक, रंका शाखा ने सोमवार को चार बीमितों के परिजनों को जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2-2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां मृतक संतोष प्रसाद, अशोक सिंह, विद्यासागर गुप्ता के परिजनों को 2-2 लाख और हेमंत सिंह को 20 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। बैंक प्रबंधक दिलीप मिश्रा ने बताया कि त्रिभुवन सिंह के मामले में एक ही बार प्रीमियम जमा होने पर भी बीमा कंपनी ने 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। कार्यक्रम में सीएसपी संचालक, बैंककर्मी नान्हु समद, सुधांशु प्रताप सिंह, मनदीप कुमार, लक्ष्मी देवी आदि उपस्थित थे।

## पीटीजी किसानों के बीच मक्का-मड़ुवा बीज का वितरण

**चिनिया।** मंगलवार को चिनिया प्रखंड कार्यालय परिसर में आत्मा योजना के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर सैकड़ों पीटीजी किसानों के बीच मक्का और मड़ुवा बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार ने की और बीज वितरण का कार्य बीटीएम मकबूल आलम ने किया। बीटीएम ने बताया कि बीते 3-4 दिनों में करीब ढाई सौ किसानों को उन्नत किस्म के बीज दिए गए हैं, जिससे उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। बीडीओ सुबोध कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को समय पर सहायता मिले, जिससे उन्हें राहत मिल सके। इस मौके पर प्रमुख सुनैना देवी, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, उप प्रमुख मोहम्मद फारूक, किसान प्रतिनिधि अखिलेश यादव, ज्ञानती देवी, प्रमिला देवी, उमेश यादव आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। किसानों ने समय पर बीज मिलने पर प्रसन्नता जताई।

## श्री बंशीधर नगर में मुहर्रम को लेकर अंजुमन कमेटी की बैठक, इंतजामिया कमेटी का गठन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के कर्बला मैदान में मंगलवार को अंजुमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर तौहीद खान ने की, जिसमें मुहर्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में महमूद आलम और अरसुद्दीन खान को संरक्षक, लाल बाबू खान को सदर, मुराद खान को खजांची, डॉ. शेर मोहम्मद खान को सचिव और अलाहू खान को नायब सदर बनाया गया। सदर तौहीद खान और नवगठित कमेटी के सदर लाल बाबू खान ने समाज के प्रति जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। बैठक में फुल्टून खान, अख्तर खान, रागिब खान, जलील खान सहित कई लोग उपस्थित थे और शांति व एकता के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया गया।

## मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी छुपाने को लेकर नियम विरुद्ध खुदाई

**बड़गड़।** मनरेगा योजनाओं में पूर्व में की गई गड़बड़ियों को छुपाने के लिए बिचौलिए तत्वों द्वारा नियमों की अनदेखी कर मजदूरों से अवैध तरीके से खुदाई कराई जा रही है। परसवार पंचायत के मुटकी और माराबर स्थल पर दो तालाबों के नाम पर एक ही स्थल की खुदाई की गई थी, जिसकी पहले की जांच में अनियमितता उजागर हो चुकी है। अब उसी स्थल पर 15 जून के बाद मिट्टी खुदाई पर प्रतिबंध के बावजूद, मजदूरों से खुदाई शुरू कर दी गई है। रोजगार सेवक कुंवर सिंह ने खुद स्वीकार किया कि बिना कार्य भुगतान हुआ था, इसलिए अब खुदाई करा रहे हैं। इसी तरह गोठानी पंचायत के सेमर टोला में भी गड़बड़ी उजागर होने के बाद आनन-फानन में मजदूरों से खुदाई शुरू कर दी गई है। यह मनरेगा नियमों का सीधा उल्लंघन है और इससे जुड़े कर्मी भी सवालों के घेरे में हैं।

**गढ़वाः जिले की शराब दुकानों में स्टॉक सत्यापन और टेकओवर प्रक्रिया प्रारंभ**

# अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की निगरानी में 43 दुकानों का तीन दिवसीय भौतिक सत्यापन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में संचालित देशी, विदेशी एवं मिश्रित खुदरा शराब दुकानों का भौतिक सत्यापन एवं हैंडओवर-टेकओवर प्रक्रिया मंगलवार से प्रारंभ हो गई है। यह कार्य 1 से 3 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस कार्य की निगरानी अपर समाहर्ता राज महेश्वरम कर रहे हैं। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने इसके लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को गढ़वा प्रखंड की 9 और डंडा प्रखंड की 2 दुकानों का स्टॉक सत्यापन कार्य पूर्ण किया गया, जिनके चलते ये दुकानें पूरे दिन बंद रहीं। सत्यापन कार्य के चलते इन दुकानों में शराब की बिक्री नहीं हुई। शेष खुदरा दुकानों में बिक्री पूर्ववत जारी रही। अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने बताया कि शेष दुकानों का सत्यापन 2 और 3 जुलाई को किया जाएगा। जिन दुकानों में सत्यापन नहीं हुआ है, वहां तब तक बिक्री चालू रहेगी जब तक हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। सत्यापन का उद्देश्य स्टॉक का सही मिलान कराना एवं संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।




## राज्य स्तर पर सम्मानित हुई साक्षी यादव, बोर्ड परीक्षा में 97 अंक




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भवनाथपुर की छात्रा साक्षी यादव को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह में विशेष सम्मान मिला। उन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97% अंक प्राप्त कर गढ़वा जिला में प्रथम, राज्य में सातवां तथा समिति स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बोकारो में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें मॉमेंटो, प्रमाणपत्र और चांदी का सिक्का भेंट किया गया। उनके माता-पिता व प्रधानाचार्य को भी सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

## सर्पदंश से युवक की मौत, परिवार में कोहराम

**केतार।** थाना क्षेत्र के बत्तों कला गांव निवासी शंभु साह की सोमवार रात जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वे रोज की तरह रात को खाना खाकर खाट पर सोए थे, तभी खटिया पर चढ़े सांप ने उन्हें डस लिया। परिजन आनन-फानन में उन्हें भवनाथपुर सीएचसी ले गए, जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भंडरिया स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार व प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी कुमारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने अस्पताल में दवा, टीकाकरण व आवश्यक सुविधाओं की स्थिति से सभी को अवगत कराया। विशेष रूप से अस्पताल परिसर की सफाई, पेयजल सुविधा, शौचालय की मरम्मत व रोशनी की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। बैठक में श्रद्धा देवी, विधायक प्रतिनिधि बिरझू सिंह, उपमुखिया रविंद्र सिंह, चलंत चिकित्सक एस.आई. खान, अजय सिंह पटेल, लेखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक रमाकांत राय, लिपिक राजन किस्पोट्टा सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## बिजली तारों के नीचे लगाए बांस बने बाधा, फॉल्ट से आपूर्ति ठप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड में बिजली तारों के नीचे जानबूझ कर लगाए गए बांस के पौधे लोगों की परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। हल्की हवा या बारिश में बांस तारों से रगड़ खाते हैं, जिससे फॉल्ट और तार टूटने की घटनाएं बढ़ गई हैं। रेजो गांव के दुनुखाड़ टोला में प्रदीप चौधरी, लखेया गांव में उदय ठाकुर व मनोज ठाकुर द्वारा तारों के नीचे लगाए गए बांस से बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। कनीय अभियंता कमल जी ने बताया कि दो दिन के अंदर संबंधित लोग स्वयं अपने बांस हटा लें अन्यथा उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही बुधवार को करकोमा फीडर से पेशका तक मेंटेनेंस के कारण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।



## सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन महिलाओं को मिलेगी राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** मंगलवार को रमना पंचायत के वन परिसर कार्यालय के पास नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन पंचायत मुखिया दुलारी देवी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। यह निर्माण पंचायत वित्त मद से कराया गया है। इससे पूर्व बना शौचालय जर्जर होकर अनुपयोगी हो गया था, जिससे स्थानीय लोगों विशेषकर महिलाओं को काफी परेशानी होती थी। लोगों ने इसे पंचायत की बड़ी उपलब्धि बताया। मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि यह कार्य उनका संकल्प था जिसे उन्होंने पूरा किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा, झामुमो नेता अनुज चंद्रवंशी, संदीप कुमार, मुन्ना पासवान, राजकरण राय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## तैबा हॉस्पिटल में डॉ. यासीन फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क पीएफटी जांच शिविर, 35 मरीज लाभान्वित

**गढ़वा।** तैबा हॉस्पिटल, मदरसा रोड में डॉ. यासीन फाउंडेशन के तत्वावधान में निःशुल्क पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 35 मरीजों की जांच की गई। शिविर में डॉ. यासीन अंसारी ने मरीजों को जांच और परामर्श दिया। टेक्नीशियन अवधेश राम, नसीम, नेहाल, असफाक, परवीन, मोदसीर और अहमद ने आयोजन को सफल बनाया। यह शिविर नियमित रूप से हर महीने होता है और जरूरतमंद मरीजों के लिए फाउंडेशन की यह पहल सराहनीय है।

## शांतिपूर्ण मुहर्रम आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक

**भवनाथपुर।** थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने की। बैठक में थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई आशीष आशुतोष सिन्हा, सीआई इंतेखाब आलम, जनप्रतिनिधि व दोनों समुदाय के गणमान्य लोग मौजूद रहे। पुलिस ने कहा कि अफवाहों से बचें, किसी भी गड़बड़ी की सूचना तुरंत दें। ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस नवीनीकरण व रूट चार्ट समय पर दें। चिन्हित स्थानों पर गश्ती बढ़ाई जाएगी और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रहेगी। कार्यक्रम का संचालन सुरेश गुप्ता ने किया।

## भंडरिया में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अभिजीत गौतम ने की। इसमें प्रखंड उपप्रमुख श्रद्धा देवी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बैठक में आपसी भाईचारे को बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई और सुरक्षा, चिकित्सा व आपात व्यवस्था पर गहन चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि अफवाहों से बचें और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस प्रशासन को तुरंत सूचित करें। बैठक में डॉ. अजय सिंह पटेल, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजू नायक, मुखिया मोनिका खलखो, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि विरझु सिंह, बबलू सिंहा, फैजुल हक, वाजुद्दीन अंसारी, फकीर मोहम्मद, मुमताज खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** | **सुब्रतो कप प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, जिला प्रतिनिधित्व के लिए मैदान में उतरीं 20 प्रखंडों की टीमें**

# उपायुक्त ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला, कहा - खेल अनुशासन व नेतृत्व का सशक्त माध्यम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में 64वीं जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का भव्य उद्घाटन मंगलवार को गढ़वा फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय के समीप स्थित मैदान में किया जा रहा है। यह चार दिवसीय आयोजन 1 जुलाई से 4 जुलाई तक चलेगा, जिसमें क्रमशः अंडर-17 बॉयज, अंडर-17 गर्ल्स, अन्दर-15 बॉयज और लिटिल चैंप (लड़के व लड़कियां) की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर एवं फुटबॉल पर किक मारकर किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक स्वागत गीत गाकर एवं बैंड बजाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उपायुक्त को स्मृति स्वरूप एक पौधा भेंट किया गया। उपायुक्त यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता जिले में खेलों की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ खिलाड़ियों में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरी हार्दिक इच्छा है कि इस बार गढ़वा जिले के खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के सभी 20 प्रखंडों की टीमें भाग ले रही हैं, और विजेता टीम को प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में गढ़वा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीप अग्रवाल, रमन कुमार सिंह, नीरज कुमार गिरी (फील्ड मैनेजर) सहित जिले भर के शिक्षक, संसाधन व्यक्ति, लेखापाल, खेल शिक्षक, साधनसेवी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।





(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग), झारखण्ड, सरकार
जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

दुधारू पशुपालकों के लिये आम सूचना

वितीय वर्ष 2025–26 में इस जिला के दुधारू पशुपालकों के लिये प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची स्थित **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण विषयक 06 दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण** हेतु मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों/डेयरी में दूध आपूर्तिकर्ता सदस्यों/दुधारू मवेशी वितरण के पूर्व सभी लाभुकों एवं अन्य दुधारू पशुपालकों से प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास योजनान्तर्गत निम्न वर्णित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु कार्यालय कार्य दिवस में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम विवरणी :–

| क्र.सं. | प्रशिक्षण अवधि | OSP | | | SCSP | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 01.07.2025 से 07.07.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 2 | 15.07.2025 से 21.07.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 3 | 05.08.2025 से 11.08.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 4 | 10.09.2025 से 22.09.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 5 | 14.10.2025 से 19.10.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 6 | 18.11.2025 से 24.11.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 7 | 02.12.2025 से 08.12.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 8 | 30.12.2025 से 05.01.2026 तक | 10 | 07 | 17 | 02 | 01 | 03 | |
| 9 | 20.01.2026 से 26.01.2026 तक | 10 | 07 | 17 | 02 | 01 | 03 | |
| 10 | 27.01.2026 से 02.02.2026 तक | 10 | 07 | 17 | 02 | 01 | 03 | |
| 11 | 10.02.2026 से 16.02.2026 तक | 10 | 07 | 17 | 02 | 01 | 03 | |
| | कुल योग :– | 110 | 70 | 180 | 22 | 18 | 40 | |

शर्ते–
(01) प्रशिक्षण के दरम्यान प्रशिक्षणार्थियों के लिये भोजन एवं आवासन की व्यवस्था निःशुल्क होगी
(02) प्रशिक्षण के दरम्यान प्रशिक्षणार्थियों को रू0 100/- प्रतिदिन के दर से दैनिक भत्ता एवं जिला से प्रशिक्षण संस्थान तक के लिए आने–जाने का भाड़ा का भुगतान प्रशिक्षणार्थियों के बैंक खाते में प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जायेगा।
(03) प्रशिक्षणार्थियों को अपने पास आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की मूल प्रति साथ रखना आवश्यक है।
(04) प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ बच्चा को लेकर प्रशिक्षण संस्थान जाना वर्जित है।
(05) योजना से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।
(06) प्रशिक्षणार्थियों की उम्र 18–55 वर्ष की होनी चाहिए।

PR 356261 (District)25-26*D
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,पलामू



जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार।
'पशुपालकों के लिए आम सूचना'

प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास), धुर्वा, राँची के पत्रांक– 275 दिनांक– 26.06.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में लातेहार जिला के लिए राज्य के अन्दर निःशुल्क दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। इच्छुक दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/स्वंय सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डल के सदस्य प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र) प्राप्त कर सकते है। उक्त आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी पूर्ण रूप से भरकर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड का छायाप्रति), एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड सुस्पश्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में जमा करना आवश्यक होगा। प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण संस्थान ध्रुर्वा, तक आने–जाने का मार्ग व्यय (रेल/बस भाड़ा) स्वयं वहन करना है, जिसकी प्रतिपूर्त्ति प्रशिक्षण सत्र के बाद उक्त संस्था द्वारा निर्धारित व्यय की राशि एवं दैनिक भत्ता 100 (एक सौ) रू० प्रतिदिन के दर से आवेदक के बैंक खाता के माध्यम से सीधे भुगतान कर दी जायेगी। आवेदक द्वारा भरे हुए अनुशंसित आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र) जमा करने के उपरान्त हीं प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जायगा।

| क्र० | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | | | | | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | OSP (सामान्य) | | | TSP (अ०ज०जा०) | | | SCSP (अ०जा०) | | | |
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 22.07.2025 से 28.07.2025 तक | 03 | 02 | 05 | 05 | 05 | 10 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 2 | 12.08.2025 से 18.08.2025 तक | 03 | 02 | 05 | 05 | 05 | 10 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 3 | 26.08.2025 से 01.09.2025 तक | 03 | 02 | 05 | 05 | 05 | 10 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 4 | 16.09.2025 से 22.09.2025 तक | 02 | 02 | 04 | 05 | 05 | 10 | 02 | 02 | 04 | 18 |
| 5 | 11.11.2025 से 17.11.2025 तक | 03 | 02 | 05 | 05 | 05 | 10 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 6 | 25.11.2025 से 01.12.2025 तक | 02 | 02 | 04 | 05 | 05 | 10 | 02 | 02 | 04 | 18 |
| 7 | 09.12.2025 से 15.12.2025 तक | 02 | 02 | 04 | 05 | 05 | 10 | 02 | 02 | 04 | 18 |
| 8 | 06.01.2026 से 12.01.2026 तक | 03 | 02 | 05 | 05 | 05 | 10 | 02 | 01 | 03 | 18 |
| 9 | 20.01.2026 से 26.01.2026 तक | 03 | 02 | 05 | 10 | 05 | 15 | 02 | 01 | 03 | 23 |
| 10 | 03.02.2026 से 09.02.2026 तक | 02 | 01 | 03 | 06 | 05 | 11 | 02 | 01 | 03 | 17 |
| 11 | 17.02.2026 से 23.02.2026 तक | 02 | 02 | 04 | 10 | 05 | 15 | 02 | 01 | 03 | 22 |
| | कुल योग :– | 28 | 21 | 49 | 66 | 55 | 121 | 22 | 18 | 40 | 210 |

पशुपालकों का चयन निम्नवर्णित अर्हता के अनुरूप किया जायेगा :–
1. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।
2. आवेदक संबंधित जिले के स्थायी निवासी एवं साक्षर पशुपालक हों जिनकी न्युनतम उम्र 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र 55 वर्ष हो।
3. दुधारू मवेशी पालन करते है या करने के इच्छुक है एवं पूर्व के विगत तीन वर्षो में संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किये हो।
4. झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्य क्षेत्र/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/सरकार के द्वारा विशिष्ट योजनाओं के लिए चयनित ग्राम के पशुपालकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
5. प्रशिणार्थियों को प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वंय वहन करना होगा जिसकी प्रतिपूर्त्ति प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची के द्वारा प्रशिक्षण उपरांत एवं दैनिक भत्ता 100 (एक सौ) रू० प्रतिदिन के दर से उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा।
6. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता पासबुक की मूलप्रति प्रशिक्षण में अपने साथ लेकर जाना अनिवार्य होगा।
7. महिलाओं को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार।
PR 356288 Animal Husbandry(25-26)D

# बालूमाथ में गड्ढे में डूबने से चार वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत



● खेलते-खेलते पानी से भरे गड्ढे में गिरा बच्चा, गांव में पसरा मातम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** लगातार बारिश अब जानलेवा साबित हो रही है। मंगलवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के मारंगलोइया हेबना गांव में एक चार वर्षीय बालक अंकित कुमार, पिता अनिल कुमार की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार बच्चा घर के पास खेल रहा था, इसी दौरान वह बारिश के पानी से भरे गड्ढे में गिर गया और डूब गया। बच्चे की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। गांव में शोक का माहौल है।

घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

घटनास्थल पर जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, मुखिया सोनामणि कुमारी, उप मुखिया रीता देवी, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार लूट और हत्या के मामलों में था वांछित

● टंडवा पुलिस की कार्रवाई, दो राइफल, बाइक और मोबाइल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में अवैध हथियारों के साथ एक आपराधिक गिरोह के सदस्य सिकंदर उर्फ जगदीश राम को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी थाना क्षेत्र के तेलियाडीह निवासी है और हत्या के एक मामले में भी फरार था।

एसपी सुमित अग्रवाल के निर्देश पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित टीम ने उसे मिश्रोल से गिरफ्तार किया। उसके पास से दो देशी रायफल (.315 बोर), एक बाइक और एक मोबाइल जब्त किया गया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी उमेश राम, पुअनि सुनील सिंह व अनंत दुबे शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### वन्य जीव क्षति पर 47 भुक्तभोगियों को मिला मुआवजा



**टंडवा (चतरा)।** वन क्षेत्र कार्यालय टंडवा में रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के नेतृत्व में राहम, सिदपा, सराढु, लेम्बुआ समेत अन्य वन्य पशु प्रभावित गांवों के 47 लाभुकों के बीच 5,44,357 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की गई। मौके पर राहम के मुखिया विश्वजीत उरांव, हंसदेव महतो, दिनेश्वर महतो समेत कई वनकर्मी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सासंग +2 उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित



**चंदवा।** सासंग +2 उच्च विद्यालय में मंगलवार को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव ने विद्यार्थियों को मेडल, मोमेंटो और प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाए हुए है और इसकी छात्राओं ने जिले में नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों की कमी दूर करने हेतु शिक्षा मंत्री से पहल की जानकारी भी दी।

### जन शिकायत निवारण में आए 13 मामले डीसी ने दिए शीघ्र निष्पादन के निर्देश

**लातेहार।** साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने 13 मामलों को सुना। भूमि विवाद, मुआवजा, स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। हरेंद्र कुमार ने मूक-बधिर पुत्र के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमानुसार त्वरित सहायता दी जाए।

### जंगली हाथियों ने तोड़े चार घर बरसात में बेघर हुए ग्रामीण



**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ के बसरिया टोला गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने चार किसानों के घर तोड़ दिए। पीड़ित बबलू यादव, गणेश यादव, रामदयाल यादव और भौतर यादव ने बताया कि अनाज और घरेलू सामान को नुकसान हुआ है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा मौके पर पहुंचे और कहा कि वन विभाग त्वरित राहत, मुआवजा व आवास उपलब्ध कराए। रेंजर नंदकुमार महतो ने कहा कि नुकसान का आकलन कर विभागीय प्रक्रिया के तहत मुआवजा दिया जाएगा।




### सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में प्रतिभा सम्मान समारोह में जिला मेधा सूची में शामिल 10 विद्यार्थियों सहित कुल 16 मेधावियों और उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह, उपहार और पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता नीरज कुमार लाल और ब्रजेश सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन रेणु गुप्ता ने किया। समारोह में कोमल सिंह, प्राची गुप्ता, शौर्य राज, हामिया खातून सहित अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# सांसद ने किया व्यायामशाला का उद्घाटन युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया प्रेरित

● जिला खेल स्टेडियम के पास भारत माता भवन में जिम सेंटर का लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सांसद कालीचरण सिंह ने मंगलवार को भारत माता भवन, लातेहार में अत्याधुनिक व्यायामशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र से खिलाड़ियों और युवाओं को लाभ मिलेगा तथा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद मिलेगी। यह जिम योग, मेडिटेशन और कार्डियो की सुविधाओं से युक्त है। महिलाओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। जिम संचालन का समय सुबह 5:00 से 9:30 और शाम 5:00 से 8:30 तक रहेगा। विद्यार्थियों के लिए मासिक शुल्क 500 और अन्य के लिए 1000 रुपये तय किया गया है। इस मौके पर विधायक प्रकाश राम, उपविकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण गगराई, सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सीआईएसएफ अग्निशमन दल को मिलेगा उच्चस्तरीय प्रशिक्षण

**टंडवा (चतरा)।** सीआईएसएफ टंडवा में कार्यरत अग्निशमन दस्ते को विशेष प्रशिक्षण देने की तैयारी चल रही है। उप-कमांडेंट सनुज कुमार ने बताया कि हैदराबाद स्थित अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र में टीम का नामांकन किया जाएगा। प्रधान आरक्षक संजीव सुमन ने बताया कि अग्निशमन दल को नवाचार आधारित तकनीकों, रासायनिक/जैविक आपात स्थितियों, सीबीआरएन हमलों आदि से निपटने की बारीकियों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

## भारी बारिश से बह गई मोहनपुर की सड़क, गांव टापू में तब्दील



● विभागीय उदासीनता पर ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क नहीं बनी तो करेंगे चुनाव बहिष्कार

**कुंदा (चतरा)।** मोहनपुर गांव में बारिश के कारण एकमात्र संपर्क मार्ग बह जाने से गांव टापू में तब्दील हो गया है। ग्रामीण अरुण यादव, मिथलेश महतो, जतन यादव आदि ने कहा कि वर्षों से पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों और विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क नहीं बनी तो आगामी चुनाव में वे मतदान का बहिष्कार करेंगे।

### भोगनाडीह में आदिवासियों पर लाठीचार्ज के विरोध में सीएम का पुतला दहन

**लातेहार।** भोगनाडीह (संथाल परगना) में हुल दिवस के दिन आदिवासियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में लातेहार भाजपा ने समाहरणालय गेट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने की। चतरा सांसद काली चरण सिंह ने कहा कि पुलिस कार्रवाई आदिवासी अस्मिता पर हमला है। लातेहार विधायक प्रकाश राम व पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने भी घटना की कड़ी निंदा की। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कुंदा प्रखंड में हुई बैठक

**कुंदा (चतरा)।** उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देशानुसार कुंदा प्रखंड मुख्यालय में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार की अध्यक्षता में आंगनवाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं और सहिया के साथ बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने को लेकर कई निर्देश दिए गए। बैठक में टीकाकरण अभियान को तेज करने, कुपोषित बच्चों की पहचान और उन्हें एमटीसी भेजने, गर्भवती महिलाओं को 3 बार एएनसी जांच के लिए प्रेरित करने, डायरिया की रोकथाम हेतु ओआरएस और जिंक की घर-घर आपूर्ति तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की मोबाइल आधारित प्रशिक्षण प्रक्रिया पर चर्चा हुई।

### मोहर्रम पर्व को लेकर बारियातू में शांति समिति की बैठक



**बारियातू (लातेहार)।** आगामी 6 जुलाई को मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर बारियातू थाना परिसर में सीओ नंद कुमार राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुहर्रम जुलूस की सुरक्षा, सोशल मीडिया निगरानी, लाठी-तलवार खेल के दौरान संयम बरतने, बिजली तारों की सुरक्षा, और नाबालिगों को बाइक न सौंपने जैसे निर्देश दिए गए। पुलिस निरीक्षक प्रमानंद गिरवा, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, समाजसेवी व जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### रैयतों ने लगाया आरोप : कंपनी बात करने को भी तैयार नहीं

**चंदवा।** महुआमिलान श्रमिक सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड जमीरा के बैनर तले मंगलवार को एस्सार पावर लिमिटेड से विस्थापित और प्रभावित रैयत चंदवा स्थित प्लांट पहुंचे। बताया गया कि प्लांट को टेकओवर कर रही कंपनी ओड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड से मिलने की कोशिश की गई, लेकिन किसी भी अधिकारी से बात नहीं हो पाई। समिति ने कहा कि नई कंपनी पिछले तीन माह से प्लांट परिसर में कार्यरत है, लेकिन पूर्व के कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया है और उनका वेतन भी रोक दिया गया है। रैयतों का आरोप है कि जब वे कंपनी अधिकारियों से अपनी समस्या साझा करना चाहते हैं, तो उन्हें बहलाया जा रहा है। पूर्व में रैयतों ने धरना भी दिया था, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# डॉक्टर्स डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन

● तापा लाइफ लाइन हॉस्पिटल के सौजन्य से धर्मपुर ब्लड बैंक में हुआ शिविर, मोहित मितेश ने किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**




फोटो : 8

**लातेहार।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर तापा लाइफ लाइन हॉस्पिटल द्वारा मंगलवार को धर्मपुर स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के संचालक डॉ. एस.के. सिंह ने कहा कि हर वर्ष डॉक्टर दिवस के मौके पर इस प्रकार के आयोजन होते हैं ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके।

शिविर की शुरुआत राठौर कॉम्प्लेक्स निवासी मोहित मितेश ने रक्तदान कर की। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। वहीं अंबाकोठी निवासी 18 वर्षीय रक्षित राज ने पहली बार रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया।

लैब टेक्नीशियन विनय कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में लगभग 12 यूनिट रक्त संग्रह होने की संभावना है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 4 जुलाई को डीवीसी द्वारा भी रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। मौके पर हॉस्पिटल के मैनेजर धीरेन्द्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मूरपा में आवारा कुत्ते का हमला, 9 वर्षीय बालक घायल

**बालूमाथ (लातेहार)।** मंगलवार को मूरपा गांव में एक आवारा कुत्ते ने नौ वर्षीय बालक अमित कुमार पर हमला कर घायल कर दिया। वह घर के पास खेल रहा था, तभी अचानक कुत्ते ने काट लिया। परिजनों ने उसे तत्क्षण बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉ. नीरज कुमार ने प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज का टीका दिया। ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### महुआडांड़ में पुलिस ने पकड़ा 53 किलो प्रतिबंधित मांस

**महुआडांड़।** सोमवार शाम अंबवाटोली पंचायत में प्रतिबंधित मांस बिक्री की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर 53 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी जावेद अंसारी उर्फ कैफ अंसारी घर में ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने अंचल अधिकारी संतोष कुमार बैठा की मौजूदगी में ताला तोड़कर घर की तलाशी ली। इस दौरान मांस के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, चाकू, टब और एक स्कूटी भी बरामद की गई। पशु चिकित्सक मयानंद मोर्य द्वारा मांस के प्रतिबंधित होने की पुष्टि की गई है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि फरार आरोपी और उसके सहयोगियों की तलाश की जा रही है। इस अभियान में पुअनि अरविंद हेरेंज, मोहम्मद शमशेर समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

## एसबीआई का 70वां स्थापना दिवस बालूमाथ शाखा में मनाया गया



● केक काटकर मनाया गया जश्न, ग्राहक सेवा केंद्रों की सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** भारतीय स्टेट बैंक की भैंसादोन शाखा में मंगलवार को 70वां स्थापना दिवस मनाया गया। शाखा प्रबंधक जयंत कुमार की अगुवाई में बैंक को सजाया गया और बैंककर्मियों एवं ग्राहकों ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को बधाई दी। प्रबंधक जयंत कुमार ने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने की प्रतिबद्धता दोहराई और बताया कि शाखा द्वारा संचालित 24 ग्राहक सेवा केंद्र बड़ी उपलब्धि हैं। इस अवसर पर सर्विस मैनेजर एचएन सिंह, फील्ड ऑफिसर विश्वनाथ रॉय, प्रमोद कुजूर, आलोक मिंज, समीर एक्का, संजय खलखो, गोरखनाथ मुंडा, कामेश्वर लोहरा, नंदकुमार यादव, सुजीत यादव और महेश्वर साहू सहित अन्य बैंककर्मी उपस्थित थे।

### अवैध महुआ दारू कारोबार पर बालूमाथ पुलिस का शिकंजा

**बालूमाथ।** मंगलवार को बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बाजार टांड़ में छापेमारी कर पुलिस ने अवैध रूप से बिक रहे महुआ शराब पर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने मौके से करीब डेढ़ सौ लीटर महुआ दारू जब्त कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। छापेमारी की भनक लगते ही दारू बेचने वालों के बीच अफरा-तफरी मच गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि क्षेत्र में दोबारा अवैध शराब बेचने की कोशिश की गई तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुहर्रम को लेकर सिमरिया में शांति समिति की बैठक संपन्न

**सिमरिया (चतरा)।** मुहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को सिमरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने की। थाना प्रभारी प्रियेश प्रसुन ने कहा कि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। पर्व में खलल डालने वाले तत्वों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। बैठक में कहा गया कि ताजिया जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस अनिवार्य होगा। प्रत्येक अखाड़े को रूट मैप, फोटो और मोबाइल नंबर के साथ आवेदन देना होगा। इस बार प्रखंड के 25 अखाड़ों द्वारा 6 जुलाई को जुलूस निकाला जाएगा, जबकि 7 जुलाई को जबड़ा कुट्टी और एदला में जुलूस निकलेगा। बैठक में डीजे साउंड सीमित रखने, वालंटियर तैनाती और ट्रैफिक नियंत्रण जैसे सुझावों पर भी चर्चा हुई। मौके पर सीआई रामचंद्र साव, मुखिया अनिता देवी, शकुंतला देवी, आलोक रंजन, मो. अख्तर, मो. उस्मान समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

### 5 जुलाई तक बंद रहेगी गिद्धौर की अंग्रेजी शराब दुकान

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान को उत्पाद विभाग, प्रखंड प्रशासन एवं अंचल कार्यालय की संयुक्त कार्रवाई में मंगलवार को शील कर दिया गया। यह कार्रवाई प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा तथा उत्पाद निरीक्षक अभिषेक आनंद के नेतृत्व में की गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा एवं अन्य सामग्रियों के भौतिक सत्यापन तथा हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया के तहत दुकान को ील किया गया है।

# दबंगों ने महिला का बंद कराया हुक्का-पानी, आत्मदाह की चेतावनी

● खाद्य सामग्री और मजदूर देने से रोका, थाने में शिकायत दर्ज



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** स्थानीय गांव की एक महिला राधिका देवी ने गांव के ही कुछ लोगों पर सामाजिक बहिष्कार कर हुक्का-पानी बंद कराने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने कहा है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो उसे आत्मदाह के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

महिला ने पत्थलगड़ा थाने में राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजू डॉक्टर, रुद्रनाथ दांगी, विनय दांगी समेत अन्य के खिलाफ शिकायत की है। आरोप है कि उक्त लोगों ने पूरे गांव में उसकी दुकानदारी व जीवन-यापन की व्यवस्था बंद करवा दी है। पीड़िता ने बताया कि बीमार बच्चे के लिए दवा व राशन लेने गई तो दुकानदारों ने सामान देने से मना कर दिया। उसके घर में चल रहे पीएम आवास कार्य को भी रुकवा दिया गया है।

राजेंद्र, रुद्रनाथ और विनय ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

प्रभारी बीडीओ उदल राम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।


**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–119/2025

आम इस्तेहार

आवेदक कामेश्वर मांझी पिता–स्व0 पृथ्वी मांझी, सा0–विशुनपुर, थाना+जिला–लातेहार द्वारा कुमारी रंजनी रानी, पति–ओम प्रकाश पासवान, सा0–बारियातु खालसा, थाना+जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|
| चन्दनडीह | 50 | 261 | 0.11 |
| बारियातु खालसा | 09 | 654 | 0.27 |
| | | कुल– | 0.38 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 356225 District(25-26).D

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

अनुमति वाद संख्या–120/2025

आम इस्तेहार

आवेदक फुलदेव मुण्डा, पिता–स्व0 बोधा मुण्डा, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 149 | 1074 | 0.45 |
| | | 1079 | 0.11 |
| | | 1356 | 0.48 |
| | | 1358 | 0.94 |
| | | 1359 | 0.06 |
| | | 1637 | 0.55 |
| | | 1643 | 0.02 |
| | | 1652 | 0.96 |
| | | 1746 | 0.34 |
| | | कुल रकबा– | 3.91 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 356228 (District) 25-26 (D)

# पहली बारिश में ही दरका पुल, हादसे को दे रहा न्योता



● सेन्हा- अरू पंचायत को जोड़ने वाला पुल बना खतरे की घंटी, विभागीय लापरवाही उजागर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** कुछ माह पूर्व करोड़ों की लागत से बना सेन्हा से अरू पंचायत को जोड़ने वाला पुल पहली ही बारिश में जर्जर हालत में पहुंच गया है। पुल के दोनों छोर की सड़क पर गहरी दरारें पड़ चुकी हैं, वहीं बीचोबीच लगभग डेढ़ से दो फीट गहरा गड्ढा बन गया है। यह स्थिति न केवल निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती है, बल्कि राहगीरों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पुल पर रोलर से समुचित जमावट नहीं की गई थी। यही कारण है कि हल्की बारिश के बाद ही सड़क की मिट्टी धंसने लगी और डामर पर दरारें उभर आईं। यह मार्ग दर्जनों गांवों को जोड़ता है और रात के समय भारी आवागमन होता है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इसपर कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी भी संभावित दुर्घटना की जिम्मेवारी किसकी होगी-विभाग की या संवेदक की? यह स्थिति इस बात का संकेत देती है कि यदि सड़क का यह हाल है, तो पुल निर्माण में भी गुणवत्ता के साथ कितना समझौता किया गया होगा, इसका अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं पथ निर्माण विभाग से मांग की है कि इस सड़क की मरम्मत अविलंब कराई जाए और पूरे पुल निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## बदला नदी से फतेहपुर सड़क निर्माण में घोर लापरवाही



**लोहरदगा।** बदला नदी से लेकर फतेहपुर तक सड़क निर्माण में की जा रही लापरवाहियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ता पवन तिग्गा ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों बाद इस क्षेत्र में सड़क और आरसी पुलिया का निर्माण तो शुरू हुआ है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता में घोर अनियमितताएं बरती जा रही हैं। पवन तिग्गा ने कहा कि अरेया गांव से आगे बोगा मोड़ के पास बन रही आरसी पुलिया में मिट्टी मिला बालू, मानक विहीन छोटा मेटल साइज का पत्थर और कमजोर किस्म की सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। यह गंभीर लापरवाही भारी वाहनों की आवाजाही वाली सड़क के लिए भविष्य में जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से 22 टन, 18 टन और 15 टन तक वजन ढोने वाले भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और पानी जमा हो गया है। इससे आम लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाई हो रही है। पवन तिग्गा ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि निर्माण कार्य की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित कर संवेदक के कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते जांच नहीं की गई तो भारतीय जनता पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इस मौके पर तपेश्वर प्रजापति, मनोज उरांव, दिलीप कुमार, विनय प्रजापति, बलराम प्रजापति, बंटी साहू, सन्नी प्रजापति, सूर्यकांत सिंह, कुलदीप कुमार, संदीप प्रजापति, श्याम नंदन प्रजापति, लक्ष्मिंदर उरांव, विष्णु प्रजापति सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

# मौसीबाड़ी में प्रतिदिन हो रहा भगवान जगन्नाथ का भंडारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अग्रसेन पथ स्थित श्री भोले नाथ कुटिया महादेव मंदिर (बुच्चा तालाब) प्रांगण मौसीबाड़ी में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की भव्य पूजा-अर्चना के साथ प्रतिदिन भंडारे का आयोजन हो रहा है। भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हो रहा है। भक्तों की आस्था इस कदर उमड़ी हुई है कि हर दिन दोपहर और शाम को भोग के बाद प्रसाद पाने के लिए लोग कतारबद्ध होकर पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भगवान को कटहल के कोआ, खीर, चावल-दाल, पूड़ी, सब्जी, बूंदिया, रसगुल्ले, काला जामुन और पापड़ सहित विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया। भोग के पश्चात पत्तल में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालु पत्तल में प्रसाद ग्रहण कर डस्टबिन में पत्तल डाल पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी दिखा रहे थे। आयोजन स्थल पर पुजारी देवनारायण पांडेय, प्रमोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अजय मित्तल, सुषमा देवी, राहुल कुमार, अनिता कुमारी, गौरव अग्रवाल, सुनील अग्रवाल समेत कई अन्य श्रद्धालु व कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को बल्कि सामूहिक सहयोग और समर्पण की भावना को भी प्रकट करता है। मौसीबाड़ी का यह आयोजन आने वाले दिनों में और भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता रहेगा। श्री कुटिया मंदिर एंव मौसीबाड़ी व्यवस्था समिति के लोगों ने बताया कि घूरती रथ यात्रा तक ऐसे ही भंडारा हर दिन होते रहेगा। हर दिन दोपहर और शाम में भण्डारा का आयोजन हो रहा है। श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार व सामर्थ्य अनुसार इसमें आर्थिक और शारीरिक सहयोग दे रहे हैं।

### लैंप्स की लापरवाही से किसान परेशान, प्रशासन ने शुरू की सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया

# धान का भुगतान लंबित, इसी माह केंद्र की टीम करेगी निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित लैंप्स ( की लापरवाह कार्यशैली से किसान और प्रशासन दोनों ही परेशान हैं। किसानों द्वारा गत वर्ष खरीफ सत्र में लैंप्स के माध्यम से धान जमा किया गया था, लेकिन अब तक उन्हें सरकारी भुगतान नहीं मिल पाया है। इस वजह से किसान चालू खरीफ सत्र में धान की खेती के लिए जरूरी आर्थिक मदद से वंचित रह गए हैं। स्थानीय प्रशासन लगातार संबंधित लैंप्स के अध्यक्ष और प्रबंधकों पर दबाव बना रहा है ताकि किसानों को समय पर भुगतान मिल सके। लेकिन बावजूद इसके, लैंप्स अधिकारियों की उदासीनता खत्म नहीं हो रही है। अब जिला प्रशासन ने लापरवाह लैंप्स पदाधिकारियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।




**लैंप्स की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएसओ**

डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने कहा कि, “पिछले खरीफ सत्र में जिले भर में 51,660.04 क्विंटल धान का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन बूटी, किस्को, भौरों और हेसापीढ़ी लैंप्स द्वारा 1171.76 क्विंटल धान अभी तक राइस मिलों में नहीं पहुँचाया गया है। इसे लेकर कठोर कार्रवाई तय है।”

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सेन्हा प्रखंड के बूटी लैंप्स अध्यक्ष शंकर उरांव ने 380.42 क्विंटल धान, किस्को लैंप्स अध्यक्ष जतरू उरांव ने 50.62 क्विंटल धान को अब तक कमला देवी राइस मिल में जमा नहीं किया है। इसी तरह, भंडरा लैंप्स के प्रबंधक परमानंद प्रजापति ने 264.88 क्विंटल व हेसापीढ़ी लैंप्स के प्रबंधक विनोद सिंह ने 109.41 क्विंटल धान को लोहरदगा राइस मिल में अब तक नहीं पहुँचाया है। इससे संबंधित किसानों को उनके धान का भुगतान नहीं मिल सका है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने पत्रांक 708, दिनांक 21 जून को सभी संबंधित लैंप्स अध्यक्ष व प्रबंधकों को अंतिम चेतावनी दी थी कि वे एक सप्ताह के भीतर अवशेष धान राइस मिल में जमा कराएं, अन्यथा सीधी नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बावजूद इसके, अब तक निर्देश का अनुपालन नहीं हुआ है। किसानों के हित में उठाया गया यह प्रशासनिक कदम अत्यंत आवश्यक प्रतीत हो रहा है। अब देखना होगा कि लैंप्स के अध्यक्ष और प्रबंधक समय रहते चेतते हैं या प्रशासन को उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी।

लोहरदगा आकांक्षी जिला के रूप में सूचीबद्ध है और इसी कड़ी में जुलाई के प्रथम सप्ताह में भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की टीम जिले का दौरा करेगी। टीम द्वारा स्थानीय धान अधिप्राप्ति केंद्र, राशन दुकानों और गोदामों का निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही, राशन कार्डधारियों से फीडबैक और शिकायतकर्ताओं से मुलाकात कर समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।

# बगड़ू में सीएसआर मद से हिंडाल्को ने बांटा धान मक्का का बीज

● बीज वितरण कार्यक्रम में भारतीय खान ब्यूरो, रांची के क्षेत्रीय नियंत्रक हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** बगडू खनन क्षेत्र अंतर्गत हिंडाल्को सीएसआर के माध्यम से उन्नत कार्यक्रम के तहत बीज वितरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय खान ब्यूरो के क्षेत्रीय नियंत्रक संदीप कुमार सिंह, हिंडालको के सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, एजीएम तापस गच्छायत उपस्थित रहे। आज धान 1200 किग्रा एवं मक्का 500 किग्रा के बीज किसानों के बीच वितरित किए गए। इस अवसर पर भारतीय खान ब्यूरो के क्षेत्रीय नियंत्रक संदीप कुमार सिंह ने किसानों को अच्छी फसल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि किसान आधुनिक तरीकों से खेती अच्छी मुनाफा कमा सकते हैं। सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने भी किसानों को अच्छी फसल के लिए शुभेच्छा दी। मौके पर भूगर्भशास्त्री गौरी शंकर प्रसाद, सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा, सहायक प्रबंधक सुनील चौधरी, आशुतोष शाहा, अभिनव कुमार, मलय पुष्टि, सौरभ कुमार, मुन्ना भगत, उमेश महतो, चिंता देवी आदि उपस्थित रहे। लाभुकों में ग्राम केंदतोली, बेटहट, केंदटोली, बांडी, जामुनतोली, हिसरी, बगड़ू हिल, दलदलीया, चांपी के किसान उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर

● संघ व समाज के लिए अपूरणीय क्षति : सच्चिदानंद अग्रवाल



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुमला विभाग के सम्पर्क प्रमुख एवं श्रीशंकर तिवारी सेवा न्यास, लोहरदगा के सचिव सुधीर अग्रवाल (पुत्रः स्व. देवकी प्रसाद अग्रवाल) का 64 वर्ष की आयु में 30 जून 2025 को बैंगलोर स्थित नारायणा अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके असमय निधन से संघ परिवार, सामाजिक संस्थानों एवं पूरे लोहरदगा जिले में गहरा शोक व्याप्त है। उनके असामयिक निधन से पूरे लोहरदगा जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन, समाजिक संगठन और आम नागरिक स्तब्ध हैं। सुधीर अग्रवाल एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे, जो वर्षों से समाजसेवा, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे थे। बचपन से संघ विचारों से जुड़ाव रखने वाले, हंसमुख और विनम्र स्वभाव के सुधीर जी विपरीत परिस्थितियों में भी संघ कार्य को सर्वोपरि रखते थे। वे संगठन, सेवा, समाज और संस्कृति के मजबूत स्तंभ थे। जीवन पर्यंत राष्ट्र सेवा, सामाजिक समर्पण और हिंदुत्व के मूल्यों को उन्होंने जिया। उनकी सादगी, समर्पण और कर्मशीलता सदैव स्वयंसेवकों को प्रेरित करती रहेगी। वे कुछ दिन पूर्व तक सामान्य अवस्था में लोगों से मिलते-जुलते, हंसी-मजाक करते देखे गए। आरएसएस झारखंड प्रान्त संघचालक, सच्चिदानंद लाल ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम सभी के बीच सुधीर अग्रवाल नहीं हैं। उनका जाना संघ व समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनके पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इधर विश्व हिंदू परिषद, लोहरदगा के अध्यक्ष रितेश कुमार ने गहरे दुख के साथ कहा कि सुधीर अग्रवाल जी हमारे मार्गदर्शक थे। देश, धर्म और सनातन समाज को लेकर वे हमेशा गंभीर रहते थे। उनका जाना समाज की अपूरणीय क्षति है। भगवान उन्हें श्रीचरणों में स्थान दें। धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुधीर अग्रवाल जी समाज के लिए समर्पित थे। उनका लगाव, निष्ठा और प्रेम सदैव याद किया जाएगा। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मोहन दुबे ने कहा कि सुधीर भैया का आकस्मिक निधन हम सबों के लिए अत्यंत ही दुखद समाचार है। अपूरणीय क्षति है। इसे व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। सुधीर भैया एक हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थे सभी सामाजिक धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते थे। सबसे हंसकर बात करना मिलना यही उनकी पहचान थी।

### सरकार के खिलाफ भाजपा का पुतला दहन, आदिवासी समाज पर लाठीचार्ज का विरोध

# जनता की आवाज को दबाने की साजिश अब नहीं चलेगी : मनीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भाजपा, जिला लोहरदगा द्वारा पावरगंज चौक पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने किया। पुतला दहन के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए मनीर उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन और उनकी सरकार आदिवासी संस्कृति को कुचलने का कार्य कर रही है। भोगनाडीह में हूल दिवस के अवसर पर शांतिपूर्ण रूप से एकत्रित आदिवासी युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों पर जिस प्रकार से लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले बरसाए गए, वह एक कायराना और शर्मनाक हमला था। यह सीधे-सीधे आदिवासी अस्मिता पर प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में अंधी हो गई है और जिस आदिवासी समाज के समर्थन से सत्ता में आई है, उसी को मिटाने की कोशिश कर रही है। आज राज्यभर में आदिवासियों की जमीन, जल और जंगल असुरक्षित हैं। ग्राम प्रधानों, पाहानों की हत्या हो रही है, और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। जनता की आवाज को दबाने की साजिश अब नहीं चलेगी। आदिवासी समाज अब गांव-गांव में सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करेगा। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से अनिल उरांव, अजय कुमार पंकज, पशुपतिनाथ पारस, मिथुन तमेड़ा, लक्ष्मी नारायण भगत, राजकुमार वर्मा, सचिन सिंघानिया, सजल कुमार, बाल्मीकि कुमार, सामेला भगत, सरस्वती देवी, अशोक कास्यकार, संजय महतो, कुलदीप सिंह, आकाश वर्मा, प्रद्युम्न पाठक सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

**त्यौहारों की तैयारी** | थाना परिसर में मुहर्रम व रथयात्रा को लेकर शांति समिति का बैठक हुआ संपन्न

# सभी जगहों में 6 को व सेन्हा में 7 को लगेगा मोहर्रम का मेला

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना परिसर में मंगलवार को अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में मोहर्रम त्योहार और रथयात्रा शांति पूर्वक सौहार्द से कराने को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। मोहर्रम जुलूस का सभी अखाड़ा कमिटी के पदाधिकारियों से जुलूस भ्रमण और मेला आयोजन का चर्चा करते हुए अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि मुहर्रम और रथयात्रा का त्योहार सभी लोग मिल जुल कर मनायेंगे पर्व त्यौहार सभी के लिए होता है। जिसे आपसी सौहार्द तथा भाईचारा के साथ मनये तो सभी को खुशी लगेगी। मुहर्रम और घूरती रथयात्रा को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था का चाक चौबंद इंतजाम किया जाएगा। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि असमाजिक तत्वों से निपटने के लिये पुलिस प्रशासन तैयार है। कोई भी व्यक्ति गलत अफवाह फैला कर शांति भंग करने का प्रयास नही करेंगे और अगर गलत अफवाह फैलाकर जो भी शांति भंग करेंगे तो उन पर विधि सम्मत करवाई किया जाएगा। साथ ही कहा कि दोनों समुदाय का त्यौहार है। इस लिये सभी लोग एक दूसरे के साथ मिल कर त्यौहार मनाऐंगे तो समाज मे प्रेम व भाईचारा का संदेश पंहुचेगा। जिसे आने वाले समय मे लोग याद करेंगे और परम्परा को कायम रखेंगे। वही प्रेम व आपसी भाईचारा के साथ मुहर्रम और रथयात्रा का त्योहार मनाने के लिए शांति समिति के लोगों ने भी प्रशासन को भरोसा दिलाया। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू, एसआई मनीष कुमार महतो, दयानन्द सरस्वती, रविकांत प्रसाद, अविनाश राम, एएसआई जमशेद खान, अलबिना लकड़ा के अलावे संसद प्रतिनिधि नन्दकिशोर शुक्ला के अलावे शौकत अंसारी सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## ग्रामीण इलाकों में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर पुलिस-प्रशासन सक्रिय



**लोहरदगा।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोहरदगा थाना के पुलिस अधिकारी रमेश तिवारी ने की। इस अवसर पर चौकीदार समसुल अंसारी के साथ-साथ मोहर्रम कमेटी के प्रमुख सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बैठक में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने, डीजे व जुलूस के समय, सुरक्षा व्यवस्था, रूट निर्धारण, और समय सीमा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। पुलिस अधिकारी रमेश तिवारी ने सभी से अपील की कि मोहर्रम पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें, तथा किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाएं।

## न्यूज बॉक्स

### “मेडिएशन फॉर द नेशन” कैंपेन प्रारंभ



**लोहरदगा।** सुप्रीम कोर्ट, और नालसा, नई दिल्ली के आदेशानुसार देश के सभी उच्च न्यायालय और व्यवहार न्यायालयों में लंबित मामलों को निपटाने के लिए 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान "मेडिएशन फॉर द नेशन" कैंपेन शुरू किया गया। यह कैंपेन 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक जारी रहेगा। इस क्रम में झालसा रांची के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2025 को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में डालसा, लोहरदगा में कार्यरत सभी मध्यस्थों की बैठक हुई। जिसमें "मेडिएशन फॉर द नेशन" कैंपेन को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं बताया गया कि इस कैंपेन के दौरान न्यायालय में लंबित अधिक से अधिक सुलहनीय योग्य मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य है। वहीं पक्षकारों को मध्यस्थता की कार्यवाही में भाग लेने का ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड में भाग लेने का विकल्प उपलब्ध होगा। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता को एक पसंदीदा, सौहार्दपूर्ण विवाद समाधान पद्धति के रूप में आगे बढ़ाना है। जिससे न्यायालय में लंबित मामले कम होंगे। वहीं उन्होंने बताया कि इस कैंपेन में वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली मामले, बंटवारा के मुकदमे, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण विवाद सहित अन्य सुलहनीय मामलों का निपटारा किया जाएगा। मौके पर मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, लाल दीपक कुमार, लाल धर्मेंद्र देव, सुरीला देवी, कुमार चंद्रशेखर, युगल किशोर प्रसाद, पवन कुमार, बुधनाथ साहू उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों ने भागलपुर बिहार में लहराया परचम



**लोहरदगा।** उत्तर पूर्व क्षेत्र बिहार में भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंधन समिति बिहार में आयोजित गणपतराय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल नरगाकोठी चम्पारण भागलपुर में 28- 29 जून को विद्या विकास समिति झारखंड के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया अंडर 17 खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंदना सभागार में प्रतिभागी भैया को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद,विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शारीरिक खेल प्रमुख जोधन सिंह, मधुमिता शर्मा प्रमेंद्र सिंह, मंजु देवी एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार गौरवान्वित है । प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी।

### किसानों के बीच अरहर व मडुआ बीज का वितरण



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक भवन भैसमुंदो में मंगलवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तत्वावधान में आत्मा परियोजना द्वारा 30 किसानों के बीच अरहर व 35 किसानों के बीच मडुआ बीज वितरण किया गया। मौके पर बीटीएम प्रियांशु मिंज ने कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए संकल्पित है। किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार निःशुल्क बीज मुहैया करा रही है, ताकि किसान अपने कम लागत पर बेहतर पैदावार को बढ़ावा दें सकें। उन्होंने किसानों के बीच अरहर, मडुआ व मक्का बीज वितरण करते हुए खेती करने की विधि, जैविक खाद का प्रयोग, कीटनाशक का छिड़काव से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर एटीएम अजय कुमार, अंजू रुंडा, सरस्वती साहू, चंद्रिका सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### जय श्रीराम समिति की कोर कमेटी बैठक



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक हटिया मोहल्ला स्थित जिला कार्यालय में कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के महिला एवं पुरुष जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती के लिए आगामी रणनीतियों पर चर्चा करना था। एक-एक कर सभी पदाधिकारियों ने कोर कमेटी के समक्ष अपने विचार साझा किए। कोर कमेटी ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संगठनात्मक दिशा में ठोस कार्ययोजना पर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में सदस्यता पुनः सक्रिय करने हेतु कार्ड उपलब्ध कराना, प्रत्येक रविवार बैठक की शुरुआत करना, रक्तदान शिविर का आयोजन, महिला एवं पुरुष पदाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करना और संगठनात्मक फंड का निर्माण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। कोर कमेटी सदस्य प्रो. शिवदयाल साहू ने कहा कि संगठन की मजबूती आप सभी के कंधों पर है। बिना रणनीति के आगे बढ़ना मुश्किल है, लेकिन आप सभी को मिलकर इन चुनौतियों से निपटना होगा। कोर कमेटी अध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा कि हर दो माह में कोर कमेटी व जिला कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि सभी बिंदुओं की समीक्षा की जा सके। आगामी सावन माह को देखते हुए तीर्थयात्रा की रूपरेखा तैयार करने का सुझाव भी दिया।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**कुडू।** आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर कुडू थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ लोहरदग़ा श्रद्धा केरकेट्टा उपस्थित रही। बैठक में यह जानकारी भी साझा की गई कि तीन जुलाई सप्तमी, चार जुलाई अष्टमी की रात एवं 6 जुलाई को दिन में मुहर्रम का जुलूस निकलेगा। एवं पंडरा, छाता बर और चंडू कर्बला में मेला लगेगा। बैठक में एसडीपीओ ने स्पष्ट रूप से सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट या वीडियो वाट्सएप या फेसबुक पर न डालें। यदि गलती से ऐसा कोई वीडियो या ऑडियो प्ले हो जाए तो उसे तत्काल डिलीट कर दें। उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोग गार्जियन (अभिभावक) हैं, और उनका कर्तव्य है कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखें।

# राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोड़ेदाग का भवन हुआ जर्जर

● छत गिरने की खतरे से भय के माहौल में पढ़ रहे विद्यार्थी





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोड़ेदाग का चार भवन बिल्कुल जर्जर हो चुका है और बरसात में कभी भी गिरने का खतरा बना हुआ है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक मनमोहन मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को बहुत ही रिस्क लेकर पढ़ाया जा रहा है भवन का छत इतना जर्जर हो गया है कि कभी भी गिर सकता है। सूखे दिनों में तो बच्चों को बाहर बरामदा में पढ़ाया जाता है लेकिन बरसात में बहुत ही परेशानी उठाना पड़ता है भय के माहौल में बच्चों को कमरे में ही बैठाया जाता है। इस विद्यालय में कुल सात कमरा है जिसमें से चार तो जर्जर हो चुके हैं और तीन कमरों में सभी बच्चों को बैठा पाना बहुत मुश्किल है क्योंकि इस विद्यालय में कुल चार सौ बच्चे अध्ययनरत हैं। 2016 में प्राथमिक विद्यालय से उच्च विद्यालय अपग्रेड हुआ है और 2019 से कक्षा एक से लेकर कक्षा दस तक नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है विद्यालय अपग्रेड होने पर बच्चों की संख्या में भी वृद्धि हुई है और इस विद्यालय का रिजल्ट भी पूरे प्रखंड में सबसे अच्छा रहता है उसके बावजूद भी विभाग का ध्यान नहीं है। विद्यालय की समस्याओं को लेकर कई बार विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। फिर भी आजतक कोई पहल नहीं किया गया है। दो वर्षों से जे ई को भवन के स्थिति से अवगत कराया जा रहा है फिर भी भवन को दुरुस्त नहीं किया जा रहा। यदि पढ़ाई के दौरान भवन गिर जाता है और बच्चे दुर्घटनाग्रस्त होते हैं या दब जाते हैं तो उनका जिम्मेदार कौन होगा। उच्च विद्यालय उत्क्रमण से संबंधित एक भी शिक्षक की नियुक्ति या डेप्युटेशन नहीं किया गया है। वर्तमान में प्रधान शिक्षक मनमोहन मिश्रा,दो सहायक शिक्षक दिलीप कुमार पंडा, मंगल उरांव। दो सहायक अध्यापक गन्दूर उरांव और मधुबाला देवी हैं। इसमें से मधुबाला देवी अस्वस्थ होने के कारण विगत दो वर्षों से विद्यालय से अनुपस्थित है। तीन प्राथमिक व दो सहायक अध्यापक के भरोसे विद्यालय चल रहा है। मध्याह्न भोजन के संबंध में कहा कि मेनू के हिसाब से सभी विद्यार्थियों को प्रति दिन भोजन सुचारू रूप से दिया जाता है।

## युवाओं ने 'एक्शन मोड' में मनाया पर्यावरण दिवस




**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के युवाओं ने पर्यावरण दिवस को केवल औपचारिक रूप से नहीं, बल्कि 'एक्शन मोड' में मनाकर एक मिसाल पेश की। लगभग 30 ऊर्जावान युवाओं के एक समूह ने, छह छोटे-छोटे उप-समूहों में बंटकर, चैनपुर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलाया।इन युवाओं ने उन स्थानों को चुना जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है, जैसे बस अड्डा, पोस्ट ऑफिस, ब्लॉक कार्यालय, प्रेम नगर, और अजय होटल के आस-पास का क्षेत्र। इन जगहों पर पहुँचकर, युवाओं ने जागरूकता फैलाने हेतु दीवार लेखन, दीवार पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग और पोस्टर चिपकाने का कार्य किया। इन कलाकृतियों और संदेशों में प्रकृति को हानि न पहुँचाने और पर्यावरण को दूषित न करने के स्पष्ट और सशक्त संदेश थे। यह दीवार लेखन का अनुभव कई युवाओं के लिए पहला था, फिर भी उन्होंने इस पूरे कार्यक्रम का स्वामित्व लेते हुए इसे पूरी तरह से सफल बनाया। युवाओं के इस सामूहिक प्रयास ने चैनपुर में पर्यावरण जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## कुएं में मोटर चालू करते समय करंट लगने से वृद्ध की मौत

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड अंतर्गत करनी पंचायत के सुवाली गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां खेत में लगे मोटर को चालू करने गए लगभग 60 वर्षीय सुभान उरांव की विद्युत करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद सुभान उरांव के परिवार सहित पूरे गांव में मातम का माहौल है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सुभान उरांव सुबह अपने खेत में बने कुएं पर लगे पंपसेट (मोटर) को चालू करने गए थे। उसी दौरान वे बिजली के नंगे तार की चपेट में आ गए, जिससे उन्हें तेज झटका लगा और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। काफी देर तक जब सुभान उरांव घर वापस नहीं लौटे, तो परिजन उन्हें खोजने के लिए निकले। कुएं के पास पहुंचने पर उन्होंने सुभान उरांव का शव पड़ा हुआ पाया, जिसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।घटना की सूचना तुरंत डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार को दी गई। पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

### जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित

# डीसी ने सुनी जनता की पीड़ा दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मंगलवार को गुमला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदया ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए करीब 50 नागरिकों से सीधे मुलाकात की और उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनी। आवेदकों ने सड़क, बिजली, पेयजल, भूमि विवाद, सीमांकन, सरकारी सहायता, आयुष्मान कार्ड, रोजगार, दुकान आवंटन, गाय शेड, भूमि अधिग्रहण, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, शिक्षा जैसे मुद्दों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। बिशुनपुर प्रखंड के अमटीपानी गांव के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका द्वारा की जा रही अनियमितताओं की शिकायत की और उन्हें हटाकर किसी योग्य महिला की नियुक्ति की मांग की। उपायुक्त ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। कोटाम निवासी बुधनी उरांव, जिनका घर हाल की अतिवृष्टि में क्षतिग्रस्त हो गया, उन्होंने आवास योजना के तहत मदद का आवेदन दिया, जिसे उपायुक्त ने संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई हेतु अग्रेषित किया। इस जन शिकायत निवारण दिवस में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी आम नागरिकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और राशन-पेंशन से जुड़ी कई समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कराया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा, "जन शिकायत निवारण दिवस आम जनता के लिए अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाने का एक सशक्त मंच है। हम सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## सिसई प्रखंड मुख्यालय में लगाया रक्तदान शिविर

**सिसई।** अनुमंडल पदाधिकारी सह दंडाधिकारी गुमला के पत्रांक 1625( ।।) / गो० दिनांक 18 जून 2025 के द्वारा 1 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से प्रखण्ड मुख्यालय सिसई में प्रखण्ड प्रमुख मीणा देवी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, अंचल अधिकारी नितेश रोशन खलखो, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन की उपस्थिति में सदर अस्पताल गुमला के सौजन्य से स्वास्थ्य कर्मी लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, अंजू किंडो, सहायक रामू नायक, राहुल प्रसाद तथा रेफरल अस्पताल सिसई के एएनएम रोशनी कुजूर, त्रिज्या टेटे, एलटी अनीता कुमारी, एमपीडब्ल्यू निर्मल कुजूर के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। रक्तदान के लिए कुल पंजीयन 15 लोगों ने कराए जिसमें 9 लोग ही अपना रक्तदान कर पाए बाकी के। 6 लोगों नेहीमोग्लोबिन कम होने की वजह से रक्तदान नहीं कर सके। कुल 9 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बिजली बिल गड़बड़ी को लेकर कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता बी.के. सिंह से उनके कार्यालय में मिला और बिजली बिल से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सबसे पहले चेंबर अध्यक्ष ने इस बात पर ध्यान आकृष्ट कराया कि कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल लंबे समय से नहीं निकल रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। इस पर विभाग ने भरोसा दिलाया कि 10 दिनों के भीतर सभी लंबित बिलों को जारी कराने की व्यवस्था की जाएगी। चर्चा का प्रमुख विषय स्मार्ट मीटर से संबंधित बिलों में गड़बड़ी रहा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली बिल अत्यधिक आने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे व्यापारी वर्ग और आम उपभोक्ता परेशान हैं। इस पर विभाग की ओर से जवाब दिया गया कि जिन उपभोक्ताओं को बिल में गड़बड़ी लग रही है, वे अपना कंज्यूमर नंबर और मोबाइल नंबर विभाग में जमा करें, ताकि तकनीकी स्तर पर सुधार की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

## 7 से 11 जुलाई तक होगा सुब्रतो मुखर्जी कप का प्रमंडल स्तरीय आयोजन

**गुमला।** गुमला जिला इस वर्ष एक बड़े खेल आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित होने वाली सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2025 के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय मुकाबलों की मेजबानी गुमला को सौंपी गई है। यह आयोजन 07 जुलाई से 11 जुलाई तक गुमला में होगा, जिसमें रांची, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा और गुमला जिले की विजेता टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अंडर-15 एवं अंडर-17, तथा बालिका वर्ग में अंडर-17 के मैच आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के लिए संत इग्नेसियस उच्च विद्यालय और संत पैट्रिक उच्च विद्यालय के खेल मैदानों को चयनित किया गया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में एडीपीओ ज्योति खलखो, सभी बीईओ, बीपीओ, और खेल शिक्षकों के साथ एक अहम बैठक गुमला प्रखंड सभागार में हुई।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान विशेष शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई।** डीसी के आदेश अनुसार मंगलवार को ग्राम पंचायत घाघरा के पंचायत भवन में हरी, दारी, एवं कोचा राजस्व ग्राम में धरती आबा जनजातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जागरूकता एवं योजना के प्रचार प्रसार करने हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 08 आधार कार्ड बनाए गए। उज्ज्वला योजना के तहत कुल 00 आवेदन प्राप्त हुए। 11 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 07 पीएम किसान सम्मान योजना बनाया गया। केसीसी के 07 फॉर्म प्राप्त हुए। कुल 13 बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं का पेंशन बनाया गया। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 06 लाभुकों का पंजीयन किया गया। कुल 18 लाभुकों का सिकल जांच किया गया। 13 लाभुक का टीवी का स्कैनिंग किया गया। 02 जाति प्रमाण पत्र अनुमोदन की गई। 00 आवासीय प्रमाण पत्र का अनुमोदन किया गया। राशन कार्ड हेतु कुल 03 आवेदन प्राप्त हुए। मनरेगा के तहत कुल 05 लाभुकों का जॉब कार्ड बनाया गया। ग्रामीणों में इस तरह के कार्यक्रम को लेकर भारी हर्ष का माहौल है ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा आयोजन बराबर चलते रहना चाहिए ताकि ग्रामीणों का समस्याओं का समाधान तत्काल निष्पादित हो। इस मौके पर संबंधित पंचायत के मुखिया इंद्रपाल भगत, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन सहित विभिन्न विभागों के कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहली बार 'आर्ट ऑफ लिविंग' सत्संग संध्या का आयोजन

**सिसई।** सिसई की धरती पर पहली बार 'आर्ट ऑफ लिविंग' के योग गुरु स्वामी शिवानंद के सान्निध्य में एक दिवसीय सत्संग संध्या का आयोजन रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं हिंदू जागरण झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संध्या पांच बजे आरंभ हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से किया गया, जिसमें स्वामी शिवानंद जी, विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा, हिंदू जागरण झारखंड के परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, बजरंग दल सिसई के संरक्षक रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, अरुण नारायण सिंह, विपिन झा, साहू प्रकाश लाल सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। स्वामी शिवानंद जी ने अपने प्रवचनों और योग साधना से उपस्थित जनसमूह को तनाव मुक्त जीवन और अध्यात्म के महत्व की गहराई से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि "आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, मानसिक अवसाद और अशांति बढ़ती जा रही है।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या :– 01/R2/2024-25/EE/RWD/LATEHAR**

**दिनांक : 26.06.2025**

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR 4/2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से कुकुदपाठ तक पथ निर्माण। | 412.373 | चार करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 03.07.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 09.07.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.07.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
लातेहार

PR.NO.356221 REO(25-26):D



**कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार।**
पताः संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, कीनामाड, लातेहार

**(किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना)**

लातेहार जिले के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बैग अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है। (MRP in Rs.)

| Sl. No. | Company Name | Urea Ind./ Imp. | DAP IND | DAP IMP | MOP | SSP | 20:20:0:13 | 14:28:00 | 14:28:14 | 10:26:26 | 16:16:16 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.5 | 1350.00 | | - | - | 1300.00 | | | 1720.00 | |
| 2 | NFL | 266.5 | | 1350.00 | | - | | | | | |
| 3 | YARA | 266.5 | | | | - | | | | | |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.5 | 1350.00 | | | - | | | | | |
| 5 | INDORAMA | 266.5 | 1350.00 | 1350.00 | 1525.00 | 540.00 | 1325.00 | 1400.00 | 1650.00 | 1725.00 | |
| 6 | IPL | 266.5 | | 1350.00 | 1535.00 | 565.00 | | | | | 1475.00 |
| 7 | MATIX | 266.5 | | | | - | | | | | |
| 8 | HURL | 266.5 | | | | - | | | | | |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | | | - | 1350.00 | | | | |
| 10 | SAI | - | | | | 550.00 | | | | | |
| 11 | BEC | - | | | | 575.00 | | | | | |
| 12 | BVFCL | 266.5 | | | | | | | | | |

नोटः–1. यूरिया की प्रति बोरी 45 Kg Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Pack size होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय, लातेहार तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय, पलामू में इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित (नैनो यूरिया / डी०ए०पी० छोड़कर) उर्वरक की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 356183 (Agriculture) 25-26 (D)



**प्रपत्र VII**
**समाहरणालय, पलामू**
**विशेष भू–अर्जन कार्यालय**
**(शाखा मेदिनीनगर, पलामू)**
**या समाहर्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

पत्रांक 154 मेदिनीनगर, दिनांक 28.06.2025

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता, पलामू को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना अमानत बराज निर्माण हेतु ग्राम–कोल्हुआ, थाना–पांकी, थाना सं0–461, अंचल–पांकी, जिला–पलामू में कुल 9.935 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 9.935 एकड़ है जो ग्राम–कोल्हुआ, थाना–पांकी, थाना सं0–461, अंचल–पांकी, जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है –

| क्र0सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 57 | 377 | रैयती | कृषि | 0.13 | कुदूस मिंया वगैरह, पिता–स्व0 नाजीर मिंया वगैरह इमामन मिंया वगैरह | सुरमली मिंया | सविचन महतो | लोधर मिंया | लोधर मिंया |
| | 57 | 423 | रैयती | कृषि | 0.04 | | सुरमली मिंया | लोधर मिंया | बनी सिंह | नीज |
| 02 | 59 | 440 | रैयती | कृषि | 0.15 | महमुद मिंया वै0, मकसुद मिंया वै0, अजीम मिंया वै0 | सविरत महतो | भीखारी महतो | प्रती कदमि | वीजेसर सिंह |
| 03 | 22 | 395 | रैयती | कृषि | 0.05 | आलो सिंह वगैरह | लोधर मिंया | नीज | सीवचन | नन्हकू मिंया |
| | | 437 | रैयती | कृषि | 0.03 | | तपसी बढ़ही | सीवरत महतो | महतो | सीवरतमहतो |
| | | 472 | रैयती | कृषि | 0.05 | | सुरमली मियां | सीरी सिंह | श्री सिंह | सीवरत महतो |
| | | 640 | रैयती | कृषि | 0.18 | | नीज | प्रति कदीम | प्रती | नीज |
| | | 478 | रैयती | कृषि | 0.03 | | वीफन महतो | लोधर मियां | नदी | सीवरत महतो |
| | | 404 | रैयती | कृषि | 0.05 | | प्रती नाला | देवा सिह | सीरी सिंह | देवा सिंह |
| | | 475 | रैयती | कृषि | 0.06 | | सीरी सिंह | लोधर मियां | सुरमली मियां | कोदु महतो |
| | | 434 | रैयती | कृषि | 0.04 | | हरहंगी मीयां | सीवरत महतो | गंगा सिंह | गंगा सिंह |
| | | 473 | रैयती | कृषि | 0.05 | | सीवलोचन सिंह | एकवरण सिह | सीवचन महतो | एकवरण सिंह |
| | | 436 | रैयती | कृषि | 0.04 | | प्रयाग बढ़ही | सीवरत महतो | प्रती कदीम | सीलोचन सिंह |
| | | 489 | रैयती | कृषि | 0.05 | | वनी सिंह | सीवचन महतो | गंगा सिंह | नीज |
| | | 495 | रैयती | कृषि | 0.09 | | नीज | प्रति कदीम | सीरी सिंह | सीवरत महतो |
| | | 496 | रैयती | कृषि | 0.10 | | बनी सिंह | नीज | प्रती कदीम | सीवचन महतो |
| | | 485 | रैयती | कृषि | 0.06 | | गंगा सिंह | सीवचन महतो | प्रती कदीम | देवा सिंह |
| | | 439 | रैयती | कृषि | 0.05 | | सीवचन महतो | प्रती कदीम | नीज | देवा सिंह |
| | | 504 | रैयती | कृषि | 0.09 | | सीवरत महतो | प्रती | प्रति कदीम | जीतन धानु |
| | | 435 | रैयती | कृषि | 0.05 | | वनी सिंह | सीवरत महतो | प्रती | श्री सिंह |
| | | 486 | रैयती | कृषि | 0.04 | | लोधर सिंह | सीरी सिंह | एकवरण सिंह | सीवरत महतो |
| | | 422 | रैयती | कृषि | 0.12 | | वीसेसर सिंह | प्रती कदीम | बनी सिंह | सुरमली मियां |
| | | 431 | रैयती | कृषि | 0.04 | | सीवचन महतो | गंगा सिंह | वीसेसर सिंह | प्रयाग बढ़ी |
| | | 488 | रैयती | कृषि | 0.06 | | लोधर मियां | सीरी सिंह | हरहगी मियां | गंगा सिंह |
| | | | | | | | | | सीलोचन सिंह | |
| 04 | 09 | 643 | रैयती | कृषि | 0.25 | चरित्र सिंह वल्द तरण सिंह | सिवलोचन सिंह | नैज | नदी | नीज |
| 05 | 12 | 411 | रैयती | कृषि | 2.09 | जितन धानूक वो अमीर धानूक वो लेसाड़ी धानूक वल्द कंचन धानूक | नीज | प्रती | नदी | नीज |
| | | 410 | रैयती | कृषि | 0.33 | | प्रती | नीज | प्रती | नीज |
| | | 414 | रैयती | कृषि | 0.28 | | पितम्बर बढ़ी | सेडू महतो | नन्हकू मियां | विसेसर सिंह |
| | | 487 | रैयती | कृषि | 0.21 | | जंगू मियां | डुंगर सिंह | प्रती | सिलोचन सिंह |
| 06 | 27 | 462 | रैयती | कृषि | 0.05 | मुनेशवर सिंह वगैरह, पिता–स्व0 नागो सिंह | सीवरत महतो | तपसी बढ़ी | तपसी बढ़ी | नीज |
| | | 403 | रैयती | कृषि | 0.37 | | सुरमली मियां | वनी सिंह | लोधर मियां | नीज |
| | | 442 | रैयती | कृषि | 0.045 | | इन्द्रजीत सिंह | सीववरत महतो | गोवरधन महतो | मनी सिंह |
| 07 | 27 | 421 | रैयती | कृषि | 0.045 | अनिता देवी, पति–नन्द किशोर सिंह | सीवचन महतो | वनी सिंह | नीज | सुरमली मियां |
| | | 420 | रैयती | कृषि | 0.12 | | प्रती कदीम | प्रती कदीम | प्रती कदीम | वनी सिंह |
| | | 403 | रैयती | कृषि | 0.09 | | सुरमली मियां | वनी सिंह | लोधर मियां | इन्द्रजीत सिंह |
| | | 442 | रैयती | कृषि | 0.03 | | वीसेसर सिंह | सीवरत महतो | गोवरधन महतो | अनीता देवी |
| | | 441 | रैयती | कृषि | 0.025 | | सीवरत महतो | देवा सिंह | सेडु मियां | इन्द्रजीत सिंह |
| | | 380 | रैयती | कृषि | 0.04 | | सीवचन महतो | लोधर मियां | सुरमली मियां | इन्द्रजीत सिंह |
| 08 | 28 | 402 | रैयती | कृषि | 0.17 | अनिता देवी, पति–नन्द किशोर सिंह | प्रती नाला | एकवरण सिंह | शिव सिंह | इन्द्रजीत सिंह |
| 09 | 27 | 441 | रैयती | कृषि | 0.025 | इन्द्रजीत सिंह, पिता–स्व0 कोदू सिंह | सीवरत महतो | जीतन धानूक | अनिता देवी | सेडू महतो |
| | | 421 | रैयती | कृषि | 0.045 | | सीवचन महतो | वनी सिंह | वीसेसर सिंह | अनिता देवी |
| | | 420 | रैयती | कृषि | 0.12 | | प्रती कदीम | अनीता देवी | प्रती कदीम | वनी सिंह |
| | | 502 | रैयती | कृषि | 0.02 | | सीवचन महतो | जीतन धानूक | सीवरत महतो | सेडू महतो |
| | | 403 | रैयती | कृषि | 0.10 | | सुरमली मियां | अनीता देवी | लोधर मियां | नीज |
| | | 380 | रैयती | कृषि | 0.04 | | सीवचन महतो | लोधर मियां | सुरमली मियां | अनिता देवी |
| 10 | 28 | 402 | रैयती | कृषि | 0.12 | इन्द्रजीत सिंह, पिता–स्व0 कोदू सिंह | प्रती नाला | एकवरण सिंह | देवा सिंह | अनिता देवी |
| 11 | 41 | 376 | रैयती | कृषि | 0.10 | नन्कू मिंया वगैरह | वीसेसर सिंह | सीवचन सिंह | करमली मियां | नन्हकू मियां |
| | | 375 | रैयती | कृषि | 0.02 | | सीवलोचन सिंह | नीज | सीवचन महतो | सीवचन महतो |
| | | 379 | रैयती | कृषि | 0.09 | | सेडू महतो | सुरमली मियां | सीवचन महतो | वीसेसर सिंह |
| | | 394 | रैयती | कृषि | 0.02 | | नीज | भीखारी मियां | सीलोचन सिंह | सुरमली मियां |
| | | 396 | रैयती | कृषि | 0.12 | | देवा सिंह | सीलोचन सिंह | नीज | सीलोचन सिंह |
| | | 413 | रैयती | कृषि | 0.82 | | प्रती कदीम | सीवचन महतो | प्रती कदीम | लोधर मियां |
| | | 424 | रैयती | कृषि | 0.07 | | सुरमली मियां | भीखारी मियां | वनी सिंह | सुरमली मियां |
| | | 425 | रैयती | कृषि | 0.05 | | लोधर मियां | सीवचन महतो | प्रती कदीम | नीज |
| | | 466 | रैयती | कृषि | 0.04 | | सेडू मियां | तपसी बढ़ही | प्रती कदीम | गोवरधन महतो |
| | | 477 | रैयती | कृषि | 0.01 | | एकवरण सिंह | नीज | नीज | नीज |
| | | 459 | रैयती | कृषि | 0.03 | | तपसी बढ़ही | वीफन महतो | सुरमली मियां | नीज |
| 12 | 47 | 438 | रैयती | कृषि | 0.18 | नन्कु सिंह वल्द शिवरत सिंह, मोलवी सिंह वल्द दरोगा सिंह सुधू राम सिंह वल्द मोसाफीर सिंह, बुधू सिंह वल्द लालजी सिंह | गंगा सिंह | सेडु मियां | सीवचन महतो | नीज |
| | | 463 | रैयती | कृषि | 0.11 | | देवा सिंह | देवा सिंह | सेडु महतो | वीसेसर सिंह |
| | | 470 | रैयती | कृषि | 0.09 | | सेडु महतो | डुंगर सिंह | सीरी महतो | वीसेसर सिंह |
| | | 503 | रैयती | कृषि | 0.05 | | सेडु महतो | डुंगर सिंह | सीरी महतो | वीसेसर सिंह |
| | | 483 | रैयती | कृषि | 0.05 | | लोधर मियां | देवा सिंह | लोधर मियां | नीज |
| 13 | 46 | 469 | रैयती | कृषि | 0.0434 | बंधन सिंह, जग्रनाथ सिंह, पाड़े सिंह वल्द धर्मदेव सिंह सोहराई सिंह | तपसी बढ़ही | सिवरत महतो | पाड़े सिंह | सेडु महतो |
| 14 | 46 | 496 | रैयती | कृषि | 0.0433 | बुलक सिंह, पिता–स्व0 हेमा सिंह | तपसी बढ़ही | शिवनन्दन सिंह | नीज | बन्धन सिंह |
| 15 | 46 | 469 | रैयती | कृषि | 0.0433 | शिवनन्दन सिंह व चन्द्रीका सिंह लाल बहादूर सिंह वल्द मदीप सिंह, विनेशवर सिंह वल्द रामधनी सिंह | तपसी बढ़ई | सीवरत महतो | पाड़े सिंह | सेडु महतो |
| 16 | 09 | 430 | रैयती | कृषि | 0.04 | रामचन्द्र तुरमा, पिता–तपसी बढ़ही एवं कौलेश्वरी बढ़ही, पिता–जगदेव बढ़ही | सीवरत महतो | सीरी सिंह | वनी सिंह | नीज |
| | | 467 | रैयती | कृषि | 0.04 | | भीखारी मियां | सेडु महतो | प्रती | नीज |
| 17 | 10 | 461 | रैयती | कृषि | 0.09 | सुरेश मिस्त्री वो पोखराज मिस्त्री, पिता–स्व0 कौलेश्वर मिस्त्री | सेडु महतो | नीज | सिवरत महतो | देवा सिंह |
| 18 | 45 | 381 | रैयती | कृषि | 0.15 | बेलास सिंह, पिता–स्व0 आलो सिंह वगैरह | सेडु महतो | वीसेसर सिंह | भीखारी सिंह | सीलोचन सिंह |
| | | 382 | रैयती | कृषि | 0.04 | | सुरमली मियां | नन्हकू मियां | विसेसर सिंह | विसेसर सिंह |
| | | 406 | रैयती | कृषि | 0.07 | | प्रती नाला | देवा सिंह | पीताम्बर बढ़ही | सुरमली मियां |
| | | 417 | रैयती | कृषि | 0.23 | | भीखारी मियां | विसेसर सिंह | नीज | सेडु महतो |
| | | 418 | रैयती | कृषि | 0.09 | | भीखारी मियां | प्रती कदीम | प्रती कदीम | नीज |
| | | 427 | रैयती | कृषि | 0.09 | | भीखारी मियां | वनी सिंह | प्रती कदीम | नीज |
| | | 428 | रैयती | कृषि | 0.07 | | लोधर मियां | वनी सिंह | नीज | भीखारी मियां |
| | | 433 | रैयती | कृषि | 0.09 | | वनी सिंह | प्रती कदीम | प्रती कदीम | नैज |
| | | 497 | रैयती | कृषि | 0.07 | | श्री सिंह | शिववरत महतो | श्री सिंह | सेडु महतो |
| | | 499 | रैयती | कृषि | 0.06 | | श्री सिंह | विसेसर सिंह | सेडु महतो | सेडु महतो |
| 19 | 54 | 465 | रैयती | कृषि | 0.12 | जीतन धानुक, अमीर धानुक वो लेसाड़ी धानुक वल्द कंचन धानुक | सेडु महतो | सेडु महतो | भीखारी महतो | देवा सिंह |
| | | 464 | रैयती | कृषि | 0.11 | | गोवरधन | सीवचन महतो | सेडू महतो | सीवरत महतो |
| | | 416 | रैयती | कृषि | 0.26 | | लोधर मियां | भीखारी मियां | सीवचन महतो | जीतन सिंह |
| | | 498 | रैयती | कृषि | 0.06 | | सीरी सिंह | सीवरत महतो | सीवचन महतो | सीवचन महतो |
| | | 500 | रैयती | कृषि | 0.01 | | नीज | नीज | 499 | नीज |
| | | | | कुल योग :– | 9.935 ए0 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

ग्राम–कोल्हुआ, थाना–पांकी, थाना सं0–461, अंचल–पांकी, जिला–पलामू क्षेत्रफल–9.935 एकड विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैः– शून्य

ह0 / – मापक विशेष भू–अर्जन कार्यालय उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0 / – प्रभारी कानूनगो विशेष भू–अर्जन कार्यालय उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0 / – विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0 / – अपर समाहर्त्ता, पलामू।
ह0 / – उपायुक्त, पलामू।

PR 356241 (Palamu)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# एससीओ में भारत का निर्णायक इनकार

चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से भारत के इन्कार ने न केवल संगठन के भीतर गहरी दरारों को उजागर किया है, बल्कि आतंकवाद, खासकर सीमा पार आतंकवाद से निपटने के मामले में सदस्य देशों के पाखंड के प्रति नई दिल्ली की बढ़ती अधीरता का भी संकेत दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की कड़े शब्दों में कूटनीतिक टिप्पणी स्पष्ट रूप से और सोची-समझी रणनीति थी, जिसके मुख्य निशाने पर पाकिस्तान था, लेकिन इस निर्णय से एससीओ के उन सदस्य देशों पर भी निशाना साधा गया, जो पाकिस्तान को बचाने या उसे सही ठहराने की कोशिश करते रहते हैं। इस निर्णय का क्षेत्रीय भू-राजनीति, भारत के कूटनीतिक संदेश और इस समूह के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। वैश्विक आतंकी नेटवर्क के युग में, भारत अपने साझेदारों से (चाहे वे क्षेत्रीय हों या वैश्विक) अपनी बात पर अमल करने की अपेक्षा रखता है। यह दृष्टिकोण भारत के हालिया कूटनीतिक व्यवहार से मेल खाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परंपरा को तोड़ने और कूटनीतिक आत्मसंतुष्टि को चुनौती देने में लगातार तत्परता दिखाई है, भले ही इसका मतलब कुछ मंचों पर अलग-थलग पड़ना हो। ऐसा करके, भारत खुद को उसूलों वाली ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है, न कि केवल प्रतिष्ठा चाहने वाली ताकत के रूप में। भारत के रुख का असर एससीओ से परे भी है। इसने एशिया में बहुपक्षीय सहयोग को लेकर अपेक्षाओं को फिर से संतुलित किया है। एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत के बढ़ते कद का मतलब है कि उसके फैसले दमदार हैं, और एससीओ के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार करना कूटनीति में ईमानदारी के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है। संयुक्त वक्तव्य से किनारा करके भारत ने एससीओ और उसके सदस्यों को याद दिलाया है कि क्षेत्रीय एकता चुनिंदा नैतिक मानकों पर नहीं बनाई जा सकती। भारत अब मूक भागीदार बनकर संतुष्ट नहीं है। वह निष्पक्षता, पारस्परिकता और सुरक्षा खतरों के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण की मांग कर रहा है। हालांकि यह निर्णय एससीओ के भीतर अल्पकालिक तनाव पैदा कर सकता है, लेकिन यह रणनीतिक स्पष्टता में दीर्घकालिक निवेश है। ऐसे समय में, जब आतंकवाद दक्षिण और मध्य एशिया के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है, और जब भू-राजनीतिक माहौल और भी जटिल होता जा रहा है, भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता न करने का फैसला करके स्पष्ट संदेश दिया है कि संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विडंबना देखिए कि संयुक्त वक्तव्य के मसौदे में पाकिस्तान के भीतर आतंकी हमलों का जिक्र तो था, लेकिन पहलगाम त्रासदी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। मसौदे की भाषा, कथित तौर पर चीन और पाकिस्तान से प्रभावित थी, जिसमें भारतीय सुरक्षा हितों को कम करके आंका गया, जबकि पाकिस्तान को आतंकवाद के शिकार के रूप में पेश किया गया। यह उलटफेर, जिसमें पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने की अनदेखी की गई, भारत को अस्वीकार्य था।

*संयुक्त वक्तव्य से किनारा करके भारत ने एससीओ और उसके सदस्यों को याद दिलाया है कि क्षेत्रीय एकता चुनिंदा नैतिक मानकों पर नहीं बनाई जा सकती।*

# जीवन को आसान तेज व रोजगारोन्मुखी बनाते डिजिटल इंडिया के दस वर्ष




दस साल पहले, हमने एक ऐसे क्षेत्र में पूर्ण विश्वास के साथ ऐसी यात्रा शुरू की थी, जहां पहले कोई नहीं गया था। जहाँ दशकों तक यह संदेह किया गया कि भारतीय तकनीक का उपयोग कर पाएंगे की नहीं, हमने उस सोच को बदला और भारतीयों की तकनीक का उपयोग करने की क्षमता पर विश्वास किया। जहाँ दशकों तक सिर्फ यह सोचा गया कि तकनीक का उपयोग अमीर और ग़रीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा, हमने उस मानसिकता को बदला और तकनीक के माध्यम से उस खाई को खत्म किया। जब नीयत सही होती है, तो नवाचार वंचितों को सशक्त करता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो तकनीक हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन में परिवर्तन लाती है।

यही विश्वास डिजिटल इंडिया की नींव बना- एक ऐसा मिशन जो सभी के लिए पहुंच को लोकतांत्रिक (आसान) बनाने, समावेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू हुआ। 2014 में, इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी, और सरकारी सेवाओं की ऑनलाइन पहुंच बेहद सीमित थी। कई लोगों को संदेह था कि भारत जैसा विशाल और विविध देश वास्तव में डिजिटल बन सकता है या नहीं। आज, इस प्रश्न का उत्तर डेटा और डैशबोर्ड में नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन के माध्यम से दिया जा चुका है। शासन से लेकर शिक्षा, लेन-देन और निर्माण तक, डिजिटल इंडिया हर जगह है। डिजिटल डिवाइड को पाटते हुए 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे।

आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो चुकी है। 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का 11 गुना है, अब दूरस्थ गांवों को भी जोड़ रही है। भारत का 5G रोलआउट विश्व में सबसे तेज़ रोलआउट्स में से एक है, और मात्र दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशंस स्थापित किए गए हैं। हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों से लेकर अग्रिम सैन्य चौकियों तक जैसे गलवान, सियाचिन और लद्दाख पहुँच चुका है।

इंडिया स्टैक, जो हमारा डिजिटल बैकबोन है, ने UPI जैसे प्लेटफार्म को सक्षम बनाया है, जो अब सालाना 100 बिलियन से अधिक लेन-देन करता है। विश्व में होने वाले कुल रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन में से लगभग आधे भारत में होते हैं। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से 44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे नागरिकों को हस्तांतरित की गयी है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और 3.48 लाख करोड़ रुपये की लीकेज रोकी गई है।

स्वामित्व जैसी योजनाओं ने 2.4 करोड़ से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड्स जारी किए हैं और 6.47 लाख गांवों को मैप किया है, जिससे वर्षों से चली आ रही भूमि संबंधी अनिश्चितता का अंत हुआ है।

### आज की बात



**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### सभी के लिए अवसरों का लोकतंत्रीकरण

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था अब पहले से कहीं अधिक MSMEs और छोटे उद्यमियों को सशक्त बना रही है। ONDC (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) एक क्रांतिकारी प्लेटफॉर्म है जो विक्रेताओं और खरीदारों के विशाल बाजार से सीधा संपर्क स्थापित कर नए अवसरों की खिड़की खोलता है।

GeM (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) आम आदमी को सरकार के सभी विभागों को सामान और सेवाएं बेचने की सुविधा देता है। इससे न केवल आम नागरिक को एक विशाल बाजार मिलता है बल्कि सरकार की बचत भी होती है।

**कल्पना कीजिए:** आप मुद्रा लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं। आपकी क्रेडिट योग्यता को अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क के माध्यम से आंका जाता है। आपको लोन मिलता है, आप अपना व्यवसाय शुरू करते हैं। आप GeM पर पंजीकृत होते हैं, स्कूलों और अस्पतालों को सप्लाई करते हैं और फिर ओएनडीसी के माध्यम से इसे और बड़ा बनाते हैं। ओएनडीसी ने हाल ही में 20 करोड़ लेन-देन का आंकड़ा पार किया है- जिसमें पिछले 10 करोड़ सिर्फ 6 महीनों में हुए हैं।

बनारसी बुनकरों से लेकर नागालैंड के बांस शिल्पियों तक, अब विक्रेता बिना बिचौलियों के पूरे देश में ग्राहक तक पहुँच रहे हैं।

GeM ने 50 दिनों में एक लाख करोड़ रुपये का GMV पार किया है, जिसमें 22 लाख विक्रेता शामिल हैं, जिनमें 1.8 लाख से अधिक महिला संचालित MSMEs हैं, जिन्होंने 46,000 करोड़ रुपये की आपूर्ति की है।

**डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर:** भारत का वैश्विक योगदान

भारत का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI)- जैसे आधार, CoWIN, डिजिलॉकर, फास्टैग, पीएम-WANI, और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन- को अब वैश्विक स्तर पर पढ़ा और अपनाया जा रहा है। CoWIN ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को सक्षम किया, जिससे 220 करोड़ QR-सत्यापित सर्टिफिकेट जारी हुए। DigiLocker, जिसके 54 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, 775 करोड़ से अधिक दस्तावेजों को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से होस्ट कर रहा है। भारत ने अपनी G20 अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल DPI रिपॉजिटरी और $25 मिलियन का सोशल इम्पैक्ट फंड लॉन्च किया, जिससे अफ्रीका और दक्षिण एशिया के देश समावेशी डिजिटल इकोसिस्टम अपना सकें।

### स्टार्टअप पॉवर और आत्मनिर्भर भारत

भारत अब विश्व के शीर्ष 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है, जिसमें 1.8 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। लेकिन यह सिर्फ एक स्टार्टअप आंदोलन नहींहै, यह एक टेक्नोलॉजी पुनर्जागरण है। भारत में युवाओं के बीच AI स्किल्स और AI टैलेंट के मामले में बड़ी प्रगति हो रही है। $1.2 बिलियन इंडिया AI मिशन के तहत भारत ने 34,000 GPUs की पहुँच ऐसे मूल्य पर सुनिश्चित की है जो वैश्विक स्तर पर सबसे कम है —$1 से भी कम प्रति GPU Hour. इससे भारत न केवल सबसे सस्ता इंटरनेट इकोनॉमी, बल्कि सबसे किफायती कंप्यूटिंग हब बन गया है। भारत ने मानवता-पहले AI की वकालत की है। नई दिल्ली डिक्लरेशन ऑन AI जिम्मेदारी के साथ नवाचार को बढ़ावा देता है। देशभर में AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं।

**आगे का रास्ता :** अगला दशक और भी अधिक परिवर्तनकारी होगा। हम डिजिटल गवर्नेंस से आगे बढ़कर वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहे हैं — इंडिया फर्स्ट से इंडिया फॉर द वर्ल्ड तक। डिजिटल इंडिया अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा, यह जनआंदोलन बन चुका है। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का केंद्र है, और भारत को दुनिया का विश्वसनीय नवाचार साझेदार बना रहा है।

**सभी इनोवेटर्स, एंटरप्रेन्योर्स, और ड्रीमर्स से:** दुनिया अगली डिजिटल क्रांति के लिए भारत की ओर देख रही है। आइए हम वह बनाएं जो सशक्त बनाता है। आइए हम ऐसे हल निकालें जो वास्तव में मायने रखता है। आइए हम उस तकनीक के साथ नेतृत्व करें जो unite, include, और uplift करती है।

## साहित्य सभा में चीरहरण

पिछले सप्ताह पटना में हुई घटना से एक फिर यह साबित हो गया है कि स्त्री कहीं भी सुरक्षित नहीं है। और यह भी कि, वो स्त्री चाहे गांव-देहात की अशिक्षित हो, कस्बे-कूचे की अल्पशिक्षित या फिर नगर-महानगर की उच्च-शिक्षित। इस प्रकरण ने हिन्दी साहित्य के चरित्र को भी उजागर कर दिया है जो कथनी में बड़े-बड़े आदर्श, नैतिकता, स्त्री-मुक्ति, उसकी गरिमा,अस्मिता और स्त्री सशक्तीकरण पर लंबे लंबे अकादमिक विमर्श रच कर उसको सात-सात सलाम ठोकता है लेकिन व्यवहार में अपने शीर्षासन को लाख-लाख जतन करने पर भी नहीं छुपा पाता। इक्कीसवीं सदी में पितृसत्तात्मकता और स्त्री सशक्तीकरण हमारे साहित्यिकों के बौद्धिक व्यायाम का प्रिय आसन रहा है। व्यवहार में इसके अर्थ-गाम्भीर्य को कितने पित्तरों या कितनी स्त्रियों को आत्मसात किया है, यह विचारणीय विषय है। इसे पटना-प्रकरण से भी समझा जा सकता है। पटना कांड में जिस 'नई धारा ' संस्था के राइटर्स रेजिडेंसी का प्रसंग बताया जा रहा है उसकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यह बात अब सार्वजानिक वितान में आ ही चुकी है कि हिन्दी के एक वरिष्ठ कवि और लेखक ने रेजिडेंसी में एक युवा कवयित्री के साथ अभद्र,अश्लील, आपत्तिजनक हरकत की है। इसके बाद काफी बवाल मचा और अंत में कवयित्री के कड़े विरोध के बाद वरिष्ठ कवि को वहां से बेआबरू होकर रुखसत होना पड़ा। प्रकरण का क्लाइमेक्स यह है पटकथा की सर्वाइवर और उत्पीड़क के बीच चालीस बरस का फासला है। इस भदेस प्रकरण से हिन्दी साहित्य की दुनिया को भी उबाल दिया। जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच ने कड़ी भर्त्सना की है तो राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ ने उसे संगठन से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। इन सबके बावजूद महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि सामाजिक, नैतिक और सबसे बढ़कर विधिक रूप से अपराध की श्रेणी में आने वाले कृत्य के आरोपी के खिलाफ कानूनी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे? पुलिस में मामला दर्ज क्यों नहीं करवाया जा रहा है ? स्त्री-मुक्ति के डंडों से पितृसत्तात्मकता के खिलाफ ढोल पीटने वाली स्वयं कवयित्री और उसकी समर्थक स्त्रीवादी कवि-लेखक समाज उसके माफीनामे लिखने या रेजिडेंसी से निकल जाने पर ही क्यों समझौता कर बैठे? इसके बाद नई धारा संस्था ने जो वक्तव्य जारी किया है वो भी लीपापोती करने वाला ही है। उत्पीड़क के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के संबंध में अब तक चुप्पी ही पसरी हुई है। इन चुप्पियों ने ही पितृसत्तात्मकता को स्त्री को डुबोने का हथियार थमाया है। गौरतलब तो यह है कि पटना की घटना की सर्वाइवर किसी गांव-देहात या कस्बे की घूंघट या पल्लू ओढ़े बैठी रहने वाली कोई परंपरागत महिला नहीं, शहर की आधुनिक उच्च शिक्षित, बिंदास जीवन शैली जीने वाली हिन्दी-अंग्रेजी साहित्य की अध्येता है। इस अभद्र प्रकरण में इस चुप्पी का समर्थन करने वाले-वालियों के भी अपने तर्क हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### व्यंग्य की बात



**हरीश शिवनानी**


# संस्कृति के साथ संस्कार को जोड़ती है डॉ संजय की पुस्तक

### पुस्तक समीक्षा की बात



**मुकेश सिंह चौहान**
संस्थापक- सह-संचालक खुशी क्लास

रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज के व्याख्याता डॉ संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित तीसरी पुस्तक " संस्कृति संस्कार के सुपथ को " पढ़ने के दौरान संस्कृति व संस्कार की सोंधी खुशबू की अनुभूति हुई। इस पुस्तक में कुल 11 अध्याय है। सबसे पहले राष्ट्र प्रथम भारत, संस्कृति सबकी एक चिरंतन, लोकमन संस्कार, माता-पिता और गुरु, स्वावलंबन, स्वाध्याय, सत्संग की महिमा, सांस्कृतिक जागरण ,उभरते युवा शक्ति व संस्कार युक्त शिक्षा और अंतिम अध्याय वसुधैव कुटुंबकम् है। राष्ट्र प्रथम भारत में मातृभूमि की संधि माटी से घूमती हुई भारतवर्ष की अमिट संस्कृति की पहचान जग जाहिर है। संस्कृति सब की एक चिरंतन और लोकमन संस्कार घर, परिवार और समाज को सशक्त व समृद्ध बनाती है। जीवन में माता-पिता और गुरु की भूमिका सर्वोपरि है। पुस्तक में रची-बसी सोंधी माटी की खुश्बू आकर्षित करती है। संयुक्त परिवार की उपादेयता की कहानी सदियों पुरानी है। यूं कह सकते हैं कि " संस्कृति, संस्कार के सुपथ " भारतीय माटी से गुंथी गई भारत वर्ष की अमिट संस्कृति, यहां के संस्कार और अपनत्व के बोध का खुला दस्तावेज है। कैसे हमारा भारत वर्ष संस्कृति और संस्कार का माधुर्य सींच से इंसानियत का विशाल वट वृक्ष बन पूरे विश्व को अपनी छांव दी। पुस्तक में इसे बड़े ही बारीकी, विस्तार, खूबसूरत और तार्किक रूप से पिरोया गया है। यह पुस्तक आज की पीढ़ी को झकझोरती है, जगाती है, उन्हें बताती है कि अपने मिट्टी से कट कर, अपने संस्कार को भूल कर कभी भी सुख-चैन तो नहीं पा सकते। माया के पीछे अंधा दौड़, झूठी विकाश में खोता चैन हमारी जिंदगी को बेमज़ा करता जाएगा। हम कम्प्यूटर तो बन जाएंगे, एटीएम बन पैसा भी उगलने लगेंगे, लेकिन सुकून चाहिए होगा तो संस्कृति, संस्कार के आंचल तले ही आना होगा। डॉ संजय जी की इस पुस्तक में आदिकाल से अबतक के संस्कृति, संस्कार को यात्रा के रूप में पिरोया गया है। आज हमारा समाज टूट रहा है, परिवार सिमटता जा रहा है, डिप्रेशन महामारी का रूप लेता जा रहा है ; इन सभी से लड़ने का हथियार संस्कृति, संस्कार के




रुप में हमारे पास है, पर हम उसका उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं। यह पुस्तक हम सबों में देश भक्ति की भावना को भी जागृत करता है। इस पुस्तक में गहनता के साथ दर्शाया गया है कि मानव जीवन के लिए खुशी एक व्यापक अवधारणा है। खुशी प्रसन्नता, आनंद , आत्मसंतुष्टि और सफलता के समन्वय सूत्र है। यह बताया गया है कि वैसे तो जीवन में सभी लोग खुशी और सफलता के आकांक्षी हैं, किन्तु सफलता का विधान जहाँ उपलब्धियों से है वहीं खुशी की संबंध आत्मसंतुष्टि से है। प्रायः यह देखने - सुनने को मिलता है कि जीवन में सफलता के चरम पर भी भौतिकवादी युग में अधिकांश लोग अप्रसन्न, अशांत - क्लांत एवं दुःख से ग्रसित हैं। भौतिक व सांसारिक उपलब्धियों एवं अनुकुलता के बावजूद भी लोगो को जीवन की सकारात्मक ऊर्जा एवं सार्थकता की अनुभूति से वंचित पाया जाता है। पुस्तक में बताया गया है कि सही सोच समझ एवं दिशाबोध के अभाव में लोग आंतरिक रिक्तता को भरने के लिए नशे, शराब, चोरी, अपराध जैसे बुरे व्यसनों का सहारा लेते हैं। अधिकतर लोग बुरी संगत और बुरे व्यसनों के चंगुल में फंसकर आत्मघाती एवं विध्वंसक पथ पर अग्रसर हो जाते हैं। संस्कृति व संस्कार को खुद में उतारकर हम इन बुराइयों से बच सकते हैं। कह सकते हैं कि चिंतन, चरित्र और व्यवहार के समन्वय से व्यक्तित्व निर्माण होता है। व्यक्तित्व निर्माण सबसे बड़ी जीवन साधना है। हालांकि इस पुस्तक में कहीं कहीं शब्दों के मेल में व्याकरणीय त्रुटि दृष्टिगोचर होती है, कहीं, कहीं विषयवार दुहराव भी है ; पर इसे नजरअंदाज किया जा सकता है। कुल मिलाकर विश्व एक परिवार के अपनत्व रंग में डूबी यह पुस्तक पठनीय है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

प्रेम न कोई हादसा, बढे कभी घट जाय।
वह उधार की ब्याज सा, हर दिन बढ़ता जाय।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# काम में छुपा हुआ है भोग के योग की साधना का रहस्य

### अलग बात



**केदारनाथ दास**

काम का नाम सुनते ही हमारा मन एकबारगी गुदगुदा उठता है। निरपेक्ष दृष्टि से देखें तो मन को गुदगुदाने वाला यह शब्द कुछ ऐसा है जिसके बगैर न प्रकृति है, न भोग है, न कामना है और न समग्र इच्छा के लिए कोई दिशा ही है। यह काम ही है जिसका संबंध भोग की कामना और विपरीत लिंग के प्रति तमाम जीवों की स्वाभाविक इच्छा से जुड़ा रहता है। किसी भी जीव में काम की इच्छा का होना एक स्वाभाविक व सरल घटनाक्रम क्योंकि "काम" का संबंध संतति के मूल स्रोत से है। अपनी इसी मौलिकता के कारण अनादि काल से भोग का यह स्वरूप बना शाश्वत दर्शन का केन्द्रविन्दु बना हुआ है। सरल शब्दों में कहें तो यह काम ही है जो अपने इसी शाश्वत व मूल स्वरूप के कारण जहाँ हमें अनादि ब्रह्म की शक्ति से साक्षात्कार कराती है तो इसमें अंतर्निहित काम तत्व के विनाश से हमारे लिए विध्वंस के दरवाजे भी खुलने लगते हैं। इसे समझने के लिए निम्नलिखित कुछ बातों पर गौर करना होगा।


1. "विनोद" से "विनाश" की इस यात्रा की जटिलताओं का अध्ययन अपने आप में एक नायाब सा अनुभव देता है क्योंकि "काम" और "भोग" के बीच का यह खेल अपने आप में सदैव रहस्य व तिलिस्म की बातें बनकर का सामने आ जाती हैं। इस जटिल सहसंबंध की कारीगरी देखिए कि अपनी मूल प्रकृति के विपरित जाकर भी इसे रूपांतरित और संस्कारित किया जा सकता है।

2. इस रूपांतरण को समझने के लिए किसी भी योनि की उन विशिष्ट क्षमताओं का अध्ययन करना जो प्रत्येक भोग के बाद साफ सफाई के प्रति संवेदनशीलता दिखाने लग जाता है। विडंबना देखिए कि भोग जब कभी पारस्परिक होने लगे तो इसकी सद्गगति मल मूत्र के परित्याग वाले अधर्मी मार्ग से होकर ही गुजरती है। इसके बावजूद हम भोग के प्रति आग्रही बने रहते हैं और संतानोत्पत्ति के लिए किये गये संसर्ग को कभी भी अधर्म की श्रेणी का नहीं मानते।

3. काम के लिए संस्कार के प्रयोगों की बानगी देखें तो एक गृहस्थ के द्वारा अपनाए गए भोग की सद्गगति अंततः सांसारिक व नैतिक रूप से स्वीकार्य होने के साथ धर्म निर्वाह की कोख से बाहर निकलता नजर आने लगता है। इसके विपरित यही काम जब अमर्यादित स्वरूप ग्रहण कर लेता है तो वह नीति विरुद्ध होकर वासनायुक्त होता चला जाता है और मल मूत्र की ही तरह स्वतः विकार की श्रेणी में आ खड़ा होता है।

4. इस पूरे संदर्भ को सनातनी संस्कृति के आलोक में देखें तो "काम" जब अपने लक्ष्य से भटकर "भोग" की राह पकड़ लेता है तब वही भोग खुद में एक भयंकर रोग बन जाता है। इस मामले में भारतीय दर्शन को अद्वितीय माना गया है क्योंकि जिस भोग पाश्चात्य दर्शन में भोग "फन" माना गया है उसे यहां पाप या नर्कगामी रोग मानकर उससे बचने की सलाह दी गई है। यह एक बड़ी वजह है कि काम को संस्कार के दायरे में रखने, सकारात्मक बनाए रखने और प्रयोगधर्मी बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों को भारतीय संस्कार के अंतर्गत पुरुषार्थ की श्रेणी में रखा गया है।

5. अब यदि आप काम भाव के भोग में लिप्त होते हुए भी अपनी गृहस्थी को ऊपर उठाने की कोशिश करते है तो आपका यही आचरण रोम रोम में राम के वास की बातें करता है। दूसरी ओर इससे वंचित होते ही हम "विकृत काम" के आगोश में स्वतः चले जाते हैं और यह जीवन से पलायन का कुपथ बनकर हमारे विनाश का कारण बनता चला जाता है। बहरहाल भोग के योग की साधना का रहस्य पथप्रदर्शक बनकर हमारे सामने हो तो हम भारतीयों के लिए "काम" न तो "फन" है, न "सीन" है बल्कि यह तो कामना का एक शाश्वत व शानदार विषय है।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## शिवलिंग के विविध स्वरूप और उनके चमत्कारी लाभ

# धातु या पत्थर नहीं, 'पीपल की लकड़ी' से बने शिवलिंग की पूजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व के नाथ का प्रिय माह सावन 11 जुलाई से शुरू होने वाला है। भगवान के दर्शन-पूजन की तैयारी जोरों पर हैं। शिवालय में बम भोले की गूंज सुनाई देगी। शिवलिंग की भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार पूजा-अर्चना करेंगे। अमूमन मंदिरों में पत्थर या धातु के शिवलिंग पूजे जाते हैं। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि धातु या पत्थर ही नहीं, 'पीपल की लकड़ी', आंवला, मिश्री, सोंठ, मिर्च और फूलों से बने शिवलिंग की भी पूजा होती है। हिंदू धर्म में शिवलिंग की पूजा का विशेष महत्व है। कई सामग्रियों से निर्मित शिवलिंग के विषय में जानकारी धार्मिक ग्रंथों जैसे शिव पुराण, लिंग पुराण और स्कंद पुराण में मिलती है। प्रत्येक सामग्री से बने शिवलिंग का विशिष्ट फल भी है, जो भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। मिश्री, सोंठ, मिर्च, फूलों से बने शिव लिंग, जौ, गेहूं, चावल, फल, यज्ञ की भस्म, बांस के अंकुर को शिवलिंग के समान काटकर पूजा करने से वंश वृद्धि होती है। दही, गुड़, आंवला, कपूर, दुर्वा, स्फटिक, मोती, स्वर्ण निर्मित शिवलिंग, चांदी के बने शिवलिंग, पीपल की लकड़ी से बना शिवलिंग, लहसुनिया से बना शिवलिंग, बिबर की मिट्टी के बने शिवलिंग, पारद शिवलिंग का अभिषेक सर्वोत्कृष्ट माना गया है।दुर्वा से बने शिवलिंग की पूजा अकाल मृत्यु के भय को दूर करती है। पीपल की लकड़ी से निर्मित शिवलिंग दरिद्रता का निवारण करता है, जबकि लहसुनिया से बना शिवलिंग शत्रुओं पर विजय दिलाता है।



### शिवलिंग के प्रकार और उनका आध्यात्मिक व भौतिक महत्व

शिव पुराण में पारद (पारा) से बने शिवलिंग का अभिषेक सर्वोत्तम माना गया है, जो सभी सिद्धियों और मोक्ष का दाता है। शिवलिंग की पूजा से न केवल आध्यात्मिक, बल्कि भौतिक सुख-समृद्धि भी प्राप्त होती है।धर्म ग्रंथों में शिव लिंग के 20 प्रकार एवं महत्त्व का वर्णन मिलता है। शिव पुराण के अनुसार, दही से बने शिवलिंग की पूजा से समस्त सुख और धन की प्राप्ति होती है। वहीं, गुड़ से निर्मित शिवलिंग में अन्न चिपकाकर पूजन करने से कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है, जो खेती-किसानी से जुड़े भक्तों के लिए विशेष लाभकारी है। लिंग पुराण में उल्लेख है कि आंवले से बने शिवलिंग का रुद्राभिषेक करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। कपूर से निर्मित शिवलिंग की पूजा आध्यात्मिक उन्नति और मुक्ति प्रदान करती है, जो साधकों के लिए महत्वपूर्ण है। स्फटिक के शिवलिंग की पूजा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, जैसा कि शिव पुराण में वर्णित है। वहीं, स्वर्ण और चांदी से बने शिवलिंग के पूजन सुख-समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि करते हैं। ये पूजा विधान विशेष रूप से गृहस्थ जीवन में समृद्धि लाते हैं।

### 'पीड़िता की पहचान उजागर करना अपराध', कोलकाता पुलिस ने चेताया

**कोलकाता।** कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ हुई गैंगरेप की घटना से लोगों में आक्रोश है। पश्चिम बंगाल की राजधानी में सड़क पर इसका असर देखा जा चुका है। इस बीच गैंगरेप की घटना पर राजनीति भी तेज है। फिलहाल कोलकाता पुलिस ने कसबा मामले में पीड़िता की पहचान गोपनीयता बनाए रखने के लिए कदम उठाए हैं। कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए चेतावनी दी है कि पीड़ित की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोलकाता पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "संज्ञान में आया है कि कुछ लोग गोपनीय दस्तावेजों के प्रसार या अन्य तरीकों से कस्बा मामले में पीड़ित की पहचान का खुलासा करने की कोशिश कर रहे हैं। ये कानून का गंभीर उल्लंघन है। ऐसे कृत्यों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनता को सलाह दी जाती है कि वो ऐसी कोई भी जानकारी साझा न करें जिससे पीड़ित की पहचान उजागर हो सके। पीड़ितों की गरिमा और गोपनीयता का सम्मान करना एक कानूनी दायित्व और नैतिक अनिवार्यता है।

## पुनौराधाम सीता मंदिर का अगस्त में होगा शिलान्यास

# नीतीश कैबिनेट ने मंजूर किया 882 करोड़ का बजट

**एजेंसी। पटना**



- राज्य के कलाकारों को ₹3,000 मासिक पेंशन देने की स्वीकृति
- सीतामढ़ी स्थित मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम के समग्र विकास हेतु ₹882.87 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति

बिहार कैबिनेट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में 24 एजेंडों पर मुहर लगाई। राज्य के कलाकारों को 3,000 रुपये मासिक पेंशन देने का फैसला किया गया। सीतामढ़ी के पुनौरा धाम के विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की योजना को आज कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई है।

बिहार सीएम ने आगे लिखा कि आज कैबिनेट में पुनौराधाम के समग्र विकास के लिए तैयार की गई वृहद योजना के लिए 882 करोड़ 87 लाख रू० की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना का जल्द ही कार्यारंभ कर दिया जाएगा। मैंने अगस्त महीने तक इसका शिलान्यास कराने का निर्देश दिया है। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं। इसका श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तर्ज पर समग्र विकास किया जाएगा। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण सभी देशवासियों के लिए तथा विशेष रूप से हम सभी बिहारवासियों के लिए सौभाग्य एवं गर्व की बात है।

एक अन्य निर्णय में मुख्यमंत्री गुरु शिष्य परंपरा योजना नामक एक नई योजना शुरू की जाएगी, जिसके लिए इस योजना के लिए वार्षिक ब्याज के रूप में 1.11 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। बैठक में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 36.35 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। यह योजना रासायनिक खाद या कीटनाशकों के बिना खेती को बढ़ावा देती है। साथ ही, बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतपत्र कोलकाता स्थित सरस्वती प्रेस लिमिटेड द्वारा छापे जाएंगे।

## जीएसटी के आठ साल पूरे, राहुल गांधी बोले-

# यह आर्थिक अन्याय और कॉर्पोरेट भाईचारे का क्रूर हथियार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत सरकार द्वारा हर साल 1 जुलाई को मनाया जाने वाला जीएसटी दिवस, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के औपचारिक रूप से लागू होने की आठवीं वर्षगांठ का प्रतीक है। देश के सबसे बड़े कर सुधारों में से एक, जीएसटी की शुरूआत ने भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को एक सुव्यवस्थित कर संरचना में एकीकृत करने में मदद की। जीएसटी के शुभारंभ के दिन का उपयोग जीएसटी ढांचे के बारे में जागरूकता और अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। हालांकि, यह बात भी सही है कि कांग्रेस लगातार इसका विरोध करती रही है। आज एक बार फिर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसको लेकर सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 8 साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है - यह आर्थिक अन्याय और कॉर्पोरेट भाईचारे का क्रूर हथियार है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया था। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एक "अच्छा और सरल कर" का वादा किया गया था। इसके बजाय, भारत को अनुपालन का दुःस्वप्न और पाँच-स्लैब कर व्यवस्था मिली, जिसमें 900 से अधिक बार संशोधन किया गया है। यहाँ तक कि कारमेल पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके भ्रम के जाल में फँस गए हैं। उन्होंने आगे लिखा कि नौकरशाही की भूलभुलैया बड़े कॉरपोरेट्स के पक्ष में है, जो एकाउंटेंट की सेना के साथ इसकी खामियों को दूर कर सकते हैं, जबकि छोटे दुकानदार, एमएसएमई और आम व्यापारी लालफीताशाही में डूबे हुए हैं। जीएसटी पोर्टल दैनिक उत्पीड़न का स्रोत बना हुआ है।राहुल ने कहा कि भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजक एमएसएमई को सबसे अधिक नुकसान हुआ है।

## भारतीय रेलवे ने लॉन्च किया रेल वन ऐप

# 'रेल वन' ऐप, यात्रियों को मिलेगी एक ही प्लेटफॉर्म से सभी सुविधाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल वन मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया, जिसे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता और भोजन बुकिंग सहित कई सेवाओं तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध इस ऐप का उद्घाटन सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान किया गया।

रेल मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में रेल वन ऐप को सभी यात्री ज़रूरतों के लिए एक व्यापक समाधान बताया गया। इसने इस बात पर प्रकाश डाला कि उपयोगकर्ता आरक्षित और अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफ़ॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ और भोजन बुकिंग जैसी विभिन्न सेवाओं तक सीधे ऐप के माध्यम से पहुँच सकेंगे। संचार में यह भी कहा गया है कि इसमें माल ढुलाई पूछताछ की सुविधाएँ भी शामिल हैं।उपयोगकर्ता रेल वन ऐप डाउनलोड करने के बाद अपने मौजूदा RailConnect या UTSonMobile ऐप आईडी का उपयोग करके लॉग इन कर सकते हैं, जिससे विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग एप्लिकेशन की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और डिवाइस पर स्टोरेज स्पेस की बचत होती है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने ऐप के भीतर R-वॉलेट (रेलवे ई-वॉलेट) की शुरुआत के साथ-साथ संख्यात्मक एम पीन और बायोमेट्रिक विकल्पों सहित आसान लॉगिन के लिए सुविधाओं का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नए उपयोगकर्ता न्यूनतम जानकारी के साथ पंजीकरण कर सकते हैं, जिससे एक त्वरित और सरल पंजीकरण प्रक्रिया की सुविधा मिलती है। जो उपयोगकर्ता केवल पूछताछ करना चाहते हैं, उनके लिए मोबाइल नंबर और OTP का उपयोग करके अतिथि लॉगिन विकल्प भी उपलब्ध है।



### सभी सेवाओं के लिए एकीकृत और सहज प्लेटफॉर्म

मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि ऐप का प्राथमिक उद्देश्य सरल और सहज इंटरफ़ेस के माध्यम से उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐप न केवल सभी सेवाओं को एक स्थान पर एकीकृत करता है, बल्कि यह उन सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को भारतीय रेलवे की पेशकशों का पूरा पैकेज मिलता है। ऐप की एक खास विशेषता सिंगल साइन-ऑन क्षमता है, जो कई पासवर्ड की आवश्यकता को हटाकर लॉगिन प्रक्रिया को सरल बनाती है।



# भाजपा ने पांच नेताओं को किया निलंबित, लगा है ये बड़ा आरोप

**एजेंसी। ओडिशा**



ओडिशा भारतीय जनता पार्टी ने एक त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सोमवार को भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) कार्यालय में हुई हिंसा में कथित संलिप्तता के बाद पांच पार्टी नेताओं को मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने नगरसेवक अपरूप नारायण राउत, रश्मी रंजन महापात्र, देबाशीष प्रधान, सचिकांत स्वैन और संजीव मिश्रा को निलंबित कर दिया। भाजपा ने यह कदम बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त रत्नाकर साहू को सोमवार को उनके कार्यालय से कथित तौर पर घसीट कर ले जाने और बदमाशों के एक समूह द्वारा उन पर हमला करने के बाद उठाया है। ओडिशा प्रशासनिक सेवा संघ ने सोमवार को वरिष्ठ ओएएस अधिकारी पर कथित हमले के विरोध में अपने सदस्यों से मंगलवार से 'सामूहिक अवकाश' पर जाने का आह्वान किया है। हालांकि, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से आश्वासन मिलने के बाद एसोसिएशन ने अपना 'सामूहिक अवकाश' विरोध स्थगित करने का फैसला किया है। माझी ने आश्वासन दिया है कि उनके वरिष्ठ सहयोगी पर कथित हमले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# उद्धव-राज करीब आ रहे तो महाराष्ट्र में कांग्रेस का एकला चलो राग

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र की अस्थिर राजनीति एक बार फिर टकराव के लिए तैयार है, इस बार विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में। राज्य सरकार की हालिया शिक्षा नीति के आधार पर हिंदी लागू करने के विवाद को लेकर प्रमुख सहयोगी दल शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे द्वारा अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की एमएनएस के साथ गर्मजोशी दिखाने के हालिया घटनाक्रम के बाद। एमएनएस और शिवसेना (यूबीटी) प्राथमिक स्कूल शिक्षा में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी लागू करने के प्रस्तावित प्रस्ताव का मुखर विरोध कर रहे हैं।

**महाराष्ट्र में हिंदी लागू करने का विवाद क्या है? :** कक्षा 1 से 5 तक हिंदी लागू करने के बढ़ते विरोध के बीच, राज्य सरकार ने तीन-भाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित दो आधिकारिक आदेश वापस ले लिए हैं। विरोध के जवाब में, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिक्षाविद् नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति के गठन की घोषणा की है, जो राज्य की भाषा नीति पर भविष्य की कार्रवाई की सिफारिश करेगी। जब से राज्य की राजनीति में हिंदी भाषा विवाद ने केंद्र में जगह बनाई है, तब से उद्धव और ठाकरे दोनों ही इसके खिलाफ एक ही तरह से बोल रहे हैं और संयुक्त विरोध का आह्वान भी कर रहे हैं, जिससे राज्य में नगर निकाय चुनावों में संभावित गठबंधन की चर्चा तेज हो गई है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## राष्ट्रपति आज करेंगी यूपी के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण

# गोरखपुर को मिला पहला आयुष विश्वविद्यालय

- गोरखपुर के भटहट क्षेत्र के पिपरी गांव में 52 एकड़ भूमि पर निर्मित।

**एजेंसी। गोरखपुर**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन प्रदेश को आयुष विश्वविद्यालय की सौगात देंगी। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। भटहट के पिपरी में बना यूपी का पहला महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय आयुर्वेद समेत प्राचीन व परंपरागत आयुष विधाओं की चिकित्सा और इनसे जुड़ी शिक्षा का केंद्र ही नहीं बनेगा बल्कि इसके जरिये रोजगार के नए द्वार भी खुलने जा रहे हैं। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण मंगलवार (एक जुलाई) को पूर्वाह्न देश की प्रथम नागरिक, महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु करेंगी। आयुष पद्धति से चिकित्सा, शिक्षा और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

यह आयुष विश्वविद्यालय भटहट क्षेत्र के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इसकी स्वीकृत लागत 267.50 करोड़ रुपये है। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण भले ही मंगलवार को होने जा रहा है लेकिन यहां आयुष ओपीडी का शुभारंभ 15 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है। हाल के दिनों में सायंकाल के सत्र में भी ओपीडी चलने लगी है। प्रतिदिन यहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी की ओपीडी में औसतन 300 मरीज परामर्श लेते हैं। आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने से गोरखपुर को केंद्र में रखकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावना और बढ़ जाती है। आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। आयुष विश्वविद्यालय के पूर्णतः क्रियाशील होने से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। लोग आसपास उगने वाली जड़ी बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। किसानों को औषधीय खेती से ज्यादा फायदा मिलेगा। आयुष विश्वविद्यालय व्यापक पैमाने पर रोजगार और सकारात्मक परिवर्तन का कारक बन सकता है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति, जिन्हें समन्वित रूप में आयुष कहा जाता है, के नियमन के लिए अलग-अलग संस्थाएं कार्यरत रहीं। पर, राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों (वर्तमान में 98) का नियमन अब इसी विश्वविद्यालय से ही होता है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय प्रदेश का अपनी तरह का पहला और गोरखपुर का चौथा संचालित विश्वविद्यालय है। गोरखपुर में इसके पहले दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, पूर्वी उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के बड़े केंद्र के रूप में ख्यातिलब्ध हैं।


**कार्यालय जिला भी०बी०डी० पदाधिकारी, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा संबंधी सूचना**

निविदा संख्या – 01 / 2025 – 26 (VBD)

PR 355666 Lohardaga (25-26)D दिनांक 22.06.2025

जिला के मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला भी०बी०डी० पदाधिकारी कार्यालय, लोहरदगा द्वारा Deltametharin 2.5% WP (कीटनाशी) के क्रय हेतु कीटनाशी विक्रेताओं से दिनांक 28.06.2025 तक निविदा आमंत्रित की गयी थी। अपरिहार्य कारणों से निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि निम्न प्रकार से बढ़ाई जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नाम : सिविल सर्जन सह जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी, लोहरदगा।
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 07.07.2025, अपराह्न 02 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 07.07.2025, अपराह्न 04 बजे।
4. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा।
5. मद का नाम : Malaria Under Drug & Supplies
6. कार्य का विवरण :

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | Deltamethrin 2.5% WP (कीटनाशी) | एक सप्ताह |

निविदा के नियम एवं शर्त्ते https://lohardaga.nic.in एवं जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

सिविल सर्जन –सह–
जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 356234 Lohardaga (25-26)_D



**झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड,(जुडको लि0)**
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
जुडको भवन, कचहरी चौक, राँची–834001,
फोन न0–0651–2225878
CIN: U45200JH2013SGC001752, E-Mail Id- juidcolimited@gmail.com

NIT No - JUIDCO/ NIT/DPR-PMC/SWM/HC/25/657 Dated:01.07.2025
Tender ID – 2025_UDD_102016_1
PR No - 354878

**CORRIGENDUM – 01**

All bidders are hereby informed that corrigendum 01 is released for tender of NIT Ref No: - JUIDCO/ NIT/DPR-PMC/SWM/HC/25/657 and Tender ID - 2025_UDD_102016_1 for "Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy services for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharganj". The bidders are advised to take in to account the same before submission of their bids against the tender. NOTE: Corrigendum-01 and all other information can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e. (http://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.

PR 356280 (Urban Development and Housing)25-26*D

# गाजा संघर्ष : सीजफायर पर नए विकल्प तलाशने अमेरिका जाएंगे नेतन्याहू

## गाजा में जारी संघर्ष पर अमेरिका के साथ बन सकती है सहमति

**यरुशलम (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सात जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करने जा रहे हैं। 'व्हाइट हाउस' ने 'द इजरायल टाइम्स' से इसकी पुष्टि की है। ट्रंप गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में वापस लौटे थे, जिसके बाद यह नेतन्याहू की व्हाइट हाउस की तीसरी यात्रा होगी। यह मुलाकात गाजा में युद्ध विराम और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और राजनायिक संबंधों के विस्तार पर केंद्रित होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ट्रंप और प्रशासन के अधिकारी इजरायली नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं। गाजा संघर्ष को समाप्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की



प्राथमिकता है। लेविट ने कहा, "इस युद्ध के दौरान इजरायल और गाजा, दोनों से जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं, वह दिल दहला देने वाली हैं। राष्ट्रपति इसे खत्म होते देखना चाहते हैं। वह लोगों की जान बचाना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में संघर्ष को खत्म करने पर नए सिरे से फोकस करने का संकेत देते हुए शुक्रवार को पत्रकारों से गाजा में अगले हफ्ते तक युद्धविराम की संभावना जताई थी। नेतन्याहू की अमेरिकी यात्रा ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर अमेरिकी हमले के बाद हो रही है। उस समय ट्रंप ने इजरायल-ईरान के बीच युद्धविराम कराने का दावा किया था। स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डेरमर फिलहाल अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक के लिए वाशिंगटन में हैं। नेतन्याहू ने गाजा युद्धविराम वार्ता के संबंध में दूसरी बैठक के लिए सोमवार शाम को अपने शीर्ष सहयोगियों और मंत्रियों को बुलाया है। इसमें शामिल मंत्रियों में से एक के कार्यालय ने बताया है कि ग्रुप एक रात पहले हुए टकराव के बाद भी गाजा में युद्ध के भविष्य पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया है।

### इजरायल शिन बेट प्रमुख की नियुक्ति पर बवाल, मुख्य न्यायाधीश पर चिल्लाया तो व्यक्ति को घसीटकर बाहर हटाया

**यरुशलम ।** यरुशलम के सुप्रीम कोर्ट में एक अहम सुनवाई के दौरान तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। मामला इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के नए प्रमुख की नियुक्ति से जुड़ा था, जिसे लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। टाइम्स ऑफ इजरायल की खबर के मुताबिक, इजरायल की अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मिआरा ने यह साफ कर दिया कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू शिन बेट प्रमुख की नियुक्ति नहीं कर सकते। उनके मुताबिक, यह कदम "हितों के टकराव" के तहत आता है। बता दें, कतरगेट और लीक दस्तावेजों की जांच शिन बेट और पुलिस कर रही है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इनमें प्रधानमंत्री के बेहद करीबी सहयोगी शामिल हैं। इसी को लेकर कोर्ट में दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान माहौल गर्म हो गया है। जैसे ही कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई, सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्ष जस्टिस यित्ज़ाक अमित ने साफ चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति कार्यवाही में बाधा डालेगा तो उसे बाहर निकाल दिया जाएगा।

### ट्रंप ने एलन मस्क को दी धमकी, बोले

# 'सब्सिडी कटौती की तो लौटना पड़ेगा दक्षिण अफ्रीका'

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



अमेरिका में कभी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क एक-दूसरे के काफी करीब थे, लेकिन आज उन दोनों में विवाद बढ़ता ही जा रहा है। यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर एलन मस्क को सब्सिडी कटौती की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका वापस लौटना पड़ सकता है।

जब से एलन मस्क ने 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' का विरोध जताया है तब से डोनाल्ड ट्रंप भी उनके खिलाफ आक्रामक नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "मुझे राष्ट्रपति पद के लिए सपोर्ट करने से बहुत पहले ही एलन मस्क को पता था कि मैं ईवी जनादेश के सख्त खिलाफ हूं। यह हास्यास्पद है और हमेशा मेरे कैंपेन का एक प्रमुख हिस्सा रहा है। इलेक्ट्रिक कारें ठीक हैं, लेकिन हर किसी को एक ईवी कार खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को धमकी देते हुए कहा, "एलन मस्क को इतिहास में किसी अन्य इंसान से कहीं ज्यादा सब्सिडी मिल सकती है। अगर सब्सिडी नहीं मिली तो एलन को शायद अपनी दुकान बंद करनी होगी और दक्षिण अफ्रीका वापस लौटना होगा। बिना सब्सिडी के कोई और रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट या इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन संभव नहीं होगा।" साथ ही उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डॉज) के कामकाज की जांच करने की बात की। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद एलन मस्क को यह डिपार्टमेंट सौंपा गया था।आपको बता दें कि इससे पहले दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने वन बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर कहा कि अगर यह विधेयक सीनेट में पास हुआ तो वे अगले ही दिन एक नई पार्टी बनाएंगे। उस पार्टी का नाम अमेरिकन पार्टी होगा।

### थाईलैंड की पीएम पैटोंगटार्न सस्पेंड लीक कॉल मामले में हुई कार्रवाई



**बैंकॉक (आईएएनएस)।** थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा को निलंबित कर दिया। यह फैसला उस याचिका को स्वीकार करने के बाद आया है, जिसमें एक लीक हुई फोन कॉल के चलते उन्हें पद से हटाने की मांग की गई थी। यह कॉल कम्बोडिया के सीमा मुद्दों को लेकर थी। न्यायाधीशों की एक पीठ ने सर्वसम्मति से याचिका को स्वीकार किया और कहा कि अंतिम निर्णय आने तक प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न को तत्काल प्रभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन रोकना होगा। अदालत ने कहा कि गंभीर और अपूरणीय क्षति से बचने के लिए अस्थायी उपाय किए जा रहे हैं। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश मामलों और वित्त से संबंधित सभी कार्यों और शक्तियों के उपयोग से तब तक रोक दिया गया है जब तक अंतिम फैसला नहीं आ जाता।

### पाक जेल में 246 भारतीय बंद भारत ने सूची सौंपी पाक को

**करांची ।** पाकिस्तान की जेलों में 246 भारतीय नागरिक बंद हैं। इनमें से 53 आम नागरिक हैं और 193 मछुआरे, जो या तो भारतीय हैं या जिनके भारतीय होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, भारत ने पाकिस्तान को बताया कि उसकी हिरासत में 382 ऐसे नागरिक और 81 मछुआरे हैं जो पाकिस्तानी या पाकिस्तानी समझे जाते हैं। भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में अपने-अपने राजनयिक चैनलों के जरिए मंगलवार को एक-दूसरे के हिरासत में बंद नागरिकों और मछुआरों की लिस्ट सौंपी। इसके जरिए यह जानकारी मिली है। दोनों देशों के बीच 2008 में हुए कांसुलर एक्सेस समझौते के मुताबिक हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को ऐसी सूचियां शेयर की जाती हैं। भारत ने पाकिस्तान से अपील की है कि जिन भारतीय नागरिकों और मछुआरों ने अपनी सजा पूरी कर ली है, उनकी जल्द से जल्द रिहाई और भारत वापसी सुनिश्चित की जाए।

### डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को खत्म करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा कि ट्रंप ने "देश की स्थिरता और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए सीरिया प्रतिबंध कार्यक्रम खत्म करने वाले एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस ने कहा, "यह आदेश सीरिया पर प्रतिबंधों को हटाता है, जबकि बशर अल-असद पर प्रतिबंधों को बनाए रखता है। यह आदेश कुछ वस्तुओं पर एक्सपोर्ट कंट्रोल में रियायत देने और सीरिया को दी जाने वाली कुछ विदेशी सहायता पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की अनुमति देता है।

# एससी-एसटी को सीधी भर्ती और प्रमोशन में आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 75 सालों के इतिहास में पहली बार एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए कर्मचारियों की सीधी भर्ती व प्रमोशन में आरक्षण की औपचारिक नीति लागू की। सर्वोच्च न्यायालय के सभी कर्मचारियों को 24 जून को जारी एक सर्कुलर में इस फैसले की जानकारी दी गई ।इस व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद में सर्वोच्च न्यायालय में स्टाफ की सीधी भर्तियों व प्रमोशन में एससी श्रेणी के लिए 15 % और एसटी श्रेणी के लिए 7.5 % पद रिजर्व होंगे। यह व्यवस्था 23 जून 2025 से प्रभावी हो गई है। यह आरक्षण जजों के लिए नहीं हैं, बल्कि यह नीति रजिस्ट्रार,वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट व चैंबर अटेंडेंट जैसे कई पदों पर लागू होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश गवई ने एक अंग्रेज़ी अख़बार से साक्षात्कार में कहा था, 'सभी सरकारी संस्थानों व कई हाईकोर्ट में पहले से ही एससी व एसटी के लिए रिजर्वेशन का प्रावधान है, तो सर्वोच्च न्यायालय को इससे अलग क्यों रखा जाए ? हमने कई ऐतिहासिक फैसलों में सकारात्मक कार्रवाई का समर्थन किया है और एक संस्था के रूप में हमें इसे अपने यहां भी लागू करना चाहिए। हमारे काम हमारे सिद्धांतों को दर्शाने चाहिए।' लॉ ट्रेंड की रिपोर्ट के मुताबिक, नई आरक्षण नीति के संबंध में 24 जून को सुप्रीम कोर्ट की ओर से एक सर्कुलर जारी किया गया। इसमें सभी कर्मचारियों व रजिस्ट्रारों को बताया गया कि मॉडल आरक्षण रोस्टर व रजिस्टर सर्वोच्च न्यायालय के इंटरनल नेटवर्क 'Supnet' पर अपलोड कर दिया गया है और यह 23 जून से प्रभावी हो गया है। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि यदि किसी को रोस्टर या रजिस्टर में कोई गलती या खामी दिखे तो रजिस्ट्रार को इसकी जानकारी भेज दें।

# 2 से 10 जुलाई तक 5 देशों के दौरे पर पीएम मोदी

## घाना, त्रिनिदाद -टोबैगो, नामीबिया, ब्राजील और अर्जेंटीना पांच देश की यात्रा पर रहेंगें पीएम नरेंद्र मोदी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** पीएम नरेंद्र मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक के लिए पांच देशों- घाना, त्रिनिदाद - टोबैगो, नामीबिया ,ब्राजील , अर्जेंटीना की यात्रा पर रहेंगे। इनमें से घाना, त्रिनिदाद- टोबैगो व नामीबिया ऐसे हैं, जहां पीएम पहली बार जाने वाले हैं। इसके अलावा वे ब्राजील व अर्जेंटीना भी जाएंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ ही कई कूटनीतिक समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे।मोदी की इस विदेश यात्रा की शुरुआत घाना से होगी। इसके बाद वे त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना व ब्राजील जाएंगे। ब्राजील में ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे , उसके बाद नामीबिया पहुंचेंगे। यह उनकी पहली नामीबिया यात्रा होगी। इन देशों के साथ भारत के कई आर्थिक और कूटनीतिक समझौते हो सकते हैं।घाना में मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा 2015 में भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरे पर आए थे। घाना पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत के साथ इसके संबंध मजबूत व विस्तारित व्यापार और निवेश द्वारा चिह्नित हैं।भारत घाना के निर्यात के लिए सबसे बड़ा साथी माना जाता है। घाना से भारत के आयात का 70% से ज़्यादा हिस्सा सोने का है। दोनों देशों में द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के माध्यम से इसे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। घाना के बाद कैरिबियन देश त्रिनिदाद व टोबैगो का दौरा करेंगे, जहां की 40-45% आबादी भारतीय है। प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर तथा राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी की त्रिनिदाद व टोबैगो की पहली यात्रा होगी और 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। नवंबर 2024 में प्रधानमंत्री गुयाना गए थे। यह यात्रा त्रिनिदाद व टोबैगो में भारतीय प्रवासियों के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने का प्रतीक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल व्यापार 341.61 मिलियन डॉलर तक



पहुंचने के साथ द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में लगातार वृद्धि देखी गई है। 57 साल में पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री अर्जेंटीना जा रहा है। जहां उनकी मुलाकात जेवियर माइली से होगी। इस दौरान दोनों देश के नेता अभी चल रहे सहयोग की समीक्षा करेंगे और रक्षा, कृषि, खनन, तेल तथा गैस, ऊर्जा आदि साझेदारी को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। भारत व अर्जेंटीना ने खनिज संसाधन क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ाया है, विशेष रूप से लिथियम में, जो भारत के ग्रीन एनर्जी के लिए अहम है। अर्जेंटीना भारत को सोयाबीन व सूरजमुखी के तेल का प्रमुख सप्लायर है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार व निर्यात क्षेत्र था। रियो डी जेनेरो में ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मिलेंगे, जिसके बाद एक राजकीय यात्रा होगी। ब्रिक्स में पीएम वैश्विक शासन, शांति व सुरक्षा के सुधार, बहुपक्षवाद को मजबूत करने, एआई के जिम्मेदार उपयोग, जलवायु कार्रवाई, वैश्विक स्वास्थ्य आदि पर चर्चा करेंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान उनकी कई द्विपक्षीय बैठकें होने की संभावना है। मोदी ब्रासीलिया जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति लूला के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सहित आपसी हितों के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। ब्राजील दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। नामीबिया की अपनी पहली यात्रा के दौरान पीएम मोदी राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मिलेंगे। इस दौरान वे नामीबिया के संस्थापक पिता डॉ. सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि देंगे और देश की संसद को संबोधित करेंगे। द्विपक्षीय व्यापार 2000 में 3 मिलियन डॉलर था। यह अब बढ़कर लगभग 600 मिलियन डॉलर हो गया है। भारतीय कंपनियों ने नामीबिया में खनन, विनिर्माण, हीरा प्रसंस्करण व सेवाओं में निवेश किया है। प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर 2022 में मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाए आठ चीतों को छोड़ा गया था।

### बलूचिस्तान में फिर विद्रोहियों का तांडव

### बैंक शाखाओं समेत कई इमारतों को फूंका हमले में बच्चे की मौत

**क्वेटा।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को बंदूकें और रॉकेट के साथ दर्जनों विद्रोहियों ने एक थाने पर धावा बोला और बैंकों की दो शाखाओं को फूंक दिया। इस घटना में एक बच्चे की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। हालांकि इसकी अभी तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पर संदेह जताया जा रहा है। इधर, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मारवात जिले में अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, बलूचिस्तान के मास्टंग जिले में विद्रोहियों ने हमला किया और नागरिकों पर गोलियां बरसाईं। स्थानीय सरकारी अधिकारी जान मोहम्मद ने दावा किया कि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कुछ विद्रोही भी मारे गए।

## तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद के कथित कार्टून पर विवाद

# मिसाइलों की बारिश के बीच मूसा से हाथ मिलाते दिखे, कार्टूनिस्ट समेत 4 गिरफ्तार

**अंकारा । एजेंसी**

तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। लेमैन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मोहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमैन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वे 'दांत के बदले दांत, खून के बदला खून' के नारे लगा रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की।



### सरकार बोली- यह फ्रीडम ऑफ स्पीच नहीं

घटना के बाद तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बयान जारी कर कहा कि यह प्रेस की आजादी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि धार्मिक भावनाओं का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुंक ने कहा कि इस तरह के कार्टून धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द का अपमान करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कोई भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बहाना बनाकर किसी धर्म के प्रतीकों का अपमान नहीं कर सकता। गृह मंत्री येरलिकाया ने कहा कि वे पैगंबर साहब का मजाक उड़ाने वाले इस शर्मनाक कार्टून की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें हमारे धार्मिक भावनाओं का अपमान करती हैं। मुसलमानों के दिल को ठेस पहुंचाती हैं।

# अमिताभ की ब्लॉकबस्टर फिल्म सूर्यवंशम को एक्ट्रेस मधु ने क्यों ठुकराया था

## सालों बाद बताई अपने फैसले की वजह


1991 में अजय देवगन की फिल्म फूल और कांटे से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री मधु शाह को दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में अधिक प्रसिद्धि मिली। बॉलीवुड एक्ट्रेस मधु 90 के दशक की लीडिंग एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग और खूबसूरती से दर्शकों के दिलों पर राज किया। हालांकि, मधु ने उस वक्त बॉलीवुड छोड़ दिया जब वो अपनी सक्सेस के पीक पर थीं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं।

एक साक्षात्कार में, मधु ने 90 के दशक में अभिनेत्रियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस अवधि को अपने करियर का सबसे कठिन समय बताया, जिसमें फिल्म सेट पर बुनियादी सुविधाओं की कमी पर प्रकाश डाला। इसके अलावा हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में मधु ने अपने करियर से जुड़े कई किस्से शेयर किए। उस दौरान मधु को अमिताभ बच्चन की फिल्म सूर्यवंशम का ऑफर भी मिला था लेकिन उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया ।मधु ने अमिताभ बच्चन की फिल्म ठुकरा दी। उन्होंने अपनी शादी के लिए अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म ठुकराने को याद करते हुए कहा, "मैं खुद को भाग्य की संतान कहती हूं। जिसे लोग आज अभिव्यक्ति कहते हैं, मैंने उस समय उसका अनुभव किया था। जब भी मैंने किसी चीज को दृढ़ता से महसूस किया है, वह मेरे लिए सच हुई है। जब मुझे एहसास हुआ कि मुझे फिल्मों में काम नहीं करना है।



***मधु की हालिया और आने वाली फिल्में :*** *मधु को हाल ही में कन्नप्पा में देखा गया था। मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित भक्ति फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, ब्रह्मानंदम, ब्रह्माजी, शिव बालाजी और कौशल मंडा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में मोहनलाल, अक्षय कुमार और प्रभास की स्टार-स्टडेड कैमियो भी हैं।*

कहानी फिल्म जगत की

झारखंड के सतत विकास लक्ष्य को लेकर यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा

# यूनिसेफ के कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनाएं : मुख्य सचिव

नवीन मेल संवाददाता



रांची। झारखंड के सतत विकास लक्ष्य की उपलब्धि को लेकर यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को की गई। मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने यूनिसेफ को सभी संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय पर बल देते हुए निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनायें। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ झारखंड के सतत विकास को लेकर जो कार्य कर रहा है, वैसे ही कार्य व्यापक पैमाने पर राज्य सरकार भी कर रही है। इस स्थिति में एक दूसरे के डाटा राज्य के सतत विकास में काफी उपयोगी हो सकते हैं। इसके लिए विभागों के साथ पाक्षिक बैठक करने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि इन बैठकों में यूनिसेफ फील्ड के अपने कार्यों, अनुभव और सुझावों को साझा करे और यह देखे कि बच्चों को लेकर सरकार की योजनाओं के साथ कैसे बेहतर तालमेल के साथ काम किया जा सकता है। योजनाओं की निगरानी और उसके फलाफल पर फोकस पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने यूनिसेफ से कहा कि वे सामाजिक प्रक्षेत्र में अन्य राज्यों में जो बेहतर कार्य हो रहे हैं, उनका अध्ययन, विश्लेषण करें और उसका क्रियान्वयन झारखंड में कैसे किया जा सकता है, इसका ब्लू प्रिंट बनायें। उन्होंने योजना विभाग के साथ एक पोर्टल पर डाटा साझा करने का निर्देश दिया, ताकि डाटा मिस मैच नहीं हो। मुख्य सचिव ने पोषण से जुड़ी समस्याओं पर फोकस करने के साथ हाशिए पर खड़े लोगों के सतत विकास पर फोकस करने को कहा।

मुख्य सचिव ने हाथ की सफाई को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए यूनिसेफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि के क्षेत्र में भी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर लोगों को जागरूक और सक्षम बनायें।

उसके पहले यूनिसेफ ने झारखंड में बच्चों को लेकर किये जा रहे कार्यों और उपलब्धियों को लेकर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में सचिव मस्त राम मीणा, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, उमाशंकर सिंह, नेहा अरोड़ा और यूनिसेफ की झारखंड प्रमुख कानिनिका मित्रा और उनके सहयोगी उपस्थित थें।

## अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मिले मंत्री

- पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की मुख्यमंत्री ने ली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफानन अंसारी को निदेश दिया कि इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा को हर जरूरी चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करवाते हुए हुए उन्हें सूचित करें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक्स में माध्यम से कहा कि झारखण्ड सरकार विमल लकड़ा जी के साथ पूरी तरह खड़ी है। उनके परिवार को भरोसा दिलाया कि इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री सुदिव्य कुमार को निदेश दिया था कि वे अस्पताल जाकर इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाक़ात करें । मंत्री सुदिव्य कुमार ने एक्स के माध्यम से बतलाया कि उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के निर्देश पर अस्पताल जाकर इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा एवं उनकी पत्नी से मुलाक़ात की। उन्होंने डॉ. संजय से विमल लकड़ा के स्वास्थ्य एवं इलाज की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

मालूम हो कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा सोमवार को खेत मे बेहोश पाए गए। उन्हें इलाज के लिए रांची के क्यूरेसेटा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष और सिमडेगा हॉकी के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने बताया कि वे गांव में अपने खेत गए हुए थे जहां वह बेहोश हो गए थे। 45 साल के बिमल लकड़ा को प्राथमिक चिकित्सा के लिए कुरड़ेग ले जाया गया, जहां से उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सिमडेगा में उनका सिटी स्कैन किया गया। उनके सिर में खून का थक्का दिखाई दिया। डॉक्टरों के परामर्श से उन्हें रांची ले जाया गया है। उन्हें क्यूरेसेटा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

## आदिवासियों की सबसे ज्यादा विरोधी कांग्रेस पार्टी रही है : प्रतुल शाहदेव

- जिनका आदिवासियों पर जुल्म करने का इतिहास रहा हो,वे घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें
- देश की प्रथम आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कांग्रेस ने वोट किया था

नवीन मेल संवाददाता



रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पार्टी पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम नेता वर्तमान में आदिवासियों के हितों के लिए आंसू बहाने का नाटक कर रहे हैं। जबकि इनका इतिहास आदिवासियों पर अत्याचार से भरा हुआ है। प्रतुल ने कहा कि सरायकेला खरसावां गोली कांड में हजारों आदिवासियों को गोली मार दिया गया था। गुआ गोली कांड में झारखंड आंदोलनकरियों को थाने के हाजत से बाहर निकालकर गोली मार दी गई थी। दोनों समय कांग्रेस की ही सरकार प्रदेश में थी। मामले को रफा दफा कर दिया गया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड आंदोलन की सबसे बड़ी विरोधी कांग्रेस पार्टी ही रही थी। आंदोलनकारी पर जुल्म ढाया गया था। कांग्रेस ने आजादी के बाद से इस मांग को लंबे समय तक लटका कर रखा। आवश्यकता पड़ने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को खरीद भी लिया लेकिन अलग राज्य नहीं दिया था।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जब देश को पहली बार एक आदिवासी राष्ट्रपति मिलने वाली थी तो कांग्रेस ने पूरे देश में द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ वोटिंग की थी। कांग्रेस ने अपने अधिकांश सहयोगी दलों से भी द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ वोट दिलाया था। उसे समय इनका आदिवासी प्रेम गायब हो गया था। ये घटना इनका आदिवासियों के प्रति असली सच को उजागर करता है।

प्रतुल ने कहा कि आदिवासियों के नाम पर आज घड़ियाली आंसू बहने वाली कांग्रेस का पूरा इतिहास आदिवासियों पर जुल्म से भरा हुआ है। इस पाप को वह कितना भी धोने की कोशिश करें, वह नहीं धुलने वाला है क्योंकि दाग बहुत काले हैं।

## आवेश में आकर सिलवटे से मार कर की हत्या, आरोपी हुआ गिरफ्तार

- अपने ही चचेरे भाई ने कि हत्या, चढ़ा पुलिस के हत्थे

नवीन मेल संवाददाता




रांची। राजधानी के इटकी थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तर। दरअसल, 27 जून को अज्ञात अपराधियों ने रांची स्थित इटकी निवासी उत्तम मलार की हत्या कर दी थी। जिसकी जानकारी इटकी थाना पुलिस को दी गई। आरोपियों के गिरफ़्तारी के लिए डीआईजी सह एसएसपी के द्वारा पुलिस ग्रामीण एसपी के निर्देशन में पुलिस बेडो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल अपराधकर्मी दीपक मलार जो कि मृतक के साढू का बेटा है, को गिरफ्तार किया गया। दीपक मलार के निशानदेही के आधार पर घटना में प्रयुक्त पत्थर के सिलवट को बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि मृतक उत्तम मलार ने नशे की हालत में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट कर घर से भगा दिया था। उसी क्रम में मृतक के साढू का लड़का दीपक मलार जो उत्तम मलार के घर अपना मोबाईल चार्ज में लगाया हुआ था। इसी दौरान उत्तम मलार उसका मोबाईल छीनने लगा। इस बीच लड़ाई बढ़ गई और दीपक मलार ने पत्थर के सिलवट को लेकर उत्तम मलार के सिर पर वार कर दिया, जिससे उत्तम मलार लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा और कुछ हीं देर में मृत्यु हो गई।

एक अन्य मामले में नरकोपी थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार। दरअसल 27 जून रात अज्ञात अपराधियों ने सोमनाथ उराँव नामक व्यक्ति कि हत्या कर दी थी। जिसकी जानकरी मृतक की मां कामेश्वरी देवी के द्वारा थाना में दिया गया। आरोपियों कि गिरफ्तारी के लिए डीआईजी सह एसएसपी के द्वारा ग्रामीण एसपी के निर्देशन में पुलिस बेडो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल अपराधी झारिया उरांव जो की मृतक का चचेरा भाई है, को गिरफ्तार किया गया।

### छिनतई के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रांची। लोअर बाजार थाना पुलिस ने छिनतई मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मामले कि जानकारी देते हुए मंगलवार को डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया 19 जून को संगीता कुमारी ने गणपत नगर घुमसा टोली के चुटिया बैंक ऑफ इंडिया के बहू बाजार शाखा से पचास हजार रुपए की निकासी कर 11.30 बजे दिन में अपने घर जा रही थी और जैसे ही अपने घर के पास पहुंची थी की एकाएक एक लड़का इनके हाथ से बैग छीनकर पैदल ही तेजी से भाग गया। उस समय काफी तेज बारिश होने के कारण संगीता आरोपी को अच्छे से नही देख सकी। जांच के दौरान आरोपी के भागने की दिशा में सीसीटीवी और तकनीकी सहयोग के साथ आरोपी की पहचान करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से लूटा हुआ पचास हजार रुपया में से 40850/- रुपया एवं अन्य सामान की बरामदगी की गई है।

## पौधा दुकानदारों को हटाकर कर किया गया अतिक्रमण मुक्त, होगा सौन्दर्यीकरण





नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी स्थित कचहरी में पौधा दुकानदारों को डीसी के आदेश पर निगम ने दुकानदारों के लिए नोटिस जारी किया था जिसके बाद सभी ने शनिवार को दुकाने हटाई। दरअसल, 3 जुलाई को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन होना है जिसे लेकर पुरे इलाकें को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। हटाए जाने के बावजूद अभी भी कुछ दुकानदार पौधे बेच रहे हैं। पूछे जाने पर दुकानदारों ने कहा थोड़े बहुत पौधे बचें है जिसे बेच रहे हैं बाकी सारे पौधे दूसरे जगह पर पहुंचाया जा चुका है। रांची नगर निगम के मिली जानकारी के अनुसार उस जगह का सौन्दर्यकरण किया जाएगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है की वहां पार्क बनाई जाएगी या पार्किंग।

गोल व फिटजी संस्थानों के ऊपर फर्जीवाड़े का आरोप, मामला दर्ज

## नन स्कूलिंग कराने वाले संस्थानों को पासवा ने दी चेतावनी, जल्द करें बंद

नवीन मेल संवाददाता



- डोरंडा थाना में हुआ मामला दर्ज

रांची। प्राइवेट अकादमी स्कूल और वेलफेयर एसोसिएशन यानि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने जीओएएल इंस्टीट्यूट के निदेशक बिपिन कुमार सिंह के खिलाफ फर्जीवाड़ा, धोखाधड़ी और बच्चों को नन स्कूलिंग कराने के आरोप में डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके साथ ही फिटजी इंस्टीट्यूट के खिलाफ भी एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले पर आलोक दूबे ने बताया कि जीओएएल इंस्टीट्यूट और फिटजी संस्थान दोनों ही संस्थान झारखंड में छात्रों से लाखों-करोड़ों रुपये लेकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फिटजी इंस्टीट्यूट ने जनवरी 2025 में झारखंड के छात्रों से बड़ी रकम लेकर संस्थान बंद कर दिया था और फिर रांची के डोरंडा और लालपुर में अपने कोचिंग सेंटर खोलकर छात्रों से दोबारा रूपये ले रहा है और उगाही कर रहा है।

डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका कुमार ने आवेदन स्वीकार कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि जीओएएल और फिटजी दोनों ही संस्थान लालपुर में स्थित हैं, इसलिए जल्द ही लालपुर थाना में भी प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। आलोक दूबे ने कहा- जब तक झारखंड में कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए नियमावली नहीं बनाई जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्य सचिव अलका तिवारी से मुलाकात कर समुचित कार्रवाई की मांग करेगा। आलोक दूबे ने राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों से अपील की है कि वे नन स्कूलिंग कराने की गैर-कानूनी गतिविधियों को बंद करें, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहे।

## सिविल सर्जन कार्यालय में दस्त रोकथाम अभियान शुरू

नवीन मेल संवाददाता




रांची। रांची जिला में एक जुलाई से 14 अगस्त तक दस्त रोकथाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय में किया गया। कार्यालय मे सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार,डीटीओ डॉ एस बास्की, डीपीएम प्रवीण कुमार, डीपीसी प्रीति चौधरी चौधरी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया की चाइल्डहुड डायरिया एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है तकरीबन सभी अंडर -5 मृत्यु में 4.8% मृत्यु चाइल्डहुड डायरिया के कारण होती है। इसमें से ज्यादातर मृत्यु को समय पर पहचान तथा डिहाइड्रेशन को समय पर प्रबंधन करके रोका जा सकता है। जब भी बच्चों को डायरिया हो तो उन्हें ओआरएस एवं जिंक सप्लीमेंट के साथ पर्याप्त पोषण दिया जाना चाहिए ताकि वे जल्दी स्वस्थ हो सके।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष तक के बच्चों को आवश्यकता अनुसार ओआरएस एवं जिंक की गोली सहिया के माध्यम से घर-घर जाकर दी जाएगी। दस्त के उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में ओरआरएस एवं जिंक कॉर्नर की स्थापना की गई है जहां से लोग निशुल्क इसे ले सकते हैं।

शांति समिति | मोहर्रम पर्व को लेकर बैठक जिला प्रशासन ने की बैठक

# बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने का होगा प्रयास : उपायुक्त

- सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

नवीन मेल संवाददाता




रांची। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में मोहर्रम को लेकर मंगलवार को केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर एवं शहर अजित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी, राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक यातायात संबंधित पुलिस पदाधिकारी, सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा एवं शांति समिति के प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से मोहर्रम के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस निर्गत करने आदि पर अपने-अपने सुझाव देते हुए प्रतिनिधियों ने सांप्रदायिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की बात कही।

उपायुक्त ने कहा कि साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस निर्गत करने आदि पर सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि एवं विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं, उस पर ध्यान देते हुए प्रशासन की ओर से बेहतर से बेहतर व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने शांति समिति के साथ-साथ सभी लोगों से आग्रह किया कि अफवाह फैलने की स्थिति में ससमय जानकारी दें ताकि त्वरित नियंत्रण किया जा सके।

### छोटी बात को बड़ा न बनने दें : एसएसपी

डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि छोटी बात को बड़ा न बनने दें, ऐसी स्थिति में सबसे पहले जानकारी अपने खलीफा को दें। अगर मामला नहीं सुलझता है तो थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी और फिर बड़े अधिकारियों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातें ही बड़ी बन जाती हैं, प्रयास करें कि मामले को तुरंत सुलझा लिया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस समय पर निकले और समय पर वापस आ जायें इसका ध्यान रखें। एसएसपी ने कहा कि पर्व के दौरान ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**टंडवा में युवक को पोल से बांधकर की...**

तंत्र या निजी सज़ा देने की प्रवृत्ति को स्वीकार नहीं किया जा सकता। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि अगर किसी पर आरोप है, तो उसकी जांच का अधिकार कानून और अदालत को है। इस तरह की तालिबानी मानसिकता समाज में अराजकता फैला सकती है। लोगों ने मांग कि है कि वायरल वीडियो और पीड़ित के बयान के आधार पर दोषी को अविलंब गिरफ्तार कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में कानून का भय और व्यवस्था की गरिमा कायम रह सके। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले की जांच जारी है और जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क नहीं, कंधों पर जिंदगी!...**

चैनपुर प्रखंड के सोकराहातु गांव की पक्की सड़क तक पहुंचाया, जहां से गाड़ी से उन्हें गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में हालात और भी खराब हो जाते हैं। सड़क के अभाव में न तो एंबुलेंस पहुंच पाती है और न ही बाइक। कीचड़, फिसलन और जंगली जानवरों के खतरे के बीच ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालने को विवश हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पक्की सड़क निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**3.5 करोड़ नौकरियों के अवसर, 1 लाख करोड़...**

विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ताओं को 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारियों के संबंध में प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्ष तक 3,000 रुपए प्रतिमाह तक का प्रोत्साहन देगी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी बढ़ाया जाएगा। ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम छह महीने के लिए निरंतर आधार पर कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी (50 से कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) या पांच अतिरिक्त कर्मचारी (50 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) नियुक्त करने की आवश्यकता होगी। प्रोत्साहन स्ट्रक्चर इस प्रकार होगा कि 10,000 रुपए के ईपीएफ वेतन स्लैब वाले अतिरिक्त कर्मचारी के लिए नियोक्ता को प्रोत्साहन के रूप में 1,000 रुपए मिलेंगे। 10,000 से 20,000 रुपए के वेतन स्लैब के लिए नियोक्ता को प्रति कर्मचारी 2,000 रुपए का प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि 20,000 रुपए से अधिक और 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारी के लिए प्रोत्साहन 3,000 रुपए तक होगा। इस भाग से लगभग 2.60 करोड़ लोगों के अतिरिक्त रोजगार के सृजन के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि योजना के पहले भाग के तहत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को सभी पेमेंट 'आधार ब्रिज पेमेंट सिस्टम' का उपयोग कर डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) मोड के माध्यम से किए जाएंगे। भाग बी के तहत नियोक्ताओं को भुगतान सीधे उनके पैन-लिंक्ड खातों में किया जाएगा।

**रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर...**

नितिन गडकरी इसका लोकार्पण कर रांचीवासियों को बड़ी सौगात देंगे।

**पीएम मोदी और नितिन गडकरी ने सपना किया पूरा-संजय सेठ :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक सपने के पूरा होने जैसा है। रातू रोड सहित रांचीवासियों का यह सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरा कर दिया है।

**558 करोड़ से बना है एलिवेटेड कॉरिडोर :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि अब यह रांचीवासियों की जिम्मेदारी है कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर को स्वच्छ और सुंदर बना कर रखें। उन्होंने आग्रह किया कि 558 करोड़ रुपए की लागत से इस कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज महतो, सन्नी टोप्पो मौजूद थे।

**माओवादियों के खिलाफ अभियान...**

**बैठक में हुई प्रमुख चर्चा :** बैठक में राज्य में नक्सलवाद की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय माओवादी एवं उनके सहयोगी गुटों के खिलाफ सटीक सूचना एकत्र कर सघन नक्सल विरोधी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, थाना स्तर पर खुफिया तंत्र को मजबूत करने, हाल के दिनों में जेल से रिहा या जमानत पर छूटे नक्सलियों की निगरानी करने और उनके सहयोगियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात पर विशेष जोर दिया गया। **निवारक कार्रवाई के निर्देश :** बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि नक्सलियों की गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई बेहद जरूरी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे स्थानीय स्तर पर खुफिया सूचना नेटवर्क को सक्रिय करें और हर संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस बैठक से यह संकेत मिला है कि राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियां नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सुरक्षा तंत्र को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में जुटी हुई हैं। आने वाले दिनों में नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की सक्रियता और अभियान में तेजी देखी जा सकती है।

**गढ़वा में फोरलेन उद्घाटन को लेकर...**

पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा और इसके लिए पुलिस बल पूरी तरह से सतर्क एवं तैयार है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत होगी कि किसी प्रकार की अव्यवस्था की कोई संभावना नहीं रहेगी।

डीआईजी ने कहा कि यह फोरलेन सड़क गढ़वा जिलेवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है, जो क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। निरीक्षण के दौरान गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी भी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों और समन्वय को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी मुस्तैदी से जुटा है।

## तेंदुलकर एंडरसन ट्रॉफी : बर्मिंघम टेस्ट में 3 बदलाव कर सकता है भारत

# शार्दूल और जडेजा की जगह ले सकते हैं नीतीश-सुंदर, कुलदीप की वापसी संभव

**भारत बनाम इंग्लैंड**

**बर्मिंघम । एजेंसी**

भारतीय टीम बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 3 बदलाव के साथ उतर सकती है। एजबेस्टन मैदान पर 2 जुलाई से शुरू होने जा रहे सीरीज के दूसरे मैच में टॉप ऑर्डर बल्लेबाज साई सुदर्शन, ऑलराउंडर शॉर्दूल ठाकुर और रवींद्र जडेजा को बेंच पर बैठाया जा सकता है। इनकी जगह बैटिंग ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जा सकता है। कुलदीप यादव की वापसी भी हो सकती है। भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने सोमवार को कहा था- 'एजबेस्टन में भारतीय टीम 2 स्पिनर्स को मैदान पर उतारेगी। बुमराह चयन के लिए अवेलेबल हैं, लेकिन उनके खेलने न खेलने पर फैसला अगले 24 घंटों में लिया जाएगा। फिलहाल, शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 0-1 से पिछड़ गई है। टीम को पहले टेस्ट में 5 विकेट की हार झेलनी पड़ी थी। 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए इंडिया को दूसरा टेस्ट जीतना होगा।

### बर्मिंघम टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11



बैटिंग में एक बदलाव संभव, साई किशोर ड्रॉप हो सकते हैं लीड्स टेस्ट में भारतीय टीम 5 शतक के बावजूद हार गई थी। ऐसे में बैटिंग डिपार्टमेंट में एक बदलाव संभव है। साई सुदर्शन को बाहर बैठाया जा सकता है। उनकी जगह करुण नायर को नंबर-3 पर आजमाया जा सकता है। दोनों पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में साई ने 30 और करुण नायर ने 20 रन स्कोर किए थे। इन दोनों के अलावा सभी बैटर्स ने रन बनाए। इसलिए शेष बल्लेबाजी में बदलाव की गुंजाइश नहीं है। ओपनर यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल ने एक-एक शतक लगाए। ऋषभ पंत ने तो दोनों पारियों में शतक बनाया।

## विजय अभियान को जारी रखना चाहेगी भारतीय टीम, हरमनप्रीत की वापसी संभव

● **मंधाना की इस पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई**

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में 97 रन से करारी शिकस्त देने के बाद भारतीय महिला टीम अब अगले मुकाबले के लिए तैयार है। मंगलवार को ब्रिस्टल में दोनों टीमें पांच मुकाबलों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेलेंगी। भारतीय महिला टीम ने 28 जून को खेले गए सीरीज के शुरुआती मुकाबले में 210 रन बनाए थे। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने 112 रन की शतकीय पारी खेली थी। इसके जवाब में इंग्लैंड 14.5 ओवरों में महज 113 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम पर शानदार जीत के बाद भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर टी20 सीरीज की शुरुआत से ठीक पहले प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हो गई थीं, जिसके चलते उन्हें पहले मुकाबले से आराम दिया गया। हालांकि, अब दूसरे टी20 मुकाबले में हरमनप्रीत कौर के उतरने की संभावना नजर आ रही है।

## सीरीज बराबरी पर लाना चाहेगी टीम इंडिया जानिए कैसा रहेगा पिच और मौसम का मिजाज?

● **मेहमान टीम (भारत) प्लेइंग इलेवन में बदलाव के साथ मैदान में उतर सकती है**

**नई दिल्ली ।** भारत-इंग्लैंड के बीच दो जुलाई से दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत होने जा रही है। पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से गंवाने के बाद टीम इंडिया के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। फिलहाल टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पिछड़ चुकी है और अगले मुकाबले में जीत ही उसे सीरीज में 1-1 से बराबरी पर ला सकती है। दोनों टीमें एजबेस्टन में आमने-सामने होंगी, जिसमें मेहमान टीम प्लेइंग इलेवन में बदलाव के साथ उतर सकती है। भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह के स्थान पर कुलदीप यादव को मौका दिया जा सकता है। वहीं, इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया है। एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड की बात करें, तो मैच की शुरुआत में पिच से गति और उछाल हासिल हो सकता है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाजों का सामना करना कुछ हद तक मुश्किल हो सकता है।

**क्लब विश्व कप**

## मैनचेस्टर सिटी को हराकर क्वार्टर फाइनल में अल हिलाल

**ऑरलैंडो (आईएएनएस)**

मार्कोस लियोनार्डो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल हिलाल को मैनचेस्टर सिटी पर 4-3 से जीत दिलाई। इसी के साथ टीम ने फीफा क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बर्नार्डो सिल्वा ने नौवें मिनट में ही गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने लगातार कोशिशें कीं, लेकिन कोई और गोल इस हाफ में नहीं आया। दूसरे हाफ में मार्कोस लियोनार्डो (46) और मैल्कम (52) ने गोल दागकर अल-हिलाल को 2-1 से आगे कर दिया, लेकिन तीन मिनट बाद ही एरलिंग हैलैंड (55) ने गोल दागकर जल्दी ही मैनचेस्टर सिटी को बराबरी पर ला दिया। अल-हिलाल ने अतिरिक्त समय में कलिडौ कौलीबाली (94) की मदद से फिर से बढ़त हासिल की, लेकिन फिल फोडेन के 100वें सिटी गोल ने सिटी को बराबरी पर ला दिया।

लियोनार्डो अल-हिलाल के लिए मैच विजेता साबित हुए। लियोनार्डो ने 112वें मिनट में गोल दागकर अल-हिलाल को 4-3 से आगे कर दिया। मैच के बाद कलिडौ कौलीबाली ने कहा, "हम जानते थे कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ एक कठिन खेल था। हम अपने विचारों, अपनी प्रतिभा, अपनी ताकत को दिखाना चाहते थे। मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छा खेल खेला। रक्षात्मक रूप से हम बहुत मजबूत थे।

## हॉकी : यूरोप दौरे पर इंडिया-ए की कमान संभालेंगे संजय

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यूरोप के आगामी दौरे के लिए इंडिया-ए पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 8 से 20 जुलाई तक चलेगा। भारत के इस यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले जाएंगे, जिसका उद्देश्य उभरते और अनुभवी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है। इंडिया-ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि उसे इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मुकाबला खेलना है। 20 सदस्यीय टीम में अनुभवी और होनहार युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है, जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में प्रभावित किया है। इंडिया-ए टीम की कप्तानी संजय करेंगे, जबकि मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत की टीम में गोलकीपर पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार और डिफेंडर प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद और संजय शामिल हैं।

मिडफील्डर्स में पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह मौजूद हैं, जबकि फॉरवर्ड लाइन-अप में अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लालगे, सेल्वम कार्ति और उत्तम सिंह हैं। स्टैंडबाय खिलाड़ियों की लिस्ट में गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको शामिल हैं। यूरोप के दौरे पर टीम को शिवेंद्र सिंह ट्रेनिंग देंगे, जो पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच भी हैं। शिवेंद्र सिंह बेहद अनुभवी हैं। वह आक्रामक खेल पर खासा ध्यान देते हैं।

### यूरोप दौरे के लिए भारत-ए की टीम

- **गोलकीपर:** पवन, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार।
- **डिफेंडर:** प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, संजय (कप्तान) और प्रमोद।
- **मिडफील्डर:** पूवन्ना चंदूरा बॉबीमोहम्मद राहील मौसीन, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह (उप-कप्तान), विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह।
- **फॉरवर्ड:** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लालगे, सेल्वम कार्ति और उत्तम सिंह।
- **स्टैंडबाय:** अंकित मलिक (गोलकीपर), सुनील जोजो (डिफेंडर) और सुदीप चिरमाको (फॉरवर्ड)।

## 'हम करके दिखाते हैं' : अदाणी ग्रुप के अशोक परमार ने गोल्ड मेडल जीतकर दिखाई असाधारण दृढ़ता



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

गुजरात स्टेट बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में अदाणी समूह के अशोक परमार ने अपनी असाधारण दृढ़ता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। परमार ने दिव्यांग होने के बावजूद, सामान्य श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया, जो उनकी प्रेरणादायक यात्रा का प्रतीक है। पॉवरलिफ्टिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन गुजरात द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर और मास्टर्स स्तर पर पुरुष और महिला श्रेणियां शामिल थीं। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने एक्स पोस्ट के जरिए कहा, "अशोक परमार को किसी अलग श्रेणी की जरूरत नहीं थी। उन्होंने हर प्रतियोगी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होकर गोल्ड मेडल जीता। हां, अशोक एक दिव्यांग हैं, लेकिन हम अपवाद नहीं मांगते, हम संभव को फिर से परिभाषित करते हैं।

## नए सीजन में शामिल हुईं दो नई फ्रेंचाइजी नीलामी में होंगे 10 से ज्यादा आईपीएल खिलाड़ी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

**डीपीएल-2**




दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने मंगलवार को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन से पहले लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने का ऐलान किया है। 'आउटर दिल्ली' फ्रेंचाइजी को सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपये में खरीदा है। वहीं, 'नई दिल्ली' फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के साझा समूह ने 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा है। इस विस्तार से लीग में पुरुष टीमों की संख्या छह से बढ़कर आठ हो गई है। इससे पहले लीग में छह फ्रेंचाइजी (सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली-6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस) थीं। डीपीएल सीजन-2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6-7 जुलाई को दिल्ली में होगी। पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, जिसके बाद महिला खिलाड़ियों की नीलामी 7 जुलाई को होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी में कई बेहतरीन क्रिकेटर शामिल होंगे। इनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे भी हैं। डीपीएल की वापसी पर बोलते हुए, डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, "दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट कल्चर का जश्न है। सीजन-1 में हमने जिस तरह का टैलेंट देखा, वह वाकई आशाजनक था। इस विस्तार के साथ, हम और भी अधिक खिलाड़ियों को चमक बिखेरने के लिए मंच दे रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, "प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य खिलाड़ियों ने डीपीएल और आईपीएल-2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह अनुभव फ्रेंचाइजी, खिलाड़ियों और फैंस के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो।

## रिटायरमेंट को लेकर नाथन लियोन ने फैंस के सामने रखी दिल की बात

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन का अभी रिटायरमेंट लेने का कोई विचार नहीं है। यह 37 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी अपने करियर के अंत से पहले इंग्लैंड और भारत में सीरीज जीतने के साथ-साथ एक और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना चाहता है। साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था। इसमें लियोन ने अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद नाथन लियोन बीते महीने लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल का हिस्सा रहे, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त झेलनी पड़ी थी। नाथन लियोन ने साल 2011 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था। लियोन ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की शानदार जीत में तीन विकेट अपने नाम किए थे। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' ने नाथन लियोन के हवाले से कहा, "मैंने हमेशा कहा है कि मैं भारत में जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में जीतना चाहता हूं। हमें कुछ सालों में वह मौका मिल जाएगा, लेकिन हमें टेस्ट-दर-टेस्ट खेलना होगा।

**रवि शास्त्री की सलाह**

## टेस्ट सीरीज में वापसी के लिए टीम इंडिया तुरंत करे पलटवार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए मैसेज भेजा है। शास्त्री ने कहा कि शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को पांच मैचों की सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा। टीम इंडिया को पूरे मैच में दबदबा बनाए रखने के बावजूद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू से कहा, "भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह तुरंत जवाबी हमला करे। जब आप इस तरह का टेस्ट मैच हारते हैं, एक ऐसा मुकाबला जिसमें आप ज्यादातर समय हावी रहते हैं और फिर आखिरी दिन हार जाते हैं। इंग्लैंड को अपना संयम बनाए रखने के लिए पूरा क्रेडिट मिलता हैं। ऐसे में सीरीज में वापसी करने के लिए बहुत अधिक जज्बे की जरूरत होती है।

उन्होंने आगे कहा, "अभी भी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने पर सवाल बना हुआ है, क्योंकि उनके वर्कलोड को मैनेज किया जा रहा है, जबकि टीम इस बात पर भी विचार कर रही है कि स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की मदद के लिए दूसरे स्पिनर को टीम में शामिल किया जाए, या नहीं। शास्त्री ने कहा, "अब, बुमराह खेलेंगे या नहीं, यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उम्मीद करते हैं कि वह खेलेंगे, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। बस आपको एक बार में एक मैच पर ध्यान देना है। यह पांच मैचों की सीरीज है। भारत वापसी की उम्मीद कर रहा होगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जीएसटी से बढ़ी करदाताओं की संख्या : मनोरंजन शर्मा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इन्फोमेरिक्स रेटिंग के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने मंगलवार को कहा कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) बीते एक दशक में देश में हुए सबसे अहम सुधारों में से एक है। इससे देश में करदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है, साथ ही पहले के मुकाबले व्यापार करने में भी आसानी हुई है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए मनोरंजन शर्मा ने कहा, "बीते एक दशक में देश में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, उसमें से जीएसटी काफी अहम था। यह इसके आंकड़ों से भी स्पष्ट होता है। वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी एकत्रित हुआ था, इस दौरान औसत जीएसटी कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपए रहा, जो कि पिछले साल के मुकाबले 9 प्रतिशत से भी अधिक है। वहीं, पहले वित्त वर्ष 2020-21 में जीएसटी कलेक्शन 11.37 लाख करोड़ रुपए था। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर सुधार किए जाने के कारण जीएसटी में करदाताओं की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अब यह बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है, जो कि जीएसटी लागू होने के समय करीब 60 लाख थी। आईएएनएस से अर्थशास्त्री ने कहा कि शुरुआत में जीएसटी लागू होने के बाद इसमें कुछ समस्याएं आई थीं, लेकिन सरकार ने समय रहते कार्रवाई करके इन्हें दूर कर लिया और इसके बाद जीएसटी के चलन में लगातार इजाफा हो रहा है और यह देश के लिए बहुत शुभ संकेत है। हाल ही में आए डेलॉइट के एक सर्वे, जिसमें कहा गया था कि 85 प्रतिशत कारोबारियों का मानना है कि जीएसटी का उनके कारोबार पर सकारात्मक प्रभाव हुआ है।

## कोयला मंत्रालय सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम वेब पोर्टल पर एक्सप्लोरेशन मॉड्यूल लॉन्च करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



● **यह पहल राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) लक्ष्यों में योगदान देगी**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोल एक्सप्लोरेशन वैल्यू चेन के एंड-टू-एंड डिजिटलीकरण को प्राप्त करने की दिशा में कोयला मंत्रालय सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम वेब पोर्टल पर एक्सप्लोरेशन मॉड्यूल लॉन्च करने के लिए तैयार है। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) के माध्यम से 4 जुलाई को लॉन्च किए जाने वाले इस मॉड्यूल से अलॉटी को उनके एक्सप्लोरेशन प्रपोजल ऑनलाइन सबमिट करने की सुविधा मिलेगी, जिसे फिर मंत्रालय द्वारा इंटीग्रेटेड सिस्टम के माध्यम से प्रोसेस और अप्रूव किया जाएगा। यह मॉड्यूल भूवैज्ञानिक रिपोर्ट की स्वीकृति सहित कोयले की खोज की पूरी प्रक्रिया को कवर करता है, जिसमें एक्सप्लोरेशन स्कीम की जांच करना, समय-समय पर प्रोग्रेस अपडेट प्रस्तुत करना, टिप्पणियों के सभी संचार के साथ भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना और अनुमोदन करना, अनुपालन अपलोड करना और फाइनल अप्रूवल सभी सिंगल डिजिटल इंटरफेस में होगा। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह प्रत्येक चरण के लिए स्ट्रक्चर्ड टाइमलाइन्स बनाए रखते हुए एक्सप्लोरेशन डेटा की प्रोसेसिंग और अप्रूवल में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है, "रियल टाइम ट्रैकिंग के साथ, ऑटोमेटेड डिजिटल डॉक्युमेंट मैनेजमेंट और इंटीग्रेटेड डैशबोर्ड के साथ, यह मॉड्यूल एक्सप्लोरेशन प्रपोजल की प्रोसेसिंग के लिए आवश्यक समय को काफी कम करने के लिए तैयार है। सीएमपीडीआईएल के सहयोग से विकसित, मॉड्यूल ई-गवर्नेंस और तकनीकी सत्यापन में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाता है। यह कोल रिसोर्स असेस्मेंट की निगरानी को सक्षम करेगा और मंत्रालय के कोयला ब्लॉक आवंटन में सुधार पेश करेगा। इस प्रकार एक्सप्लोरेशन मॉड्यूल की शुरुआत भारत के कोयला क्षेत्र में उत्पादकता, डेटा पारदर्शिता और अप्रूवल की गति को बढ़ाने में एक परिवर्तनकारी कदम होगा, जो राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्यों में योगदान देगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और डिजिटल रूप से सशक्त इकोसिस्टम के दृष्टिकोण के अनुरूप, कोयला मंत्रालय सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम (एसडब्ल्यूसीएस) की क्षमताओं का विस्तार कर अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा जारी रखता है। 11 जनवरी, 2021 को लॉन्च किया गया एसडब्ल्यूसीएस एक अग्रणी पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में कोयला खदानों के संचालन और कोयला उत्पादन को बढ़ाने के लिए आवश्यक सभी आवश्यक मंजूरी और अप्रूवल प्राप्त करने के लिए एक इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करना है।

## नैसकॉम ने भारत के फ्यूचर डिजिटल वर्कफोर्स को आगे बढ़ाने के लिए टैलेंट काउंसिल के गठन की घोषणा की



**नई दिल्ली (आईएएनएस) ।** नैसकॉम ने मंगलवार को भारत की स्थिति ग्लोबल टेक्नोलॉजी टैलेंट हब के रूप में मजबूत बनाने के लिए अपनी नई टैलेंट काउंसिल के गठन की घोषणा की। यह एक रणनीतिक उद्योग-नेतृत्व वाली पहल है, जो भविष्य के लिए तैयार, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी डिजिटल वर्कफोर्स के निर्माण के लिए डेडिकेटेड है। आईटी उद्योग के शीर्ष निकाय ने इंफोसिस के मुख्य वितरण अधिकारी सतीश एचसी को नैसकॉम टैलेंट काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में भी नियुक्त किया। नैसकॉम ने एक बयान में कहा कि ग्लोबल टैलेंट स्ट्रैटेजी, इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ वह वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी, हाई-ट्रस्ट इंडस्ट्री वर्कफोर्स को आकार देने के लिए काउंसिल के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। यह पहल इनोवेशन को बढ़ावा देने, डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने और एक मजबूत और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी वर्कफोर्स का निर्माण कर समावेशी विकास को सक्षम करने की दिशा में नैसकॉम की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

## हल्की तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हल्के हरे निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 90.83 अंक या 0.11 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 83,697.29 पर और निफ्टी 24.75 अंक या 0.10 प्रतिशत की हल्की तेजी के साथ 25,541.80 पर बंद हुआ। बाजार को हरे निशान में रखने का काम बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टीबैंक 146.70 अंक या 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,459.45 पर बंद हुआ। इसके अतिरिक्त, पीएसयू बैंक, मेटल, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रास्ट्रक्चर और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। वहीं, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बीईएल, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टाइटन, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एचयूएल, बजाज फाइनेंस और एसबीआई गेनर्स थे। एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटरनल (जोमैटो), टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और सन फार्मा लूजर्स थे।

## देश में रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगा एसबीआई, 40 लाख घरों को होगा फायदा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) अगले दो वर्षों में 40 लाख घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने में मदद करेगा। एसबीआई की इस नीति से देश में रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने आधिकारिक बयान में कहा, "भारत के रिन्यूएबल एनर्जी ट्रांजिशन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए, एसबीआई के सोलर रूफटॉप कार्यक्रम का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 तक 40 लाख घरों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित करना है, जिससे भारत के नेट जीरो 2070 लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके। बैंक की ओर से यह ऐलान अपने 70 वर्ष पूरे होने पर किया गया है। 1 जुलाई, 1955 को एसबीआई ने देश में कारोबार शुरू किया था।

## एसबीआई की बैलेंस शीट ऐतिहासिक स्तर पर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान में उसका वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 1.1 प्रतिशत और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 16 प्रतिशत योगदान है। साथ ही, बैंक ने बताया कि सभी सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन में अब बैंक की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

बैंक ने बताया कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) में एसबीआई ने 15 करोड़ खाते खोले हैं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 14.6 करोड़ लोगों का पंजीकरण किया है। वहीं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत 6.7 करोड़ और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में 1.73 करोड़ लोगों को नामांकित किया है। एसबीआई के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में बैंक का सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लाभ में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। वहीं, कॉर्पोरेट आयकर (वित्त वर्ष 2026) में 2.53 प्रतिशत का योगदान था।